RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 227
नई दिल्ली, शुक्रवार, 23 जून, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





नौ साल में 1.25 करोड़ नए रोजगार पैदा हुए

राष्ट्रीय-11

# भारत-अमेरिका के डीएनए में है लोकतंत्र

## मोदी और बाइडन ने जारी किया संयुक्त बयान, दोनों देशों के बीच रक्षा, अंतरिक्ष और व्यापार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण करार

- अर्टेमिस संधि में शामिल होगा भारत, अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर संयुक्त मिशन भेजेगा
- भारत में होगा लड़ाकू विमानों के इंजन संयुक्त उत्पादन, एमक्यू-9 रीपर सशस्त्र ड्रोन की खरीद को लेकर समझौता



वाशिंगटन स्थित ह्वाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**पीएनएस/एजेंसी।** नई दिल्ली/वाशिंगटन

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ द्विपक्षीय चर्चा की। इसके बाद दोनों नेताओं ने साझा बयान जारी किया और प्रेस के सवालों के जवाब दिए। पीएम मोदी ने भारत में मानवाधिकारों के उल्लंघन पर उठाए गए एक सवाल के जवाब में कहा- जैसा कि राष्ट्रपति बाइडन कहते हैं, लोकतंत्र भारत और अमेरिका के डीएनए में है। भारत में किसी आधार पर भेदभाव नहीं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति बाइडन के साथ आज की बातचीत के बाद भारत और अमेरिका के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी एक नए स्तर पर पहुंच गई है। वहीं संयुक्त बयान में अमेरिका राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि भारत और अमेरिका रिश्तों में असीमित संभावनाएं है। प्रधानमंत्री मोदी और मैंने लोकतांत्रिक मूल्यों को लेकर अच्छी चर्चा की। भारत के साथ यह साझेदारी दुनिया की सबसे महत्वपूर्ण साझेदारी में से एक है जो इतिहास में किसी भी समय अधिक मजबूत, करीबी और अधिक गतिशील है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बताया कि भारत नासा के आर्टेमिस संधि का हिस्सा बनेगा। इसके तहत 2024 में भारतीय अंतरिक्ष यात्री को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में भेजा जाएगा। एयर इंडिया अमेरिका से 200 बोइंग विमान खरीदेगा। इस दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर और नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजर भी उनके साथ मौजूद रहे। द्विपक्षीय वार्ता से पहले राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि दुनिया के सामने जो अवसर और चुनौतियां हैं उससे निपटने के लिए भारत और अमेरिका को मिलकर काम करना चाहिए। उन्होंने व्हाइट हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का शानदार स्वागत किया, जहां दोनों देशों ने बड़े रक्षा, व्यापार और अंतरिक्ष सहयोग से संबंधित समझौतों पर हस्ताक्षर किए। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि संबंधों के प्रति अमेरिकी नेता की प्रतिबद्धता ने साहसी और ठोस निर्णय लेने को प्रेरित किया है। उन्होंने कहा, दोनों देशों के साथ संबंधों को लेकर आपकी व्यक्तिगत प्रतिबद्धता के कारण अंतरिक्ष की ऊंचाइयों से लेकर समुद्र की गहराइयों तक, प्राचीन सभ्यता से लेकर कृत्रित बुद्धिमता तक हर क्षेत्र में हम कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रहे हैं। बृहस्पतिवार को दोनों देशों के बीच हुए एक महत्वपूर्ण समझौतों में अमेरिकी कंपनी जीई एयरोस्पेस ने भारतीय वायु सेना के हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए)-एमके-2 तेजस के जेट इंजन के संयुक्त उत्पादन के लिए हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ करार किया।

अमेरिकी कंपनी ने अपने बयान में कहा, इस समझौते में जीई एरोस्पेस के एफ414 इंजन के भारत में संयुक्त उत्पादन की संभावना शामिल है और जीई एरोस्पेस अमेरिकी सरकार के साथ इस उद्देश्य के लिए जरूरी निर्यात प्राधिकार प्राप्त करने के वास्ते काम करना जारी रखेगा। साथ ही,एमक्यू-9 रीपर सशस्त्र ड्रोन की खरीद को लेकर भी समझौता हुआ है। इस कदम से न सिर्फ हिंद महासागर में भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा और निगरानी की क्षमता में वृद्धि होगी, बल्कि चीन से लगती सीमा पर भी यह कारगर साबित होगा। जनरल एटमिक्स एमक्यू-9 रीपर 500 प्रतिशत अधिक पेलोड का वहन कर सकता है और यह पूर्व के एमक्यू-1 प्रेडेटर की तुलना में नौ गुना हॉर्सपावर की क्षमता वाला है। वहीं एक अन्य समझौते के तहत कंप्यूटर चिप बनाने वाली कंपनी माइक्रोन गुजरात में अपना सेमीकंडक्टर असेंबली एवं परीक्षण संयंत्र लगाएगी जिस पर कुल 2.75 अरब डॉलर (लगभग 22,540 करोड़ रुपए) का निवेश किया जाएगा। माइक्रोन ने एक बयान में कहा कि दो चरणों में ( शेष पेज 9 )

## शिक्षा भारत और अमेरिका को जोड़ती है: जिल बाइडन

- भारत में विशेष रूप से लड़कियों को शिक्षा का अवसर उपलब्ध कराने पर प्रधानमंत्री मोदी को सराहा

**एजेंसी।** वाशिंगटन



एनएसएफ द्वारा आयोजित स्किलिंग फॉर फ्यूचर इवेंट में भाग लेने के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की पत्नी तथा देश की प्रथम महिला जिल बाइडन और अन्य।

**अमेरिकी** राष्ट्रपति जो बाइडन की पत्नी एवं देश की प्रथम महिला जिल बाइडन ने कहा भारत और अमेरिका के बीच संबंध कायम करने में शिक्षा एक आधारशिला है। साथ ही, उन्होंने सभी भारतीयों, विशेष रूप से लड़कियों को शिक्षा का अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सराहना की है। जिल ने बुधवार को ये टिप्पणियां कीं, जब उन्होंने और मोदी ने नेशनल साइंस फाउंडेशन (एनएसएफ) द्वारा आयोजित स्किलिंग फॉर फ्यूचर इवेंट में भाग लिया। एनएसएफ का नेतृत्व भारतीय-अमेरिकी डॉ. सेतुरमन पंचनाथन कर रहे हैं। जिल ने एक बयान में कहा, प्रधानमंत्री (मोदी), मैं जानती हूं कि शिक्षा उसी तरह से आपके दिल के करीब है जैसे कि यह (शिक्षा) मेरे करीब है। आपने सभी भारतीयों-खासतौर पर लड़कियों के लिए-शिक्षा व कौशल सुनिश्चित किया है, क्योंकि हमारे आधुनिक कार्यबल के लिए उनकी जरूरत है। उन्होंने कहा, ...यदि हम अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाना चाहते हैं तो हमें बच्चों में निवेश करने की जरूरत है जो हमारे भविष्य हैं। हमें यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि उन्हें वे अवसर उपलब्ध हों, जिनके वे हकदार हैं। जिल ने कहा, शिक्षा, भारत और अमेरिका के बीच एक आधारशिला है-जिसे हम इस यात्रा के साथ मजबूत करने की उम्मीद कर रहे हैं। हमारे विश्वविद्यालय एक दूसरे के साथ साझेदारी कर रहे हैं और शोध कर रहे हैं। और, जैसा कि हमने यहां देखा है कि, दोनों देशों के छात्र...एक बेहतर विश्व का निर्माण कर रहे हैं। साथ मिलकर काम कर हम हर किसी के लिए एक सुरक्षित, स्वास्थ्यकर, अधिक समृद्ध भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। प्रथम महिला रहने के दौरान जिल नार्दन वर्जीनिया कम्युनिटी कॉलेज में अंग्रेजी का अध्यापन भी जारी रखी हुई हैं, जहां वह 2009 से प्रोफेसर हैं।

## अमेरिका एच-1बी वीजा का देश में जल्द शुरू करेगा नवीनीकरण

**एजेंसी।** वाशिंगटन

**अमेरिका** नवीकरणीय एच-1बी वीजा की शुरूआत करने वाला है और यह महत्वपूर्ण फैसला देश में रह रहे हजारों भारतीय पेशेवरों को यहां ठहरने में मदद करेगा तथा उन्हें अपने कार्य वीजा के नवीनीकरण के लिए स्वदेश की यात्रा नहीं करनी पड़ेगी। अमेरिकी प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच बृहस्पतिवार को यहां व्हाइट हाउस में होने वाली द्विपक्षीय बैठक से पहले यह पहल की गई है। एच-1बी वीजा एक अप्रवासी वीजा है जो अमेरिकी कंपनियों को विशेषज्ञता वाले पेशों में विदेशी श्रमिकों को नियुक्त करने की अनुमति देता है। प्रौद्योगिकी कंपनियां भारत और चीन जैसे देशों से हर वर्ष हजारों की संख्या में कर्मचारियों को अमेरिका बुलाने के लिए इस पर निर्भर है। अधिकारी ने कहा कि अमेरिका ने पिछले वर्ष भारतीय छात्रों को सवा लाख वीजा जारी किया था, जो कि एक रिकॉर्ड है और पिछले वर्ष इस संख्या में 20 प्रतिशत वृद्धि होने के साथ अमेरिका में सर्वाधिक संख्या वाले विदेशी छात्र समुदाय बनने की दिशा में वे आगे बढ़ रहे हैं। बाइडन प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, दूसरी चीज यह है कि अमेरिकी विदेश विभाग इस वर्ष के अंत में कुछ खास तरह के अस्थाई वर्क वीजा के अमेरिका में नवीनीकरण करने की शुरूआत करने वाला है। इसमें, एच-1 और एल वीजा धारकों की विस्तारित संख्या के लिए इसे लागू करने के इरादे के साथ भारतीय नागरिकों को भी शामिल किया जाएगा। अधिकारी ने कहा कि यह भारत में लोगों के लिए, अमेरिका में लोगों के लिए, हमारे कारोबारों के लिए सचमुच में अच्छा है।

# मिशन 2024: आज रोडमैप तैयार करेगा विपक्ष

- आम आदमी पार्टी ने डाला अड़ंगा, कहा- केंद्र के अध्यादेश पर कांग्रेस का साथ नहीं मिला तो करेंगे बहिष्कार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/पटना

**विपक्ष** की बहुप्रचारित बैठक शुक्रवार को पटना में होगी। हालांकि 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा विरोधी मोर्चे के गठन की रूपरेखा तैयार करने के लिए आयोजित होने वाली इस बैठक में आम आदमी पार्टी ने अड़ंगा भी लगा दिया है। अरविंद केजरीवाल की पार्टी ने दिल्ली में शक्तियों को लेकर केंद्र के अध्यादेश के खिलाफ कांग्रेस का समर्थन न मिलने की स्थिति में बैठक के बहिष्कार की चेतावनी दी है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे एवं पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव, शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष शरद पवार और विपक्ष के कई अन्य नेता इस बैठक में भाग लेने वाले हैं। इस बैठक की मेजबानी बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव कर रहे हैं। विपक्ष के सूत्रों का कहना है कि विपक्षी नेताओं की मंत्रणा के दौरान नेतृत्व संबंधी सवालों को दरकिनार कर मिलकर मुकाबला करने की रणनीति पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। हालांकि आम आदमी पार्टी के केंद्र के अध्यादेश को लेकर आक्रमक रुख से विपक्षी एकजुटता की कवायद पर मतभेदों का साया पड़ गया है। आप ने गुरुवार को स्पष्ट कहा कि यदि कांग्रेस ने दिल्ली में प्रशासनिक सेवाओं पर नियंत्रण से संबंधित केंद्र सरकार के अध्यादेश के खिलाफ आम आदमी पार्टी (आप) को समर्थन देने का वादा नहीं किया तो आप शुक्रवार को पटना में होने वाली बैठक से बहिर्गमन करेगी।

कांग्रेस ने अभी तक अपने पत्ते नहीं खोले हैं कि वह केंद्र सरकार द्वारा इस अध्यादेश को संसद में पेश किए जाने पर आप का समर्थन करेगी या नहीं। आप की चेतावनी पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस के नेता संदीप दीक्षित ने कहा कि अगर अरविंद केजरीवाल बैठक में ( शेष पेज 9 )

## हम परिवार की तरह एकजुट होकर लड़ेंगे: ममता बनर्जी

**पायनियर समाचार सेवा।** पटना



पटना में राजद अध्यक्ष लालू यादव से मुलाकात करतीं ममता बनर्जी।

**तृणमूल** कांग्रेस की प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विपक्ष की बैठक से एक दिन पहले बृहस्पतिवार को विश्वास जताया कि विपक्षी पार्टियां एकजुट होकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ एक परिवार की तरह आपसी तालमेल के साथ अगला लोकसभा चुनाव लड़ेंगी। हालांकि तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने अपने राज्य में वाम दलों के साथ कांग्रेस के गठबंधन के बारे में अपनी आपत्तियों और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा विवादास्पद अध्यादेश मुद्दे पर समर्थन नहीं मिलने पर वॉकआउट की धमकी देने के सवालों को टाल दिया। ममता ने बृहस्पतिवार को राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी से भी मुलाकात की।

## ग्रेनो में होगी विश्व की सबसे तेज मोटर बाइक रेस मोटो जीपी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने भारत की मेजबानी में पहली बार आयोजित होने जा रही विश्व की सबसे तेज मोटर बाइक रेस 'मोटो जीपी-2023' के पहले रेस के पहले टिकट का अनावरण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मोटो जीपी विश्व की सबसे बड़ी, सबसे तेज और पुरानी बाइक रेसिंग प्रतियोगिता है। पहली बार भारत की मेजबानी में उत्तर प्रदेश में बुद्धा इंटरनेशनल सर्किट, ग्रेटर नोएडा में 22 सितंबर से 24 सितंबर 2023 तक हो रहे 'मोटो जीपी' का आयोजन गर्व और हर्ष का विषय है। निश्चित तौर पर यह नए भारत के नए उत्तर और देश के लिए महत्वपूर्ण और प्रतिष्ठित आयोजन होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया भर के युवाओं के बीच रोमांच से भरे इस ग्लोबल इवेंट को लेकर उत्सुकता रहती है। यह दुनिया का 5वां सबसे ज्यादा देखा जाने वाला इवेंट है। अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर इसके लगभग 350 करोड़ बार वीडियो देखे जा चुके हैं।

## स्विस बैंकों में रखी भारतीयों की संपत्ति 11 प्रतिशत घटी

**एजेंसी।** नई दिल्ली, ज्यूरिख

**स्विस** बैंकों में रखी हुई भारत के निवासियों एवं कंपनियों की राशि पिछले साल 11 प्रतिशत घटकर 3.42 अरब स्विस फ्रैंक (करीब 30,000 करोड़ रुपए) रह गई। स्विट्जरलैंड के केंद्रीय बैंक ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। स्विस केंद्रीय बैंक एसएनबी के आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2022 में स्विस बैंकों में रखा गया भारतीय ग्राहकों का कुल कोष 11 प्रतिशत घटकर 3.42 अरब फ्रैंक रह गया। इसके एक साल पहले 2021 में स्विस बैंकों में भारतीय ग्राहकों ने 3.83 अरब स्विस फ्रैंक की राशि रखी थी जो 14 वर्षों का उच्च स्तर था।

इसके अलावा पिछले साल स्विस बैंकों में भारतीयों की तरफ से जमा की जाने वाली राशि भी करीब 34 प्रतिशत घटकर 39.4 करोड़ फ्रैंक रह गई। इसके पहले वर्ष 2021 में यह सात साल के उच्च स्तर 60.2 करोड़ फ्रैंक पर थी। स्विस नेशनल बैंक (एसएनबी) को स्विट्जरलैंड के बैंकों की तरफ से दी गई सूचनाओं के आधार पर जारी आंकड़ों में भारतीय खाताधारकों की तरफ से जमा किए गए कथित काले धन का कोई जिक्र नहीं है। इन आंकड़ों में स्विस बैंकों में किसी तीसरे देश से संबंधित फर्म के नाम पर जमा राशि भी शामिल नहीं है। एसएनबी के मुताबिक, वर्ष 2022 के अंत में स्विस बैंकों की भारतीय ग्राहकों के प्रति कुल देनदारी 342.4 करोड़ स्विस फ्रैंक थी।

इनमें से 39.4 करोड़ स्विस फ्रैंक जमाओं के तौर पर थी जबकि 110 करोड़ फ्रैंक अन्य बैंकों के माध्यम से स्विस बैंकों के पास पहुंचे थे। इनके अलावा जिम्मेदार व्यक्तियों या ट्रस्ट के जरिए 2.4 करोड़ फ्रैंक रखे गए थे जबकि 189.6 करोड़ फ्रैंक ग्राहकों की तरफ से बॉन्ड, प्रतिभूति एवं अन्य वित्तीय साधनों के रूप में बैंकों के पास रखे गए थे। पिछले साल स्विस बैंकों के पास चार समूहों में रखी गई भारतीयों की संपत्ति में से सिर्फ जिम्मेदार लोग एवं ट्रस्ट वाले खंड में ही बढ़ोतरी देखी गई। अन्य तीनों खंडों- जमाओं, अन्य बैंकों के माध्यम से ( शेष पेज 9 )

## क्विक न्यूज

### पिथौरागढ़ में जीप खड्ड में गिरी, दस की मौत

**देहरादून।** उत्तराखंड मे पिथौरागढ़ जिले के मुनस्यारी में बृहस्पतिवार को एक जीप अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे 600 मीटर गहरे खड्ड में गिर गई जिससे 10 यात्रियों की मृत्यु हो गई। पुलिस ने बताया कि नाचनी क्षेत्र में मसूरी-होकरा मोटर मार्ग पर साढ़े सात बजे होकरा गांव के समीप हुई दुर्घटना के समय वाहन में दस व्यक्ति सवार थे और वे होकरा में कोकिला देवी मंदिर में पूजा के लिए जा रहे थे। उसने बताया कि इस हादसे की सूचना मिलते ही राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की दो टीम मौके पर पहुंची जिन्होंने खड्ड से सभी शवों को निकाला। उसने बताया कि हादसे का शिकार हुए बागेश्वर जिले के शामा गांव के इन श्रद्धालुओं में एक युवा दंपति भी शामिल था। स्थानीय लोगों ने कहा कि बुधवार रात हुई भारी बारिश के कारण सड़क की स्थिति खराब हो जाने के कारण यह हादसा हुआ। होकरा गांव के सुंदर सिंह ने कहा, कल रात भारी बारिश के कारण सड़क पर मलबा इकट्ठा हो गया था जिसके कारण सड़क पर चलने के लिए जगह तंग थी और संभवतः इसी वजह से वाहन दुर्घटनाग्रस्त हुआ।

## शोपियां बलात्कार मामले में सबूत गढ़ने के आरोप में दो डॉक्टर बर्खास्त

- डॉ. बिलाल अहमद दलाल और डॉ. निघत शाहीन ने सुरक्षाकर्मियों को फंसाने के लिए रची थी झूठी कहानी

**भाषा।** श्रीनगर

**जम्मू-कश्मीर** प्रशासन ने पाकिस्तान स्थित समूहों के साथ कथित तौर पर काम करने और 2009 के शोपियां बलात्कार मामले में सबूत गढ़ने को लेकर बृहस्पतिवार को दो डॉक्टरों को बर्खास्त कर दिया। अधिकारियों ने यहां यह जानकारी दी।

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 14 साल बाद इस मामले के पीछे की साजिश का खुलासा किया। शोपियां में 30 मई 2009 को दो महिलाओं -आसिया जान और नीलोफर- के शव एक जलधारा में मिले थे। उसके बाद आरोप लगाया गया था कि सुरक्षाकर्मियों ने उनके साथ बलात्कार किया और फिर उनकी हत्या कर दी। इस मामले के सिलसिले में चार पुलिसकर्मियों को गिरफ्तार किया गया था।

इसके कारण तत्कालीन विशेष पुलिस महानिदेशक अशोक भान और तत्कालीन महानिरीक्षक (कश्मीर) बी श्रीनिवासन सहित कई शीर्ष पुलिस अधिकारियों को पद से हटना पड़ा था। इस मामले को लेकर कश्मीर में 42 दिनों तक बंद की स्थिति थी। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा इस मामले की जांच शुरू किए जाने के बाद स्थिति में सुधार हुआ था। जांच के दौरान स्पष्ट हुआ कि दोनों महिलाओं के साथ दुष्कर्म नहीं हुआ था और न ही उनकी हत्या की गई थी। अधिकारियों ने कहा कि दो डॉक्टरों- डॉ. बिलाल अहमद दलाल और डॉ. ( शेष पेज 9 )

# नई दिल्ली से एयरपोर्ट 16 मिनट पहुंचेगी मेट्रो

- देश में पहली बार 110 किमी की रफ्तार से दौड़ेगी मेट्रो, चरणबद्ध तरीके से 120 तक बढ़ेगी स्पीड
- यात्रा समय घटने से एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन पर यात्रियों की संख्या बढ़ने की संभावना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




सांकेतिक फोटो

**मेट्रो** से नई दिल्ली से एयरपोर्ट जाने के लिए अब केवल 16 मिनट लगेंगे। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे के रास्ते नई दिल्ली को द्वारका सेक्टर-21 से जोड़ने वाली 23 किलोमीटर लंबी एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन (एईएल) पर मेट्रो ट्रेनों की गति बृहस्पतिवार से 100 से बढ़ाकर 110 किमी प्रति घंटे कर दी गई है। पहले यह दूरी लगभग 20 मिनट में पूरी होती थी।

एयरपोर्ट के साथ जुड़ी होने के चलते इस लाइन पर यात्रियों का एक-एक मिनट महत्वपूर्ण होता है। इस दृष्टि से यात्रा समय घटने से फ्लाइट पकड़ने वाले यात्रियों को बहुत अधिक फायदा होगा। डीएमआरसी के इस फैसले से एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन पर यात्रियों की संख्या भी बढ़ने की संभावना है। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) को मेट्रो रेल सुरक्षा आयुक्त (सीएमआरएस) से अनिवार्य मंजूरी मिलने के बाद ट्रेनों की गति बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। डीएमआरसी ने कहा कि परिचालन गति बढ़ाकर 110 किलोमीटर प्रति घंटा करने से यात्री अब नई दिल्ली स्टेशन से हवाई अड्डे (टी-3) तक लगभग 16 मिनट में पहुंच सकते हैं। डीएमआरसी के अनुसार गति में वृद्धि से हवाई अड्डे से शहर के केंद्र राजीव चौक की दूरी काफी कम हो गई है, जहां अब 15 मिनट में पहुंचा जा सकता है। यही नहीं, नई दिल्ली से द्वारका सेक्टर -21 स्टेशन तक यात्रा का कुल समय घटकर अब लगभग 20 मिनट रह गया है।

मालूम हो कि एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन पर मेट्रो ने पहली बार 110 किलोमीटर की रफ्तार भरी है। इससे पहले एयरपोर्ट लाइन पर मेट्रो अधिकतम 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलती थी, लेकिन औसत समय 90 किमी प्रतिघंटा ही था। स्पीड बढ़ाने से रोजाना हजारों यात्रियों को फायदा होगा और लोग सड़क मार्ग छोड़ मेट्रो का सफर पसंद करेंगे। डीएमआरसी का कहना है कि चरणबद्ध तरीके से मेट्रो की गति अभी और बढ़ाई जाएगी। बयान में कहा गया है कि आने वाले दिनों में अंततः मेट्रो ( शेष पेज 9 )

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 23 जून, 2023



# यमुना एक्सप्रेसवे पर जल्द लगेंगे वॉच टावर

## हाईवे पर बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर लगेगा अंकुश, पुलिस बल रहेगा तैनात

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

यमुना एक्सप्रेसवे पर हो रही आपराधिक घटनाओं को लेकर पुलिस विभाग अलर्ट है। दनकौर कोतवाली क्षेत्र से पुलिस विभाग द्वारा आपराधिक घटनाओं पर नजर रखने के लिए वॉच टावर बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिसके माध्यम से पुलिस यमुना एक्सप्रेसवे पर काफी दूर से अपराधियों पर नजर बनाकर रखेगी। पुलिस विभाग के अधिकारियों का कहना है कि एक्सप्रेसवे पर टावर के लग जाने के बाद आपराधिक घटनाओं पर काफी नियंत्रण लगेगा।



फाइल फोटो

जल्द ही वॉच टावर को यमुना एक्सप्रेसवे पर खड़ा भी कर दिया जाएगा। ग्रेटर नोएडा के जीरो पॉइंट से आगरा तक करीब 165 लंबा यमुना एक्सप्रेसवे है। जिस पर रात के वक्त पिछले कुछ महीनों से आपराधिक घटनाएं ज्यादा हो रही हैं। पत्थर मारकर वाहन संचालकों को रोककर उनके साथ अपराधिक घटनाएं भी की जा रही हैं। करीब 7 दिन पहले रबूपुरा क्षेत्र में भी एक बस पर पत्थर फेंका गया था। हालांकि कोई घटना घटित नहीं हुई। जिसको देखते हुए गौतमबुद्ध नगर के दनकौर क्षेत्र से अपराधियों पर नजर रखने के लिए पुलिस द्वारा नई पहल की शुरुआत की गई है। पुलिस के मुताबिक, यमुना एक्सप्रेसवे पर गलगोटिया यूनिवर्सिटी और चपरगढ़ अंडरपास के नजदीक वॉच टावर लगाए जाएंगे, जिनकी लंबाई करीब 15 फीट ऊंची होगी। जिस पर दो पुलिसकर्मी आसानी से बैठकर यमुना एक्सप्रेस वे से होकर गुजरने वाले संदिग्ध लोगों और वाहनों पर नजर बनाकर आसानी से रख सकते हैं।

पुलिस विभाग के अधिकारियों का कहना है कि वॉच टावर पर दो पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। जो दूरबीन और सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति पर नजर बनाकर रखेंगे। पुलिस के मुताबिक, टावर काफी मजबूती वाला लगाया जाएगा जिससे कि किसी वाहन की टक्कर से उस पर बैठे पुलिसकर्मियों साथ कोई हादसा ना हो।

टावर को ऊपर से छतरी नुमा बनाया जाएगा जिससे कि बारिश और धूप से भी पुलिसकर्मियों को कोई परेशानी ना हो। दनकौर पुलिस का कहना है कि यमुना एक्सप्रेसवे दोनों जगह पर टावर लगाने की प्रक्रिया चल रही है। टावर का जो निर्माण है। वह दनकौर क्षेत्र में ही कराया जा रहा है। 10 दिन के अंतर्गत दोनों टावरों को यमुना एक्सप्रेसवे पर लगाकर उस पर पुलिसकर्मियों की भी तैनाती कर दी जाएगी। साथ ही पुलिस का कहना है कि यमुना एक्सप्रेसवे के बाद ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर भी दनकौर क्षेत्र में इसी तरह एक वॉच टावर लगाया जाएगा।

इससे आपराधिक घटनाओं पर काफी नियंत्रण भी लगेगा। इस बारे में दनकौर एसएचओ संजय सिंह ने बताया कि अपराधिक घटनाओं को देखते हुए वॉच टावर लगाने के निर्देश सीनियर अधिकारियों द्वारा दिए गए हैं। जिसके आधार पर टावरों का निर्माण कराया जा रहा है। जल्द ही उनको एक्सप्रेसवे के किनारे लगा कर अपराधियों पर नजर रखी जाएगी।

### मालगाड़ी पर स्टंट दिखाते युवक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस वायरल वीडियो में दो युवक ट्रेन के ऊपर खड़े होकर अपने मसल्स दिखाते हुए स्टंटबाजी कर रहे हैं। ट्रेन के ऊपर से हाईटेंशन लाइन भी जा रही है। लेकिन युवक अपने जान की परवाह न किए बगैर युवक अपनी जान को जोखिम में डालकर स्टंट कर रहे हैं।

सोशल मीडिया पर फेमस होने के लिए और अपनी वीडियो पर लाइक और फॉलोवर बढ़ाने के लिए युवा लगातार तरह-तरह के तरीके अपनाते हैं। इस दौरान युवाओं के द्वारा अपनी जान को जोखिम में डालकर स्टंट करते भी देखा जाता है। अभी ऐसा ही एक वीडियो ग्रेटर नोएडा में वायरल हो रहा है। यह वीडियो जारचा थाना क्षेत्र के एनटीपीसी प्लांट के पास का बताया जा रहा है। इस वीडियो में साफ तौर पर दिख रहा है कि एक मालगाड़ी नहर के ऊपर से गुजर रही है।

# महिला की संदिग्ध स्थिति में मौत ससुराल वालों पर मुकदमा दर्ज

- परिवार की बिना जानकारी दिए किया था दाह संस्कार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

रबूपुरा थानाक्षेत्र के करौली बांगर गांव में एक महिला की संदिग्ध अवस्था में मौत हो जाने के बाद उसका अंतिम संस्कार कर देने पर ससुराल वालों पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

महिला के भाई की सूचना पर पुलिस ने महिला के पति सास और ससुर खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि सुधीर नामक युवक ने पुलिस को सूचना दी कि उसकी बहन प्रिया सिंह के ससुराल वालों ने उसकी हत्या कर दी है तथा वे शव को जला रहे है।

उन्होंने बताया कि सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि शव पूर्ण रूप से जल चुका था। सिंह के अनुसार पुलिस द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर पूछताछ की गई तो ज्ञात हुआ कि प्रिया सिंह की शादी 28 अप्रैल वर्ष 2016 को हुई थी और उनके तीन बच्चे, एक लड़का, दो लड़की हैं। बताया जाता है कि सुबह को महिला के पति भूपेंद्र और उसके बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था जिसके बाद में महिला ने बाथरूम में जाकर फांसी लगा ली। पुलिस के अनुसार ससुराल वालों ने बिना किसी को सूचना दिए शव को जला दिया। सिंह ने बताया कि इस मामले में प्रिया सिंह के भाई सुधीर की शिकायत पर उसके पति भूपेंद्र, सास ममता तथा ससुर ओमी के खिलाफ हत्या और सबूत मिटाने की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी फरार हैं, उनकी तलाश की जा रही है।

थाना प्रभारी ने बताया कि इस मामले में कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# इंडस्ट्रियल सेक्टर की 3 भूमिगत पार्किंग शुरू

- कंपनी को सालाना 2 करोड़ 23 लाख 91 हजार रुपए नोएडा प्राधिकरण को देना होगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा के सेक्टर-1,3 और 5 की भूमिगत पार्किंग का संचालन चयनित की गई कंपनी ने शुरू कर दिया है। एग्रीमेंट के तहत कंपनी दो साल तक तीनों पार्किंग का संचालन करेगी।

इसके लिए कंपनी को प्रति माह 9.32 लाख यानी सालाना 2 करोड़ 23 लाख 91 हजार रुपए प्राधिकरण को देना होगा। तीनों पार्किंग एक दिसंबर 2022 से फ्री थी। प्राधिकरण के वर्क सर्किल-1 के वरिष्ठ प्रबंधक डोरी लाल ने बताया कि तीनों पार्किंग के लिए 12 कंपनियों ने आवेदन किए थे। जिसमें एक कंपनी तनिष्का इंफ्राटेक को चुना गया है। कंपनी ने अपना काम तीनों पार्किंग में शुरू कर दिया गया है। ये तीनों पार्किंग



इंडस्ट्रियल एरिया में है। उन्होंने बताया कि इसके बाद यदि कोई वाहन सड़कों पर पार्क किया हुआ दिखाई दिया तो उसका चालान यातायात विभाग की ओर से कराया जाएगा। साथ ही वाहनों की टोचिंग कराई जाएगी। वहीं जुलाई के पहले सप्ताह से सरफेस पार्किंग के लिए कंपनी का चयन कर लिया जाएगा जिसके बाद पूरे शहर की पार्किंग एक फिर पेड हो जाएगी।

इन तीनों पार्किंग में एक साथ 1200 वाहनों को खड़ा किया जा सकता है, जिससे सड़क पर गलत पार्किंग से लगने वाला जाम भी समाप्त हो जाएगा। तीनों भूमिगत पार्किंग के लिए शुल्क एक समान है। चार पहिया वाहन के लिए पहले दो घंटे के लिए 20 रुपए इसके बाद प्रति एक घंटा के लिए 10 रुपए अधिकतम 80 रुपए तक देना होगा। मासिक पास 1500 रुपए बनाया जाएगा।

इसी तरह दो पहिया वाहनों लिए पहले दो घंटे 10 रुपए इसके बाद प्रति घंटा 5 रुपए अधिकतम 40 रुपए देना होगा। मासिक पास 750 रुपए बनाया जाएगा। जुलाई से नोएडा के सभी क्लस्टर की सरफेस पार्किंग पेड हो जाएगी। क्लस्टर.1 में वर्क सर्किल-1 इसमें सेक्टर-2, 6, 8, 15 और 16 है। इसी क्लस्टर में वर्क सर्किल-2 में सेक्टर-25, 27, 29 30 वर्क सर्किल-3 में सेक्टर-41, 50, 51, 61 और 104 है। प्राधिकरण अधिकारी ने बताया कि इन पार्किंग से सालाना करीब 65 लाख रुपए का राजस्व मिलता है। नवंबर से भूमिगत और सरफेस दोनों पार्किंग आम जनता के निशुल्क थी। इसकी वजह कंपनी के साथ किए गए एग्रीमेंट समाप्त होना था। नई कंपनियों के टेंडर जारी किए गए थे। जिसमें भूमिगत की पार्किंग शुरू हो चुकी है। सरफेस के लिए एक जुलाई से पार्किंग पेड हो जाएगी।

# निगम कार्यकारिणी का चुनाव आज, पुलिस रहेगी तैनात

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

नगर निगम कार्यकारिणी के चुनाव का चुनाव शुक्रवार को होगा इसको लेकर सुरक्षा के खास प्रबंध रहेंगे। इसके लिए नगर निगम प्रशासन की ओर से पुलिस विभाग को भी कार्यकारिणी चुनाव के दौरान पुलिस के जवान तैनात करने के लिए मांग की गई है। ताकि कोई भी गैर पार्षद नगर निगम सदन में एंट्री नहीं कर सके। नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक दस बजे के लगभग ही शुरू हो जाएगी। बैठक में ही नगर निगम कार्यकारिणी का चुनाव होना है। कई ऐसे भी लोग हैं जो पार्षदों के साथ नगर निगम आएंगे। उन्हें सदन में जाने से रोकने के लिए पुलिस के जवानों की तैनाती जरूरी है। यही कारण है कि नगर निगम प्रशासन की ओर से इस मामले में एक पत्र कमिश्नरेट को लिखा गया है। जिसमें पर्याप्त संख्या में पुलिस की तैनाती नगर निगम में करने की मांग की गई है।

निगम सूत्रों का कहना है कि पुलिस की तैनाती सदन में एंट्री प्वाइंट पर होगी। यहीं पर ही एक निगमकर्मी तैनात रहेगा। जो सदन में केवल उन लोगों को ही भेजेंगे जो पार्षद या जनप्रतिनिधि है। अगर कोई पार्षद या जनप्रतिनिधि नहीं है तो उनको सदन में एंट्री नहीं दी जाएगी।

# चौकी प्रभारी और 4 महिला सिपाही निलंबित

- काम में लापरवाही बरतने का आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद पुलिस के अधिकारियों ने गुरुवार को एक चौकी प्रभारी और 4 महिला कांस्टेबलों को सस्पेंड कर दिया है। इसके अलावा एक पुलिस चौकी से 7 पुलिसकर्मियों को हटाते हुए इधर-उधर भेज दिया गया है।

विवेक चंद्र यादव ने बताया 3 दिन पहले साहिबाबाद थाना क्षेत्र के लाजपत नगर में काली मंदिर के पास घूम रहे दंपति से चेन स्नेचिंग हुई थी। इस मामले में लापरवाही पर शनि चौक पुलिस चौकी प्रभारी राजेंद्र




सिंह को सस्पेंड करते हुए विभागीय जांच शुरू की गई है। इसके अलावा साहिबाबाद, कौशांबी, इंदिरापुरम और शालीमार गार्डन थाने से एक.एक महिला कांस्टेबल को सस्पेंड किया गया है।

मिशन शक्ति 3.0 के तहत ये महिला कांस्टेबल बीट प्रभारी थीं। इन्होंने महिला सशक्तिकरण को लेकर चलने वाले कार्यक्रमों में लापरवाही बरती। इस वजह से सस्पेंड किया गया है।

अन्य महिला बीट कांस्टेबलों के भी कामकाज की स्क्रीनिंग की जा रही है। महाराजपुर पुलिस चौकी पर तैनात 7 कांस्टेबलों को वहां से हटाकर दूसरी जगहों पर भेज दिया गया है। महाराजपुर चौकी के बराबर में ही पैसेफिक मॉल है, जहां कुछ दिन पहले स्पा सेंटरों पर सेक्स रैकेट चलता पकड़ा गया था।

सूत्रों ने बताया कि अब चौकी पर तैनात एक सिपाही के द्वारा शाम होते ही चौकी को शराब महफिल बनाने की शिकायतें मिल रही थीं। जिसके बाद पूरे स्टाफ पर कार्रवाई की गई है।

# खेत में काम कर रहे किसान को मारी गोली

- चार के खिलाफ जानलेवा हमला करने के आरोप में मामला दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

मोदीनगर में निवाड़ी थानांतर्गत गांव कैथवाड़ी में देर रात लगभग 10 बजे खेत में काम कर रहे किसान को गोली मार दी गई, उसके भतीजे पर भी गोली चलाई गई, लेकिन वो बच गया। गोली किसान के कमर में लगते हुए पेट में धंस गई। जिस कारण किसान की हालत नाजुक बनी है।

गांव निवासी दो नामजद सहित चार लोगों के खिलाफ जानलेवा हमला और साजिश रचने की धारा में रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपियों की धरपकड़ के लिए पुलिस ताबड़तोड़ दबिश दे रही है। गांव में तनावपूर्ण माहौल होने के चलते पुलिस मुस्तैद है। गांव निवासी दीपक की तरफसे थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि रात को उसका भाई राजकुमार और भतीजा रविंद्र खाना खाने के बाद खेत पर गए थे।

इसी बीच खेत पर गांव निवासी मोनू और कुलदीप बाइक से पहुंचे। खेत पर पहुंचते ही मोनू ने राजकुमार पर पीछे से गोली चला दी। गोली कमर में लगते हुए पेट में जा धंसी। गोली की आवाज सुनकर रविंद्र ने शोर मचाया। जिस पर आरोपियों ने उस पर भी गोली चला दी। हालांकि रविंद्र को गोली नहीं लगी। दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना पाकर किसान के परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना देकर घायल को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस का कहना है कि मामले में मोनू और कुलदीप को नामजद कराया गया है। जबकि दो अज्ञात लोगों पर साजिश करने का आरोप लगा है। चारों के खिलाफ जानलेवा हमला और साजिश रचने की धारा में रिपोर्ट दर्ज की गई है। किसान का अस्पताल में उपचार चल रहा है। चश्मदीद गवाह रविंद्र के बयानों के आधार पर आरोपियों की धरपकड़ के लिए प्रयास जारी है। गांव में शांति का माहौल है। घायल के घर पर पुलिस तैनात कर दी गई है।


## सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | दिनेश शर्मा/ सोनप्रीत शर्मा/ LBDEL00002312089 | यूनिट नंबर सी2-2एफएफ, पहली मंज़िल, एल्डेको हिल साइड, नीमराना, राजस्थान/ जून 19, 2023 | अगस्त 18, 2020 रु. 32,00,164/- | दिल्ली एनसीआर/ नीमराना |
| 2. | सबीना हूड्डा/ वीरेंद्र सिंह हूड्डा/ LBGUR00002412033 | फ्लैट नंबर 304, पहली मंज़िल, टॉवर सी, टेरा हेरिटेज, सेक्टर-51, अलवर एक्सप्रेस हाईवे, राजस्थान, भिवाड़ी/ जून 19, 2023 | फरवरी 25, 2023 रु. 25,66,216/- | दिल्ली एनसीआर/ भिवाड़ी/ |
| 3. | वीरेंद्र सिंह हूड्डा/ सबीना हूड्डा/ LBGUR00003325133 | फ्लैट नंबर- 106, पहली मंज़िल, ब्लॉक जेड1, कृष सिटी-2, टापूकरा, जिला अलवर, भिवाड़ी/ जून 19, 2023 | फरवरी 25, 2023 रु. 16,56,541/- | दिल्ली एनसीआर/ भिवाड़ी/ |
| 4. | शिशु पाल/ राज बेटी/ LBGUR00005124667 | फ्लैट नंबर डी- 5603, दूसरी मंज़िल, आरएलएफ "द पार्क" सेक्टर- 54, खसरा नंबर 200 201 202 191 181 192 519/189 518/19, गाँव शाहपुर, तहसील तिजारा, भिवाड़ी, तिजारा/ जून 19, 2023 | जुलाई 06, 2021 रु. 17,45,771/- | दिल्ली एनसीआर/ भिवाड़ी/ |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : जून 23, 2023**
**स्थान : दिल्ली/ एनसीआर**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लि.**

ICICI Home Finance | कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड, आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, अंधेरी - कुर्ला रोड, अंधेरी (ईस्ट), मुंबई-400059, भारत

शाखा कार्यालय : प्रथम तल, विश्वकर्मा कॉम्प्लेक्स, प्लॉट नंबर 17/18, यशोदा हॉस्पिटल के पीछे, कौशाम्बी, गाजियाबाद-201010

[नियम 8 (6) का परंतुक देखें]

**अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना। एतदद्वारा सर्वसाधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर के पास बंधक रखी/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका भौतिक कब्जा आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, "जैसी है जहां है", जैसी है जो भी है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर नीचे दिए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेची जाएगी :

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/सह-कर्जदारों /गारंटरों /कानूनी वारिसों का नाम ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि | सुरक्षित मूल्य / धरोहर राशि जमा | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | हिमांशु बजाज (कर्जदार), हेमा (सह-कर्जदार) ऋण खाता संख्या एलएचजीएचजेड00001340596 | मकान नंबर बी-281 का सम्पूर्ण द्वितीय तल छत के अधिकार सहित (उक्त तल), स्थित सेक्टर-8, बृज विहार, तहसील और जिला गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश | रू. 52,81,788/- 20-06-2023 | रू. 34,18,200/- / रू. 3,41,820/- | 10-07-2023 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 03.00 बजे तक | 13-07-2023 को अप. 2.00 बजे से अप. 3.00 बजे तक |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी ग्लोब टेक की वेबसाइट (यूआरएल लिंक - https://BestAuctionDeal.com) पर सम्पन्न होगी। बंधकदाताओं/सूचनाप्रेषिती को 12-07-2023 को अप. 5.00 बजे से पूर्व कुल बकाया उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी। संभावित बिडर (बिडर्स) को धरोहर राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस/डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कालम ई देखें) आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड, प्रथम तल, विश्वकर्मा कॉम्प्लेक्स, प्लॉट नंबर 17/18, यशोदा हॉस्पिटल के पीछे, कौशाम्बी, गाजियाबाद-201010 में 12-07-2023 को अथवा पूर्व अप. 04.00 बजे से पहले जमा करनी होगी। संभावित बिडर (बिडर्स) को पंजीकरण प्रपत्र एवं बोली के नियम एवं शर्तों की हस्ताक्षरित प्रति भी आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड, प्रथम तल, विश्वकर्मा कॉम्प्लेक्स, प्लॉट नंबर 17/18, यशोदा हॉस्पिटल के पीछे, कौशाम्बी, गाजियाबाद-201010 में 12-07-2023 को अथवा पूर्व अप. 05.00 बजे से पहले जमा करनी होगी। धरोहर राशि जमा हेतु डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से "आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड-नीलामी" के पक्ष में गाजियाबाद में देय होना चाहिए।

निरीक्षण, नीलामी के निबंधन और शर्तों या निविदा जमा करने के संबंध में किसी अतिरिक्त स्पष्टीकरण के लिए कृपया आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड से 7021072869 पर अथवा हमारे सेल्स एवं मार्केटिंग पार्टनर नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड से सम्पर्क करें।

प्राधिकृत अधिकारी के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बिड्स को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया देखें : https://www.icicihfc.com/

तिथि : 23-06-2023
स्थान : गाजियाबाद

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड

## सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अभिषेक अग्रवाल/ रोहित अग्रवाल/ LBGUR00004287565 | फ्लैट नंबर-1504, 15वीं मंज़िल, टॉवर बी, अरविल, सेक्टर-79, गुड़गाँव, हरियाणा, गुड़गांव/ जून 20, 2023 | मार्च 25, 2021 रु. 1,56,85,411/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | आनंद मोहन कुमार सिंह/ प्रियंका कुमारी/ LBDEL00005151770 | फ्लैट नंबर I- 1502, 14 वीं मंज़िल, टॉवर-I, टेरा एलिगेंस, खसरा नंबर 1289/1025, ग्राम खिजुरीबास, तहसील तिजारा, भिवाड़ी, राजस्थान/ जून 19, 2023 | जून 23, 2021 रु. 29,88,119/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : जून 23, 2023**
**स्थान : दिल्ली/एनसीआर**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लि.**

## सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | रजत कुमार सिंह/ विनिता सिंह/ ऋषि पाल सिंह/ LBROK00005428931 | खसरा नंबर 1836, 1837, 1838, 1839, 1840, 1841, 1842, 1843/1, 1847 का हिस्सा, मोहल्ला- कृष्णा नगर, गली नंबर 25, ग्राम-सलेमपुर राजपुतान, परगना- भगवानपुर, तहसील रुड़की, हरिद्वार 247667/ 19 जून, 2023 | जनवरी 25, 2023 रु. 9,33,445/- | हरिद्वार/ रुड़की/ गुड़गाँव |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : जून 23, 2023**
**स्थान : गुड़गाँव**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लि.**


# संक्षिप्त समाचार



बबलू चौहान को अध्यक्ष बनाये जाने पर बधाई देते सपा के पदाधिकारी।

### सपा की विधानसभा कार्यकारिणी घोषित

**नोएडा।** सपा नोएडा महानगर की गुरुवार को विधान सभा कार्यकारिणी की घोषणा लोकसभा प्रभारी बीर सिंह यादव ने की। प्रेस वार्ता का संचालन पूर्व महासचिव राघवेंद्र दुबे ने किया। कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए सदरपुर गांव निवासी बबलू चौहान को नोएडा विधानसभा का अध्यक्ष घोषित किया गया। बबलू चौहान 18 वर्षों से सक्रियता के साथ पार्टी के लिए कार्य कर रहे हैं। दो बार यूथ ब्रिगेड उपाध्यक्ष, तीन बार शिक्षक सभा अध्यक्ष, नोएडा ग्रामीण में उपाध्यक्ष पद पर कार्य कर चुके हैं। नवनियुक्त विधानसभा अध्यक्ष बबलू चौहान ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी पार्टी ने सौंपी है। उसे पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन करने की कोशिश करूंगा और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की नीतियों को घर घर तक पहुंचाने का काम करूंगा। महानगर अध्यक्ष आश्रय गुप्ता ने कहा कि बबलू चौहान के विधानसभा अध्यक्ष बनने से पार्टी को मजबूती मिलेगी।

### अवैध रूप से मादक पदार्थ बेचने वाले तीन गिरफ्तार

**नोएडा।** नोएडा पुलिस ने विभिन्न जगहों से अवैध रूप से मादक पदार्थ बेचने वाले 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आयुक्त श्रीमती लक्ष्मी सिंह के मीडिया प्रभारी ने बताया कि थाना सेक्टर 39 पुलिस ने आज सुबह को एक सूचना के आधार पर सेक्टर 96 के पास से सैफअली नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इसके पास से पुलिस ने 1 किलो 200 ग्राम गांजा बरामद किया है। मीडिया प्रभारी ने बताया कि थाना सेक्टर 24 पुलिस ने सेक्टर 22 से मनोज नामक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके पास से 1 किलो गांजा बरामद किया है। उन्होंने बताया कि थाना फेस.3 पुलिस ने मुकर्रर अली को सेक्टर 64 के पास से गिरफ्तार कर उसके पास से 15 पव्वे अवैध शराब बरामद किया है।

### शिक्षक के मकान का ताला तोड़कर चोरी

**गाजियाबाद।** शिवपुरी कॉलोनी में चोरों ने शिक्षक के मकान का ताला तोड़कर 30 हजार की नगदी व लाखों के सोने चांदी के जेवरात चोरी करके फरार हो गए। वारदात के समय शिक्षक बच्चों को लेने अपने ससुराल गए थे। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नगर की शिवपुरी कॉलोनी निवासी शिवकुमार परिवार सहित रहते हैं। वह एक इंटर कॉलेज में शिक्षक पद पर कार्यरत हैं। उनकी पत्नी बच्चों के साथ अपने मायके गई हुई थी। शिवकुमार पत्नी व बच्चों को लेने के लिए जिला मुजफ्फरनगर के थाना खतौली के गांव भैंसी गए थे। पड़ोसी द्वारा उन्हें फोन से मकान के गेट का ताला टूटा होने की सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की।

### एम्बुलेंस कर्मियों को दिया प्रशिक्षण

**गाजियाबाद।** एम्बुलेंस सेवा 108-102 के कर्मचारियो को आकस्मिक स्थिति से निबटने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। लखनऊ से आए ट्रेनर नवनीत सिंह ने कर्मचारियों को एक्सीडेंट, हार्टअटैक, ब्रीथिंग प्रॉब्लम, प्रेगनेंसी के मामलों व कोई अन्य बडी घटना होने पर मरीजों को कैसे एम्बुलेंस में ही प्राथमिक उपचार दिया जाए, इसकी जानकारी दी व डोमेस्ट्रेशन करके भी दिखाया। एम्बुलेंस सेवा के प्रोग्राम मैनेजर जयविंदर सिंह ने बताया कि यह प्रशिक्षण जनपद के सभी एम्बुलेंस सेवा कर्मियों को दिया जाएगा ताकि आकस्मिक तौर पर मरीजों को इलाज दिया जा सके। सेवा के कोऑर्डिनेटर शमशेर अहमद, निशांत सिंह आदि मौजूद रहे।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# मंडावली में अतिक्रमण रोधी अभियान पर बवाल

- स्थानीय लोगों ने किया मंदिर के बाहर विरोध प्रदर्शन, क्षेत्र में तनाव, फोर्स तैनात

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


पीडब्ल्यूडी की कार्रवाई के खिलाफ मंदिर के बाहर नारेबाजी करते लोग। फोटो: रंजन डिमरी

पूर्वी दिल्ली के मंडावली इलाके में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की ओर से चलाए जा रहे अतिक्रमण रोधी अभियान के दौरान मंदिर के हिस्से में लगी ग्रिल को हटाने के विरोध में स्थानीय लोगों के एक बड़े समूह ने बृहस्पतिवार को विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। इस बात की अफवाह थी कि प्रशासन की ओर से मंदिर को ढहाने की कार्वाई की जा रही है। पुलिस ने बताया कि बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में शांतिपूर्वक ग्रिल को हटा दिया गया। इस घटना के कारण आम आदमी पार्टी (आप) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी शुरू हो गया है।

प्रशासन की ओर से जब यह कार्रवाई की जा रही थी, तभी प्रदर्शन कर रहे कुछ लोग सड़क पर लेट गए और इस कार्रवाई के खिलाफ नारेबाजी भी की।

उन्होंने बताया कि बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन के कारण क्षेत्र में जाम भी लग गया, हालांकि बाद में स्थिति को नियंत्रित किया गया। इलाके में बड़ी संख्या में अर्धसैनिक बल के जवानों और पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। पुलिस उपायुक्त (पूर्व) अमृता गुगुलोथ ने बताया कि पीडब्ल्यूडी को बृहस्पतिवार को अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाना था। उन्होंने कहा कि हमें कल (बुधवार) पीडब्ल्यूडी द्वारा अतिक्रमण रोधी अभियान के बारे में सूचित किया गया। मंदिर के पास लगी ग्रिल के जरिए फुटपाथ पर अतिक्रमण किया गया था और इसे शांतिपूर्वक हटा दिया गया। हमने पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को सहायता प्रदान की। कानून-व्यवस्था की स्थिति सामान्य है।

पुलिस ने बताया कि मंदिर परिसर के पास एकत्र हुए स्थानीय लोगों ने अब विरोध-प्रदर्शन बंद कर दिया है, लेकिन वे अब भी सड़क के एक तरफ खड़े हैं। अतिक्रमण रोधी अभियान पूरा होने के बाद उन्होंने नारेबाजी की और मंदिर में प्रार्थना में हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि यातायात की स्थिति नियंत्रण में है और वाहनों की आवाजाही फिर से शुरू हो गई है।

पूर्वी दिल्ली जिला प्रशासन के एक अधिकारी ने कहा कि मंदिर को कोई नुकसान नहीं हुआ है। अधिकारी ने कहा, मंदिर से सटे फुटपाथ पर कुछ माह पहले कुछ लोगों ने ग्रिल लगा दिया था। इससे फुटपाथ तक पहुंच प्रभावित हो रही थी। सड़क निर्माण एजेंसी पीडब्ल्यूडी ने ग्रिल हटाने का अनुरोध किया था। मंदिर या उसके किसी हिस्से को छूने का कोई प्रस्ताव नहीं था। हालांकि, स्थानीय लोगों को यह विश्वास दिलाकर गुमराह किया गया कि मंदिर को ध्वस्त किया जा रहा है, जिसके कारण विरोध प्रदर्शन हुआ। यह अतिक्रमण रोधी अभियान करीब डेढ़ घंटे तक चलाया गया।

इस बीच, आम आदमी पार्टी (आप) ने इस मुद्दे पर दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना पर निशाना साधा, जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को हिंदू विरोधी बताया।

इस बीच, पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने कहा कि तत्कालीन पीडब्ल्यूडी मंत्री मनीष सिसोदिया के विरोध के बावजूद दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने अतिक्रमण रोधी अभियान की अनुमति दी थी।

आतिशी ने संवाददाताओं से कहा, मंडावली में दिल्ली के उपराज्यपाल के आदेश पर मंदिर तोड़ा जा रहा है। जब इस मामले से जुड़ी फाइल तत्कालीन गृह मंत्री मनीष सिसोदिया के पास भेजी गई तो उन्होंने इसका विरोध किया था।

उन्होंने कहा, उपराज्यपाल साहब ने मनीष सिसोदिया के फैसले को पलट दिया। सिर्फ मंडावली में ही नहीं, उन्होंने दिल्ली में 10 अन्य मंदिरों को भी तोड़ने का फैसला किया है।

मंत्री ने कहा कि दिल्ली के उपराज्यपाल ने कहा है कि मंदिरों को तोड़ने की फाइल सीधे उन्हें भेजी जाएंगी, चुनी हुई सरकार को नहीं। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) अतिक्रमण रोधी अभियान का विरोध करती है और इसीलिए पार्टी के कार्यकर्ता बुधवार शाम से ही मंडावली में मौके पर मौजूद हैं। भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि न केवल भाजपा कार्यकर्ता मंदिर के हिस्से को हटाने का विरोध कर रहे थे, बल्कि इस दौरान दो भाजपा पार्षदों सहित उनमें से कुछ घायल भी हो गए। यह कार्रवाई दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के हिंदू विरोधी चेहरे को उजागर करती है।



सिद्ध श्री शनिदेव मंदिर पर जमा लोगों की भीड़

## मंदिरों और मजारों को ढहाने का आदेश वापस लें एलजी : आतिशी

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार की लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री आतिशी ने बृहस्पतिवार को उपराज्यपाल वीके सक्सेना से 14 धार्मिक संरचनाओं को ध्वस्त करने के अपने फैसले को वापस लेने का आग्रह किया। इससे पहले दिन में एक मंदिर के पास ग्रिल हटाने को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया। आतिशी ने उपराज्यपाल को लिखे पत्र में कहा कि लोगों की आस्था मंदिरों और अन्य धार्मिक संरचनाओं से जुड़ी हुई है। इसलिए मैं आपसे 11 मंदिरों और तीन मजारों को ध्वस्त करने के इस फैसले को वापस लेने का आग्रह करती हूं, ताकि लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत न हों। आतिशी ने कहा कि उन्हें पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने बताया है कि साल की शुरुआत में जब इन 14 धार्मिक संरचनाओं को ध्वस्त करने की फाइल धार्मिक समिति के माध्यम से राज्य के तत्कालीन गृहमंत्री मनीष सिसोदिया के पास आई थी, तो उन्होंने इसका विरोध करते हुए कहा था कि परियोजनाओं के नक्शे बदले जाने चाहिए।पीडब्ल्यूडी मंत्री ने लिखा है, लेकिन जब यह फ़ाइल मनीष सिसोदिया की ओर से आपके पास आई तो आपने उनके प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया और निर्देश दिया कि धार्मिक संरचनाओं को ध्वस्त कर दिया जाना चाहिए।आतिशी ने लिखा कि अधिकारियों ने यह भी बताया है कि आपने फ़ाइल पर लिखा है कि मंदिरों का विध्वंस एक कानून और व्यवस्था का मामला है और इसलिए आपके पास इस मामले पर निर्णय लेने की शक्ति है। साथ ही भविष्य में मंदिरों को ध्वस्त करने संबंधी फाइल निर्वाचित सरकार को नहीं, बल्कि मुख्य सचिव के माध्यम से आपको भेजा जाना चाहिए।

## तिहाड़ जेल में मोबाइल तलाशी पर कैदियों ने किया खुद पर हमला



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- कार्रवाई रोकने को 20 से अधिक कैदियों ने खुद को किया घायल

तिहाड़ जेल में कैदियों के बैरकों में मोबाइल फोन तलाश करने पहुंचे कर्मचारियों को रोकने का प्रयास करते हुए 20 से अधिक कैदियों ने खुद को मार-मारकर घायल कर लिया। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

घटना बुधवार को केंद्रीय कारागार संख्या 8।9 के एक वार्ड में हुई इसी जेल के इसी वार्ड में दो मई को गैंगस्टर टिल्लू ताजपुरिया की उसके प्रतिद्वंद्वी गोगी गिरोह के चार सदस्यों ने कथित तौर पर हत्या कर दी थी। चार घायल कैदियों को डीडीयू अस्पताल ले जाया गया।

अधिकारियों के अनुसार उस वार्ड में मोबाइल फोन का इस्तेमाल होने के बारे में सूचना मिलने के बाद शाम करीब साढ़े पांच बजे तलाश शुरू की गई और इस दौरान एक कीपैड फोन और देसी हथियार बरामद हुए।

जेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इसके बाद, जेल सीसीटीवी नियंत्रण कक्ष की निगरानी करने वालों ने उस बैरक में कैदियों की असामान्य हलचल देखी, जहां से बरामदगी की गई थी। इसके बाद आगे की जांच और कैदियों से पूछताछ की गई, जिसके परिणामस्वरूप एक सिम कार्ड और एक मोबाइल चार्जर बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान, एक अन्य कैदी ने एक फोन रखने की बात स्वीकार की, जिसके बाद उससे फोन सौंपने के लिए कहा गया। फोन कब्जे में लेने के लिए कर्मचारी कंट्रोल रूम से लेकर बैरक तक उसके साथ गए।

अधिकारी ने कहा, हालांकि बैरक पहुंचने पर साथी कैदियों ने उसे जेल प्रशासन को मोबाइल नहीं सौंपने के लिए उकसाया। उन्होंने बताया कि अन्य कैदियों ने भी जेल कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार करना शुरू कर दिया और उनमें से 20 से अधिक कैदियों ने खुद को चोट पहुंचाई ताकि कर्मचारियों को बैरक में छिपा हुआ मोबाइल फोन बरामद करने से रोका जा सके।

# उपराज्यपाल का तंज- दिल्ली सरकार का इरादा जनता के बीच चर्चा में बने रहना

- अस्पताल परियोजनाओं में देरी पर मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


उपराज्यपाल वी.के सक्सेना

दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने बृहस्पतिवार को शहर में अस्पताल परियोजनाओं में अत्यधिक देरी पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखा और आरोप लगाया कि सरकार का इरादा केवल जनता के बीच चर्चा में बने रहना है। आप के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार की तरफ से कोई तात्कालिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

अपने पत्र में सक्सेना ने कहा कि न केवल सिरसपुर में नए अस्पताल का निर्माण कार्य निर्धारित समय से एक साल पीछे चल रहा है, बल्कि लोक नायक अस्पताल, गुरु गोबिंद सिंह अस्पताल, डॉ. बी.एस. आंबेडकर अस्पताल, राव तुला राम अस्पताल और अरुणा आसफ अली अस्पताल जैसे मौजूदा अस्पतालों में बिस्तरों की बढ़ोतरी में भी तीन साल से अधिक की देरी हुई है। इसमें कहा गया, महत्वाकांक्षी इंदिरा गांधी अस्पताल का काम 2012-13 में शुरू हुआ था, जो 10 साल बीत जाने के बावजूद अभी तक पूरा नहीं हुआ है।

यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि मौजूदा भगवान महावीर अस्पताल, अरुणा आसफ अली अस्पताल और दीप चंद बंधु अस्पताल में काम, जो 2019 में शुरू किया गया था और 2020 तक पूरा होने वाला था, तीन साल बाद भी अटका हुआ है और इनके पूरा होने की कोई निश्चित तारीख नहीं है। उपराज्यपाल ने कहा कि 17 अस्पतालों में बिस्तरों की संख्या में वृद्धि और समय पर एक नए अस्पताल के निर्माण से दिल्ली के लोगों के लिए लगभग 12,500 अतिरिक्त बिस्तर उपलब्ध हो जाते।

उन्होंने कहा कि इनमें से कई अस्पतालों के लिए परियोजनाओं की घोषणा 2014 और 2019 में बहुत धूमधाम से की गई थी, जिनके पूरा होने की अनुमानित तारीखें 2017 से 2020 तक थीं। अगर समय पर ए (योजनाएं) पूरी हो जातीं, तो हजारों दिल्ली वासियों को राहत मिलती जिन्हें कोविड महामारी के दौरान बिस्तरों की अनुपलब्धता का खामियाजा भुगतना पड़ा।

उपराज्यपाल ने घोषणाओं के बजाए कार्यान्वयन के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि वर्तमान मामले में यह बिल्कुल स्पष्ट है कि सरकार का इरादा सार्वजनिक क्षेत्र में प्रचार पाने के अलावा कुछ नहीं है। उन्होंने कहा, जमीनी स्तर पर बड़े पैमाने पर निष्क्रियता के कारण प्रचार सफल नहीं हो पाता। उपराज्यपाल ने कहा, जीएनसीटीडी द्वारा किए गए मीडिया प्रचार के अनुसार, सार्वजनिक स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे के बारे में जो तस्वीर उभरती है वह मजबूत (स्थिति) दर्शाती है।

उन्होंने कहा, मैं यह कहने को विवश हूं कि जमीनी स्तर पर स्थिति बिल्कुल विपरीत है। एक भी नया अस्पताल नहीं बना है और यहां तक कि उनमें भी जहां बिस्तरों और इमारतों के मामले में वृद्धि की घोषणा की गई थी, उसके समय और लागत में वर्षों और सैकड़ों करोड़ की वृद्धि हुई है और ऐसा लगता है कि यह सामान्य बात बन गई है। ज्ञात हो काफी समय से दिल्ली सरकार और उपराज्यपाल में ठनी हुई है।

पिछले दिनों अध्यादेश आने के बाद केजरीवाल सरकार दावा करती रही कि इस एक्ट के जरिये राजधानी में होने वाले कामों का प्रभावित किया जा रहा है। वही केजरीवाल लगातार इस मुद्दे का लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ हमलावर है।

## प्रधानमंत्री होंगे डीयू शताब्दी समारोह के मुख्य अतिथि

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के शताब्दी समारोह का समापन 30 जून 2023 को होगा।

इस संबंध में जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी अनूप लाठर ने बताया कि समापन समारोह के अवसर पर भारत के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। इस अवसर पर शिक्षा और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान विशिष्ट अतिथि होंगे।

कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि समापन समारोह का आयोजन दिल्ली विश्वविद्यालय के खेल परिसर के मल्टीपर्पज हॉल में किया जाएगा।

# डीईआरसी अध्यक्ष की नियुक्ति के खिलाफ कोर्ट जाएगी आप

- आतिशी ने पूर्व न्यायाधीश उमेश कुमार की नियुक्ति को बताया गैरकानूनी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


बिजली मंत्री आतिशी

आम आदमी पार्टी (आप) नीत दिल्ली सरकार इलाहाबाद उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश उमेश कुमार की दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग (डीईआरसी) का अध्यक्ष नियुक्त किए जाने के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का रुख करेगी।

बिजली मंत्री आतिशी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। आतिशी ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार ने 21 जून को इस पद के लिए न्यायाधीश (सेवानिवृत्त) संगीत लोढा के नाम की सिफारिश की थी। आतिशी ने कहा कि हालांकि, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार ने उनके नाम को दरकिनार कर दिया और इलाहाबाद उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश उमेश कुमार को अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया। उन्होंने कहा, हम इस गैरकानूनी नियुक्ति के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का रुख करेंगे।

उपराज्यपाल कार्यालय द्वारा बुधवार रात जारी एक बयान में कहा गया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने न्यायमूर्ति कुमार को डीईआरसी अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जनवरी में विद्युत विनियामक के अध्यक्ष के रूप में उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश राजीव कुमार श्रीवास्तव के नाम की सिफारिश की थी। उपराज्यपाल कार्यालय के बयान में कहा गया है कि श्रीवास्तव द्वारा 15 जून को एक पत्र के जरिए पारिवारिक प्रतिबद्धताओं व जरूरतों के कारण यह प्रभार संभालने में अक्षमता जताए जाने के चलते कुमार की इस पद पर नियुक्ति की गई।

# एम्स नर्सिंग पेपर लीक मामले साजिशकर्ता गिरफ्तार

- सीबीआई ने तीन जून को हुई परीक्षा मामले में की कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स)- दिल्ली की ओर से तीन जून को आयोजित नर्सिंग अधिकारी भर्ती परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक मामले में प्रमुख साजिशकर्ता को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों के मुताबिक सीबीआई ने एनओआरसीईटी-4 परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक होने के मामले में मोहाली स्थित ज्ञान ज्योति प्रबंधन एवं प्रौद्योगिकी संस्थान और एक व्यक्ति रितु पर मुकदमा दर्ज करने के बाद चार अन्य संदिग्धों को गिरफ्तार किया था।

अधिकारियों ने बताया कि प्रश्नपत्र लीक मामले के प्रमुख साजिशकर्ता माने जाने वाले नवनीत को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया गया। सीबीआई ने नौ जून को प्राथमिकी दर्ज करने के बाद हरियाणा, चंडीगढ़, मोहाली और दिल्ली सहित पांच स्थानों पर आरोपियों के परिसरों और मोहाली में एक परीक्षा केंद्र पर तलाशी ली थी।

सीबीआई के एक प्रवक्ता ने कहा था, तलाशी और जांच के दौरान एनवीआर (नेटवर्क वीडियो रिकॉर्डर) जिसमें सीसीटीवी फुटेज, सर्वर लैपटॉप, पहचाने गए उम्मीदवारों के सीपीयू, विभिन्न मोबाइल फोन और संदिग्ध टीएफटी बरामद किए गए।

गौरतलब है कि तीन जून को आयोजित परीक्षा भारत के सभी एम्स और दिल्ली के कुछ अन्य सरकारी अस्पतालों के लिए 3,055 नर्सिंग अधिकारियों की भर्ती के लिए थी।

# एसीएमएम कोर्ट करेगी बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ सुनवाई

- छह महिला पहलवानों द्वारा दर्ज यौन उत्पीड़न का मामला

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


सांसद बृजभूषण शरण

राष्ट्रीय राजधानी के मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट (सीएमएम) ने बृहस्पतिवार को भाजपा के सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ छह महिला पहलवानों द्वारा दर्ज यौन उत्पीड़न के मामले को उस अदालत को सौंप दिया, जो एक संबंधित मामले की पहले से सुनवाई कर रही है।

सीएमएम महिमा राय सिंह ने महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न से संबंधित मामला और दिल्ली पुलिस का आरोप-पत्र अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) हरजीत सिंह जसपाल को भेज दिया। सीएमएम ने दिल्ली पुलिस के वकील की उन दलीलों का संज्ञान लिया, जिसमें कहा गया है कि एसीएमएम अदालत महिला पहलवानों के आरोपों की अदालत की निगरानी में जांच के अनुरोध पर विचार कर रही है। महिला पहलवानों का मुद्दा ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पुनिया और साक्षी मलिक तथा एशियाई खेलों की चैंपियन विनेश फोगट जैसे प्रतिष्ठित पहलवानों ने उठाया था। महिला पहलवानों के विरोध को कई विपक्षी दलों और किसान संगठनों का भी समर्थन हासिल हुआ है। मामले की सुनवाई अब एसीएमएम अदालत में 27 जून को होगी।

दिल्ली पुलिस ने यौन उत्पीड़न और पीछा करने के कथित अपराधों के मामले में सिंह के खिलाफ 15 जून को आरोप-पत्र दायर किया था। दिल्ली पुलिस ने 15 जून को बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ नाबालिग पहलवान के यौन उत्पीड़न के आरोप को निरस्त करने का अनुरोध करते हुए अंतिम रिपोर्ट दायर की थी।

# दिल्ली सेक्शन में रैपिडएक्स की दो टनल तैयार

- इसी महीने से चालू हो सकती है साहिबाबाद से दुहाई तक रैपिड रेल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ रैपिड रेल रैपिडएक्स कॉरिडोर पर दिल्ली सेक्शन में दो टनल बनाने का काम पूरा हो गया है। अब टनल तैयार होने के बाद उसमें ट्रैक बिछाने और ओएचई वायर इंस्टॉल काम शुरू हो गया है। वहीं सूत्रों के अनुसार पहले चरण में साहिबाबाद से दुहाई तक रैपिड रेल का संचालन इसी महीने से शुरू किया जा सकता है।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार सुदर्शन 4.1 टीबीएम मशीन ने फरवरी-2022 में आनंद विहार से न्यू अशोक नगर की तरफ टनल बनाने की शुरुआत की थी। इसके बाद एक समानांतर टनल बनाने के लिए दूसरी मशीन अप्रैल-2022 में लॉन्च हुई। ये दोनों टनल दिल्ली की सबसे बड़ी टनल हैं, जिनकी लंबाई करीब 3 किलोमीटर है।

अप्रैल-2023 में दिल्ली के खिचड़ीपुर में पहली टनल का ब्रेकथ्रू हुआ। अब दूसरी टनल बनाने का काम भी पूरा कर लिया गया है। इसके अलावा आनंद विहार स्टेशन से साहिबाबाद स्टेशन की तरफ बन रही दो टनल में एक का काम पहले ही पूरा हो चुका है, जबकि दूसरी का काम 75 फीसदी कर लिया गया है। इन टनलों का व्यास 6.5 मीटर है जो 180 किमी प्रतिघंटे की डिजाइन गति से तैयार की गई हैं। टारगेट है कि जून-2023 में पहले फेज में गाजियाबाद के दुहाई डिपो से साहिबाबाद स्टेशन तक रैपिडएक्स का संचालन शुरू कर दिया जाए। इसके लिए सारी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। सिर्फ उदघाटन की तारीख घोषित होने का इंतजार है। इसके अलावा दिल्ली से मेरठ तक 82 किलोमीटर लंबे ट्रैक पर 2025 तक रैपिडएक्स का संचालन शुरू करने का दावा किया गया है।

ज्ञात हो कि एनसीआरटीसी स्टेशनों पर टिकट खरीदने के लिए यात्रियों को विभिन्न विकल्प मिलेंगे। टिकट खरीदन के बाद वह रैपिडएक्स में सुगम एवं सुविधाजनक सफर कर सकेंगे। यूपीआई से भुगतान कर भी टिकट मिल पाएगा। एनसीआरटीसी स्टेशनों में टिकट वेंडिंग मशीन (टीवीएम) स्थापित की जा रही हैं। टीवीएम में कैश व कार्ड आदि के साथ-साथ यूपीआई से भी भुगतान हो सकेगा। इससे यात्रियों को काफी सुविधा मिलेगी।

## ईएसआईसी लाभार्थियों के लिए खुलेंगी 12 नई डिस्पेंसरी

**नई दिल्ली।** केजरीवाल सरकार राजधानी में ईएसआईसी लाभार्थियों के लिए 12 नई डिस्पेंसरी जल्द खोलने जा रही है। श्रम मंत्री राज कुमार आनंद की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के क्षेत्रीय बोर्ड की 53वीं बोर्ड बैठक में यह फैसला लिया गया। बोर्ड बैठक में कर्मचारियों के हित में केजरीवाल सरकार ने लिए कई महत्वपूर्ण फैसलें लिए गए। श्रम मंत्री ने हर विधानसभा में ईएसआईसी डिस्पेंसरी खोलने की संभावना तलाशने के आदेश दिए है।

ईएसआईसी में अधिक कर्मचारियों को जोड़ने के लिए उनकी न्यूनतम वेतन सीमा को 21 हजार से बढ़ाकर 31 हजार करने का प्रस्ताव पेश किया गया है। श्रम विभाग और ईएसआईसी साथ मिलकर जागरूकता शिविर लगाएंगे।

इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम – मिनी रत्न)
सीआईएन : L74899DL1999GOI101707

जीईएम आमंत्रण सूचना

निविदा सं. जीईएम/2023/बी/3572814 – विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) के साथ आईआरसीटीसी आईपे पेमेंट गेटवे बिजनैस प्लेटफॉर्म संचालित करने के लिए तकनीकी साझेदार के चयन हेतु निविदा दस्तावेज (आरएफपी) को तैयार करने के लिए कंसल्टेंट-सह-ट्रांजेक्शन एडवाइजर की नियुक्ति।

निविदा-पूर्व बैठक: 04.07.2023 को 12.00 बजे। निविदाएं जमा करने की अंतिम तिथि: 31.07.2023 को 1500 बजे तक।

विस्तृत विवरणों के लिए www.irctc.com एवं जीईएम पोर्टल को देखें। डाउनलोडिंग एवं प्रतिभागिता वेबसाइट-जीईएम पोर्टल पर की जा सकती है।

उपरोक्त विज्ञापन का कोई भी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट, यदि जारी होगा, तो उसे केवल आईआरसीटीसी की वेबसाइट www.irctc.com एवं जीईएम पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा।

कार्यालय पता: 11वां तल, स्टेट्समैन हाउस, बी-148, बाराखम्बा रोड, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001, फोन: 011-23311263-64, फैक्स: 011-23311259

# जेईई-2023 में मानव रचना इंटरनेशनल स्कूलों के प्रतिभाशाली छात्रों ने चमकाया नाम, मेधावियों को मिली शानदार रैंकिंग

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद/गुरुग्राम

**मानव** रचना इंटरनेशनल स्कूलों के मेधावियों ने आईआईटी जेईई की एडवांस परीक्षा में बेहतरीन रैंकिंग हासिल नाम चमकाया है। परीक्षा में स्कूलों से कुल 1,83,072 छात्र शामिल हुए थे। इनमें एमआरआईएस सेक्टर-46, गुरुग्राम के प्रद्युम्न सिंह शेखावत ने ऑल इंडिया 1800 रैंक हासिल की है। जबकि एमआरआईएस चार्मवुड के अभिनव कुमार ने ऑल इंडिया 2707 रैंक और जयदेव सिंह ने 3547 रैंक पाई है। एमआरआईएस

### मानव रचना सेक्टर-46 गुरुग्राम के प्रद्युम्न सिंह शेखावत ने पाई ऑल इंडिया 1800 रैंकिंग

नोएडा के उज्जवल कालरा ने ऑल इंडिया 3126, एमआरआईएस सेक्टर-14 फरीदाबाद से अक्षित मनोचा ने 4441, एमआरआईएस सेक्टर-46, गुरुग्राम के अनिर्वाण त्यागी ने 4945 रैंक हासिल की है। इनके अलावा एमआरआईएस चार्मवुड से अर्नव अग्रवाल और एमआरआईएस सेक्टर-46 गुरुग्राम से दिव्यांश कुलश्रेष्ठ, अर्नव पाहुजा और निश्चय गोयल ने भी शानदार रैंक पाई है।

मानव रचना शैक्षणिक संस्थान के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत भल्ला ने छात्रों को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए सराहना की। उन्होंने कहा कि जेईई एडवांस 2023 में हमारे छात्रों का शानदार प्रदर्शन अकादमिक उत्कृष्ठता के प्रति मानव रचना इंटरनेशनल स्कूलों की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हम छात्रों की उल्लेखनीय उपलब्धियों पर गौरवान्वित हैं और पूरा विश्वास है कि वे हर क्षेत्र में प्रतिभा के बूते सफलता हासिल करेंगे। मानव रचना शैक्षणिक संस्थान के उपाध्यक्ष डॉ. अमित भल्ला ने भी छात्रों को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि, जेईई एडवांस परीक्षा में हमारे छात्रों की उपलब्धियां उनकी प्रतिभा, समर्पण और मानव रचना इंटरनेशनल स्कूलों में प्रदान किए गए उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण का प्रमाण हैं। हम छात्रों के शानदगार प्रदर्शन की



सराहना करते हैं और विश्वास करते हैं कि वे भविष्य में भी परचम लहराएंगे।

मानव रचना इंटरनेशनल स्कूल की निदेशक संयोगिता शर्मा ने भी छात्रों को बधाई दी। उन्होंने कहा, जेईई में अपने छात्रों की उपलब्धियों को देखकर बेहद खुशी मिली है। ये परिणाम उनके कड़े प्रयासों, दृढ़ संकल्प और हमारे संस्थान में मिले बेहतरीन मागदर्शन व शैक्षणिक माहौल का नतीजा है।

---

जलभराव वाली कृषि योग्य भूमि के मुआवजे के लिए

# सरकार के पास भेजा जाएगा स्पेशल केस : राव इंद्रजीत

### केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने गुरुग्राम के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाऊस में अधिकारियों के साथ की बैठक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**केंद्रीय** सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा गुरुग्राम के सांसद राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि गांव दौलताबाद व बाबूपुर के समीप जलभराव वाली कृषि योग्य भूमि का एक स्पेशल केस बनवाकर हरियाणा सरकार के पास भेजा जाए, ताकि जलभराव की वजह से हुए नुकसान का मुआवजा किसानों को मिल सके। उन्होंने यह निर्देश गुरुवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में जिला प्रशासन, जीएमडीए, नगर निगम गुरुग्राम व मानेसर के अधिकारियों की संयुक्त बैठक के दौरान दिए।

केंद्रीय राज्य मंत्री ने बैठक से पहले एनएच-48 पर गांव नरसिंहपुर के समीप जल निकासी के प्रबंधों का जायजा भी लिया। जीएमडीए के सीईओ एवं नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त पीसी मीणा, डीसी निशांत कुमार यादव तथा नगर निगम मानेसर के आयुक्त साहिल गुप्ता ने बैठक के



गुरुग्राम में एनएच-48 पर गांव नरसिंहपुर के समीप जल निकासी के प्रबंधों का जायजा लेते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह।

एजेंडे में शामिल विषयों को लेकर केंद्रीय राज्य मंत्री को विभागवार कार्यों की प्रगति से अवगत कराया। राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि जलभराव की वजह से फसलों की बुवाई न होने से किसानों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। ऐसे में जिला प्रशासन इस मामले में एक स्पेशल केस बनाकर मुआवजे के लिए भिजवाए। डीसी निशांत कुमार यादव किसानों को दिए जाने वाले मुआवजे की नीति की केंद्रीय राज्य मंत्री को जानकारी दी और जिला राजस्व अधिकारी के माध्यम से जलभराव वाले क्षेत्र का सर्वेक्षण करवा कर शीघ्र ही केस भिजवाने की बात कही।

केंद्रीय राज्य मंत्री ने बैठक के दौरान नजफगढ़ ड्रेन के साथ लगते जिला के जलभराव वाले क्षेत्र में समस्या के समाधान की जानकारी भी मांगी। जीएमडीए के सीईओ पीसी मीणा ने बताया कि नगर निगम गुरुग्राम के माध्यम से हुए कार्यों के चलते इस बार जलभराव वाले क्षेत्र में कमी आई है और इस क्षेत्र के 100 एकड़ में एक कृत्रिम झील बनाने से न केवल जलभराव पर नियंत्रण होगा बल्कि झील से इस क्षेत्र का सौंदर्यीकरण भी होगा। केंद्रीय राज्य मंत्री ने इस सुझाव को ध्यानपूर्वक सुना और इस विषय में आगामी कार्यवाही के लिए निर्देश दिए।

केंद्रीय राज्य मंत्री ने बरसात के सीजन में गुरुग्राम में जल निकासी के प्रबंधों की भी समीक्षा की। नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त पीसी मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि जलभराव वाले क्षेत्रों से निकासी के लिए अधिक क्षमता वाले अधिक पंप सेट लगाए जा रहे हैं। नगर निगम, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग तथा राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से भी जल निकासी के लिए अतिरिक्त प्रबंध किए जा रहे हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि नगर निगम क्षेत्र में 400 रेन वाटर हार्वेस्टिंग पिट्स है जिनकी इन दिनों सफाई की जा रही है। बैठक में नगर निगम मानेसर से संबंधित गांव शिकोहपुर में अनुसूचित जाति की बस्ती तथा शमशान घाट से संबंधित विषय को शीघ्र ही हरियाणा सरकार के माध्यम से केंद्र सरकार के पास प्रस्ताव भिजवाकर समस्या का समाधान करने का निर्णय लिया गया।

---

## शहीद कैप्टन अतुल कटारिया चौक के सौंदर्यकरण के लिए मुख्यमंत्री से आग्रह

**गुरुग्राम।** ओल्ड दिल्ली रोड स्थित शहीद कैप्टन अतुल कटारिया चौक के सौंदर्यकरण के लिए पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है। फ्लाईओवर व अंडरपास निर्माण के चलते यहां का सौंदर्यकरण नहीं हो पाया था।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल को लिखे पत्र में नवीन गोयल ने कहा है कि आपके कार्यकाल में गुरुग्राम ने चहुंमुखी विकास किया है। जिले में चारों तरफ विकास के प्रोजेक्ट चल रहे हैं। कहीं अंडरपास, कहीं फ्लाईओवर तो कहीं सड़कों का काम जारी है। ओल्ड दिल्ली रोड पर यातायात जाम की समस्या बनी रहती थी। इसी रोड पर एयरफोर्स स्टेशन और मारुति उद्योग है। ऐसे में यह क्षेत्र काफी महत्वपूर्ण हो जाता है। नवीन गोयल ने कहा है कि ले. अतुल कटारिया चौक से जाम की समस्या दूर करने के लिए सरकार ने यहां गुरुग्राम शहर से ओल्ड दिल्ली रोड पर जाने के लिए फ्लाईओवर और सिगनेचर टावर चौक से शीतला माता मंदिर (मार्बल मार्केट) की तरफ जाने के लिए अंडरपास का निर्माण कराया गया है। इसी चौक पर पहले से लगी शहीद ले. अतुल कटारिया की प्रतिमा भी लगी है। यहां विकास के कार्यों के चलते अभी तक इस चौक का सौंदर्यकरण नहीं हो पाया है।



नवीन गोयल।

नवीन गोयल ने कहा कि विकास की सकारात्मक सोच वाले मुख्यमंत्री मनोहर लाल से करबद्ध आग्रह है कि वे शहीद लेफ्टिनेंट अतुल कटारिया चौक का सौंदर्यकरण कराएं, ताकि समय-समय पर यहां लोग शहीद को नमन करने आ सकें। नवीन गोयल ने यह भी सुझाव दिया कि चौराहे के बीच में शहीद कैप्टन अतुल कटारिया की एक प्रतिमा भी स्थापित की जाए। वे एक बहादुर सैनिक थे, जो कि ड्यूटी के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए। यह उन्हें स्मृति में सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

उन्होंने कहा कि शहीद के नाम से इस चौक पर जिस सुयोजित तरीके से काम किया गया है, वह नजर आ रहा है। अंडरपास बहुत ही व्यवस्थित तरीके से बनाया गया है। अतुल कटारिया चौक के बड़े दायरे के कारण वहां पर यातायात जाम की समस्या का भी काफी हद तक हल हुआ है। नवीन गोयल नें कहा कि खाली चौक के सौंदर्यीकरण करवाने के लिए यहां फव्वारे, घास और पेड़ लगाए जा सकते हैं।

---

## सेहतमंद रहने का माध्यम है योग अभ्यास : मुनेश शर्मा



**गुरुग्राम।** आदिनाथ योगशाला की निदेशक व प्रसिद्ध योगाचार्य मुनेश शर्मा ने अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर कामधेनु गौशाला कार्टरपुरी पालम विहार में कहा कि हमें अपने जीवन में योग को अपनाना चाहिए। सेहमंद रहने का योग माध्यम होता है। हमें अपने शरीर के लिए एक घंटा अवश्य देना चाहिए। योग से रोग दूर भागते हैं। हमें रोगों से लड़ने में योग ताकत देते हैं। हमारे ग्रुप में 7 साल के बच्चे से लेकर 60 साल की महिला भी शामिल है। उन्होंने कहा कि जब से योग अपनाया है, तब से सब खुश है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर चंदा शर्मा, गीता, लाजवंती, आशा, रश्मि, अंजू, मंजू, सुनीता, हिमांशी, तृषा, केशव, देव, मेहुल, अर्श, उत्कर्ष, काशवी ,पीहू, वीनी, प्रांजल को सर्टिफिकेट में मेडल देकर सम्मानित किया गया।

---

# विधायक सुधीर सिंगला ने चक्करपुर इलाके में पानी की पाइपलाइन का किया उद्घाटन

### वर्षों से रुकी हुई पाइपलाइन को कराया दुरुस्त

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम** के विधायक सुधीर सिंगला ने चक्करपुर इलाके में पहुंचकर वर्षों से रुकी हुई पानी की पाइपलाइन का उद्घाटन किया। उन्होंने एक बुजुर्ग के हाथों नारियल तुड़वाया। इसके बाद विधायक ने चौपाल में इलाके के लोगों की समस्याओं को सुना। विधायक ने कार्यक्रम के संयोजक युवा कार्यकर्ता पंकज यादव के प्रयासों की सराहना की।



गुरुग्राम के चक्करपुर में पानी की पाइनलाइन का एक बुजुर्ग के हाथों नारियल तुड़वाकर उद्घाटन कराते विधायक सुधीर सिंगला।

इस अवसर पर विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि गुरुग्राम हम सबका है और हम सब गुरुग्राम के हैं। अपने शहर को बेहतर बनाने के लिए हम सबका दायित्व बनता है। हर नागरिक अपनी अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि हर क्षेत्र में लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार, प्रशासन प्रयासरत हैं। गुरुग्राम हरियाणा का पहला ऐसा शहर है, जो दिल्ली के निकट होते हुए विकास के नए आयामों को छू रहा है। यहां अनेक छोटी-बड़ी सड़कों का निर्माण तय समय से भी कम समयसीमा में हुआ है। इन सड़कों के निर्माण से यहां का यातायात भी व्यवस्थित हो रहा है। शहर के भीतरी क्षेत्र में फ्लाईओवर, अंडरपास बनाकर सरकार ने यातायात जाम से मुक्ति दिलाने का काम किया है। बाजार के आसपास के क्षेत्रों में यातायात अधिक रहता है। वह भी कुछ ही दूरी में।

---

# एमवे इंडिया ने पोषक आहार और योग के संगम से समग्र स्वास्थ्य पाने का संदेश दिया

पायनियर समाचार सेवा। मेरठ

**भारत** की प्रमुख एफएमसीजी डायरेक्ट सेलिंग कंपनियों में से एक एमवे इंडिया ने मानवों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए अटूट प्रतिबद्धता रखते हुए, लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए मजबूत कदम उठाने में मदद करने का मिशन शुरू किया। भारत अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के वार्षिक उत्सव को हर्षोल्लास से मनाने का इंतजार कर रहा है इसी को ध्यान में रखते हुए समग्र स्वास्थ्य पाने में पोषण और योग के गहन महत्व पर जोर देते हुए एमवे इंडिया ने भी अपना ज्यादा से ज्यादा योगदान करने के लिए कमर कस ली है। लोगों को बेहतर और स्वस्थ जीवन जीने में मदद करने के नजरिए से एमवे ने लोगों को कायाकल्प की यात्रा पर ले चलने के लिए अपनी कोशिशें तेज कर दी हैं।

अपनी इन्हीं कोशिशों के हिस्से के रूप में एमवे इंडिया ने देश भर में विशेषज्ञ वक्ताओं के कार्यक्रमों के माध्यम से वर्चुअल और फिजिकल योग सत्रों की श्रृंखला का आयोजन कर फिटनेस के लिए उत्साह रखने वाले 2000 लोगों को इन कार्यक्रमों में शामिल किया। यह कार्यक्रम अच्छे पोषण और योग अभ्यास जैसी नियमित शारीरिक गतिविधि का



मिलाजुला उपयोग करके अच्छे से अच्छा स्वास्थ्य पाने का संदेश फैलाने के लिए डिजाइन किया गया था। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए, जीएस चीमा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उत्तर और दक्षिण एमवे इंडिया ने कहा, एमवे में हम इस बात पर दृढ़ विश्वास रखते हैं कि अच्छा स्वास्थ्य और खुशहाली पाने में उचित पोषण और शारीरिक गतिविधि के संतुलित उपयोग में बेहतरीन बदलाव लाने शक्ति होती है। पोषण के क्षेत्र में दुनिया भर में सबसे आगे रहकर काम करने वाले संस्थान के रूप में हम इस बात पर बहुत ज्यादा विश्वास करते हैं कि खुशहाली एक बहुआयामी उपलब्धि होती है जो शारीरिक मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य के साथ-साथ पर्याप्त पोषण मिलने पर ही पाई जा सकती है। अच्छा पोषण, सक्रिय जीवन शैली, और आंतरिक खुशहाली एक दूसरे से आपस में जुड़े हुए होते हैं। आज कल के समय में पेट को स्वस्थ रखने के बारे में बहुत अधिक चर्चाएं की जा रही है और आदमी के दिमाग और उसकी पेट के बीच जो संबंध है उसके बारे में ज्यादा से ज्यादा बातें हो रही है, क्योंकि आदमी के पेट को उसका दूसरा दिमाग कहा जाता है। हम जो भी खाते हैं उसका हमारे शरीर व मस्तिष्क पर बहुत ज्यादा प्रभाव पड़ सकता है, इसलिए यदि हम सही खाना खायेंगे और उसे हमारा स्वस्थ पेट अच्छी तरह से पचाएगा तो हमारा दिमाग भी ठीक रहेगा। इसी बात को ध्यान में रखते हुए, एमवे, पावर्ड बाइ न्यूट्रीलाइट, संतुलित और पोषक तत्वों से भरे हुए भोजन का सेवन करने पर ज़ोर देता है और साथ ही साथ इस बात पर भी जोर देता है कि योग और उपासना जैसी गतिविधियों के माध्यम से मानसिक तनाव से दूर रह जाए।

---

## केंद्र सरकार की नई अधिसूचना से डायरेक्ट सेलिंग इंडस्ट्री में खुशी की लहर

### गुरुग्राम, दिल्ली एनसीआर और हरियाणा के ही हजारों युवाओं को फायदा होने की उम्मीद

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**भारत** सरकार ने डायरेक्ट सेलिंग इंडस्ट्री नियमों में परिवर्तन करके इस इंडस्ट्री से जुड़े करोड़ों लोगों को राहत दी है। मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के बाद नेटवर्किंग के माध्यम से प्रोडेक्ट बेचने वाली कंपनियों के लोग झूम उठे हैं। नियमों में साफतौर पर नेटवर्क शब्द जोड़ दिया गया है। जारी अधिसूचना में खंड (घ) में सीधे विक्रेताओं के माध्यम से के स्थान पर सीधे विक्रेताओं के नेटवर्क के माध्यम से प्रतिस्थापित किया जाएगा, लिखा गया है। इस एक शब्द के जोड़ दिए जाने से देशभर की उन डायरेक्ट सेलिंग कंपनियों के बांछे खिल उठे हैं, जो पिछले काफी समय से इसके लिए सरकार से गुहार लगा रही थी।

अधिसूचना जारी होने से खुशडायरेक्ट सेलिंग कंपनियों और एडीएसईआई (एसोसिएशन ऑफ



डायरेक्ट सेलिंग इंडस्ट्री के नियमों में बदलाव को लेकर खुशी जाहिर करते उद्योग जगत के लोग।

डायरेक्ट सेलिंग एंटिटीज ऑफ इंडिया) के पदाधिकारियों ने इसे बड़ा फैसला बताते हुए मोदी सरकार द्वारा आत्मनिर्भर भारत के लिए उठाया गया एक शानदार कदम बताया है। इसके लिए काफी लंबे समय से लड़ाई लड़ रही एसोसिएशन एडीएसईआई के ऐडमिनिस्ट्रेटर हेम पांडे ने कहा कि इस अधिसूचना से देश मे डायरेक्ट सेलिंग करना आसान हो जाएगा और इंडस्ट्री तेजी से बढ़ेगी। एडीएसईआई के संरक्षक, आरसीएम के डायरेक्टर टीसी छाबड़ा ने कहा कि अब इंडस्ट्री में फैले सभी भ्रम को विराम लगेगा और काम करने में आसानी होगी। एडीएसईआई के संरक्षक, वेस्टीज के डायरेक्टर गौतम बाली ने कहा कि डायरेक्ट सेलिंग इंडस्ट्री को लीगल स्टेटस मिलने से देश के लोगो मे इंडस्ट्री के प्रति भरोसा बढ़ेगा। सही मायने में इस अधिसूचना से नेटवर्क ऑफ डायरेक्ट सेलर्स को सम्मान मिला है।

एडीएसईआई के प्रेसिडेंट एवं एडब्ल्यूपीएल के मैनेजिंग डायरेक्टर संजीव कुमार ने कहा कि भारत सरकार के इस ऐतिहासिक निर्णय से देश के करोड़ों डायरेक्ट सेलर का भविष्य सुरक्षित हो गया है। एडीएसईआई के पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा खाद्य व सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री पियुष गोयल का आभार जताते हुए इसे सरकार का ऐतिहासिक निर्णय एवं इंडस्ट्री को गौरवान्वित करने वाला कदम बताया।

---

## संक्षिप्त समाचार

### व्यापारी सुभाष बंसल मामले में सीएम से मिलेगा शिष्ट मंडल



सुभाष बंसल व्यापारियों की बैठक में वारदात की जानकारी देते हुए।

**सोहना।** प्रदेश मुख्यमंत्री से जल्द ही शहर निवासी व्यापारी की निजी जमीन पर डीटीपी विभाग द्वारा चार दीवारी गिराएं जाने के विरोध में जल्द ही शिष्ट मंडल मिलेगा। व्यापारियों ने भविष्य में इस प्रकार की घटना घटित होने पर अंजाम देने वालों को सबक सिखाने का फैसला लिया। मंगलवार को शहर के समाज सेवी और व्यापारी सुभाष बंसल की निजी जमीन पर बनी चार दीवारी गिराएं जाने के विरोध में बुधवार की शाम को व्यापारियों की बैठक अनाज मंडी में स्थित अग्रवाल धर्मशाला में हुई। जिसकी अध्यक्षता देशराज सिंगला ने की। बैठक की शुरुआत में वक्ताओं ने सुभाष बंसल की निजी सम्पत्ति को पहुंचाया नुकसान की घोर निंदा की। व्यापारी सुभास बंसल ने बैठक में अपनी जमीन के मालकाना हक होने के सबूत के रूप में रजिस्ट्री के कागजात दिखाते हुए इस कार्यवाही को दुवेशपूर्ण करार दिया। सुभाष बंसल ने व्यापारियों की बैठक में इसका दोषी विधायक संजय सिंह को ठहराया। वहीं वक्ताओं ने भी सुभाष बंसल के इस आरोप का समर्थन किया। करीब एक घंटा तक चली व्यापारियों की बैठक के बाद अध्यक्षता कर रहे देशराज सिंघला ने सर्वसम्मति से लिए गए फैसलों को सुनाया। उन्होने बताया कि भविष्य में किसी भी व्यापारी या शहर के नागरिक के साथ ऐसा नहीं होने दिया जाएगा। जल्द ही एक कमेटी का गंठन करके प्रदेश मुख्यमंत्री से डीटीपी विभाग द्वारा की गई कार्रवाई की शिकायत की जाएगी।

### सीएम उड़नदस्ता टीम ने डिपोधारक के गोदाम गेहूं पकड़ा



डिपोधारक के गोदाम में सीएम उड़नदस्ता टीम ने गेहूं बरामद किया।

**सोहना।** मुख्यमंत्री उड़नदस्ता की टीम ने भोंडसी में सरकारी राशन की दुकान पर छापा मारते हुए डिपोहोल्डर के पास स्टोक रजिस्टर से 1690.95 किलोग्राम गेहूं अधिक पाया गया। डिपोधारक पर उपभोक्ताओं द्वारा सरकार राशन पर आने वाली चीनी को मनमर्जी भाव से बेचना और माप-तोल व सामग्री में हेरा-फेरी करने का आरोप लगाया है। बुधवार को मुख्यमंत्री उड़नदस्ता की टीम ने भोंडसी निवासी योगिन्द्र की सरकारी राशन की दुकान पर छापामारी की गई। मुख्यमंत्री उड़नदस्ता टीम को उपभोक्ताओं द्वारा गुप्प रुप से शिकायक करते हुए योगिन्द्र पर चीनी को मनमर्जी भाव से बेचना और माप-तोल व सामग्री में हेरा-फेरी करने का आरोप लगाते हुए शिकायत की थी। सीएम उड़नदस्ता टीम ने बुधवार को योगिन्द्र की के गोदाम पर छापा मारा। छापे के दौरान योगिन्द्र के गोदाम पर स्टोक रजिस्टर के रिकार्ड से अधिक गेहूं बरामद हुआ। जिससे मौके पर गाड़ी की सुविधा करते हुए स्थानीय भोंडसी थाना पुलिस के हवाले कर दिया। टीम के प्रभारी एसआई सुरेश कुमार ने बताया कि योगिन्द्र के खिलाफ कई राशन कार्ड धारकों द्वारा लिखित में शिकायत की गई थी। शिकायतों के आधार पर ही यह अधिक गेहूं बरामद किया। आरोपी के खिलाफभोंडसी थाना में लिखित शिकायत देते हुए मामला दर्ज कराने की अपील की गई है।

### खेल स्टेडियम में बने गड्ढ़ों को भरा, खिलाड़ी नहीं होंगे चोटिल



**सोहना।** स्थानीय देवीलाल खेल स्टेडियम में अभ्यास के दौरान खिलाड़ी चोटिल नहीं होंगे। खिलाड़ियों की सुविधा के लिए खेल स्डेडियम के मैदान में बनें गड्ढ़ों को समतल कराया दिया है। जिस पर खेल कमेटी ने लाखों रुपये खर्च किए है। शहर के एक मात्र देवीलाल खेल स्टेडियम में सुबह और शाम के समय में 200 से 250 खिलाड़ी अभ्यास करने के लिए आते है। खिलाड़ियों की अपेक्षा शहर के सैकड़ों महिला एवं पुरुष योगा, व्यायाम पैदल चाल व दौड़ करने के लिए आते है। लेकिन स्टेडियम परिसर के बीच में बनी क्रिकेट पिच के चारों तरफ दौड़ने वाले सर्कल में एवं अन्य कई स्थानों पर गड्ढ़े बनें होने से खिलाड़ी व आम नागरिक चोटिल होते रहे है। जिनको लेकर खिलाड़ी और आम नागरिक खेल मैदान को समतल कराने की मांग करते रहे है। क्योकि कही होनहार खिलाड़ी को गंभीर चोट न लग जाए। ऐसे उदयमान खिलाड़ी का भविष्य खराब न हो। समाज सेवी ब्रिजू ने इस मामले को कई बार सोशल मिडिया पर भी उठाया है। इसके अलावा अन्य कई समस्याओं को वह समय.समय पर स्टेडियम की समस्याओं का सोशल मिडिया के माध्यम से उजागर करते रहा है। खेल स्टेडियम में सुबह और शाम में तिरंदाजी के 60 से 65 खिलाड़ी आते है। जिन्हे वार्मअप होने के लिए मैदान में दौड़ भी लगानी होती है। इसके अलावा दौड़ए क्रिकेटए कुश्तीए जैम्नास्टिक आदि खेलों का अभ्यास करने के लिए शहरी और आस पास लगते गांवों से उदयमान खिलाड़ी आते है। खिलाड़ियों ने खेल स्टेडियम मैदान को समतल कराने के लिए कई बार मांग की है। इस समस्या का खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य को देखते हुए प्राथमकिता से ठीक कराया गया है। खिलाड़ियों को अन्य किसी भी समस्या का सामना नहीं करने दिया जाएगा।

### बारिश का जमा पानी बीमारियों को दे रहा है न्यौता

**सोहना।** शहर के आबादी व बाजारों के बीच बारिश से हुआ जलभराव बीमारियों को न्यौता दे रहा है। 24 घंटा बीत जाने के बाद भी बारिश का जमा पानी कम नहीं हुआ है। आम नागरिक जमा पानी में से पैदल व गाड़ियों से निकलने के लिए मजबूर हो रहे है। बुधवार की सुबह हुई भारी बारिश से शहर के आबादी व बाजारों में झील वाले स्थानों पर जमा पानी 24 घंटा बीत जाने के बाद भी ज्यो का त्यो खड़ा है। जमा बरसाती पानी से मक्खी व मच्छरों का आतंक बढ़ने लगा है। वहीं जमा पानी में से बदबू उठने से आस पास से निकलना भी मुश्किल हो गया है। यह जमा बारिश के पानी को इसमें से निकलने वाले वाहनों से दूर तक फैल जाता है। जिससे कम हो रहा है। महाराजा अग्रसैन चौक, पुराना तहसील परिसर, शहर थाना के सामने, सामान्य बस स्टैंड परिसर में जमा बरसाती पानी से आस पास बैठें दुकानदार परेशान है। पानी जमा होने से ग्राहक कम रुकते है। दूसरा वाहनों के तेजी से निकलने से गंदे पानी की छीटें उन तक पहुंच रही है। यह गंदा पानी दुकान में रखा सामान को खराब कर रहा है। पुराना तहसील परिसर में जमा बरसाती पानी की निकासी का कोई साधन नहीं है। इस तहसील परिसर में डाक घर, शहर पुलिस चौकी, पटवारियों के कार्यालय तथा साथ में वार्ड-14 का कोहली मौहल्ला आबादी क्षेत्र लगता है। इस पुराने तहसील परिसर में जमा होने वाला बरसाती पानी को सूखने में 10 से 15 दिन लग जाते है। बरसात का मौसम कदम रखने जा रहा है। बारिश के मौसम में तो यहा जलभराव रहता ही है। यहा के निवासी विनोद का कहना है कि मच्छरों को आतंक इतना बढ़ गया है कि रात तो दूर दिन के समय में भी एक पल की नींद नही ले सकते। सुकुन्तला का कहना है कि पानी से उठती बदबू से सास लेना भी दुभर हो रहा है।



सोहना की पुरानी तहसील परिसर में जमा बारिश का पानी।

# आईटीआई में फार्म भरने की तिथि 25 जून तक बढ़ाई, आवेदकों को राहत

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**आईटीआई** में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों के लिए राहत भरी खबर है। अब दाखिले के लिए 25 जून तक आवेदन कर सकेंगे। आठ जून से शुरू हुआ आईटीआई का मिशन एडमिशन 21 जून को समाप्त होना था। लेकिन अंतिम तिथि तक हरियाणा राज्य में करीब 70 प्रतिशत ही आवेदन पहुंचे। ऐसे में कौशल विकास एवम औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा ने आईटीआई में ऑनलाइन आवेदन की तिथि को 25 जून तक बढ़ा दिया है। 22 जून शाम तक विभागीय पोर्टल पर पूर्ण हरियाणा राज्य में 70976 विद्यार्थियों ने पंजीकरण किया, जिनमें से 59222 ने अपनी प्रोफाइल को पूरा किया है। गौरतलब है कि कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा द्वारा प्रदेश में 393 सरकारी व प्राइवेट आईटीआई चलाई जा रही हैं। इनमें इस बार करीब 89 हजार सीटों पर इंजीनियरिंग व नॉन इंजीनियरिंग कोर्सों में दाखिला किया जाना है। इसके लिए विभाग ने आठ जून से ऑनलाइन आवेदन शुरू किए थे, जोकि 21 तक होनी थी। लेकिन 21 जून तक भी सीटों के प्रति कम आवेदन आने के कारण विभाग को अंतिम तिथि बढ़ाने का निर्णय लेना पड़ा। प्रधानाचार्य भगत सिंह ने बताया है कि आईटीआई पलवल में दाखिला से संबंधित हेल्पडेस्क स्थापित की हुई है। जिस भी छात्र छात्रा को फार्म भरने में कोई भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा हो, तो वह आईटीआई पलवल में आकर अपना फार्म भर सकता है।

> **फार्म** भरने से वंचित विद्यार्थी अब आईटीआई में दाखिला लेने के लिए 25 जून तक ऑनलाइन आवेदन करवा सकेंगे। इसके लिए अब 21 जून की बजाय 25 जून तक तिथि बढ़ाई गई है, ताकि ज्यादा से ज्यादा छात्र छात्राएं आईटीआई में दाखिला ले सकें।
>
> **भगत सिंह, प्रधानाचार्य कम नोडल अधिकारी आईटीआई पलवल**



# सूदखोरों के दबाव में युवक ने जहर खाकर की आत्महत्या

## पंचायत में कर दी रकम चुकता, फिर भी 20 लाख मांगने लगे फाइनेंसर

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**सूदखोरों** से परेशान होकर एक युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। उसने पांच लाख 60 हजार रुपए का कर्ज लिया था। कुछ गहने भी फाइनेंसरों के पास गिरवी रखे, लेकिन 10 प्रतिशत की दर से ब्याज नहीं चुका पाया। सूदखोरों की धमकी से परेशान होकर जहर खा लिया। उसे हत्या करने, रेप के झूठे केस में फंसाने की धमकी दी गई। कैंप थाना में पुलिस ने आठ नामजद के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का केस दर्ज किया है।

कैंप थाना प्रभारी सत्यनारायण के अनुसार, शिव कॉलोनी निवासी बिहारीलाल ने दी शिकायत में कहा है कि उनकी कृष्णा कॉलोनी में मिठाई की दुकान है। उसके बेटे नितिन ने कृष्णा कॉलोनी निवासी सुरेंद्र से 80 हजार, सुरेंद्र से 68 हजार, राहुल से एक लाख, विनोद व राकेश से एक लाख 60 हजार, प्रमोद से डेढ़ लाख रुपए तीन प्रतिशत मासिक ब्याज पर उधार लिए हुए थे। इसकी एवज में उनके बेटे नितिन से सुरेंद्र ने दो, राहुल व विनोद ने चार और राकेश ने दो चेक हस्ताक्षर कराकर बतौर जमानत लिए हुए थे। कहा कि रकम चुकता करने पर चेक वापस लौटा देंगे। संजू के साथ भी उसके बेटे का कुछ लेनदेन था। लेकिन सुरेंद्र, राहुल, विनोद, राकेश, प्रमोद व संजू बाद में बेईमानी की नीयत से नितिन से 10 प्रतिशत मासिक दर से ब्याज की वसूली करते रहे। इसके लिए उसके बेटे ने राहुल से एक लाख 80 हजार रुपए बतौर कर्जा लिए और जमानत के तौर पर 16 तोला सोना, दो खाली चेक हस्ताक्षर कराकर व शपथ पत्र पर हस्ताक्षर करा लिए।

ब्याज दर 10 प्रतिशत होने पर उसका बेटा जब पैसे वापस नहीं कर पाया तो आरोपी उसके बेटे को जान से मारने की धमकी देने लगे। आरोपियों की धमकियों से तंग आकर नितिन मानसिक तौर से तनाव ग्रस्त हो गया और बिना बताए घर से चला गया। फोन पर नितिन ने उन्हें सारी बातें बताई। इसके बाद उन्होंने पंचायत की, जिसमें मौजिज लोग एकत्रित कर सभी का हिसाब पंचायत में चुकता कर दिया।



राहुल व सुरेंद्र ने चेक गुम होने की बात कहकर एक-दो दिन में लौटाने की बात कही। इसके बाद उसका बेटा वापस आ गया और दुकान पर बैठने लगा। लेकिन आरोपी उसके बेटे से और रकम हड़पने के चक्कर में उससे छह लाख 40 हजार व सुरेंद्र 80 हजार रुपयों की और मांग करने लगे। रमेशचंद व उसके दोनों बेटे राहुल व विनोद उसके बेटे पर 20 लाख रुपए देने का दबाव बनाने लगा, ऐसा न करने पर महिला से बलात्कार के झूठे केस में फंसाने की धमकी देने लगे।

इससे परेशान होकर उसके बेटे ने दुकान पर जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। कैंप थाना पुलिस ने पीडित की शिकायत पर रमेशचंद, राहुल, विनोद, सुरेंद्र, बाबूलाल डबास, राकेश, संजू व राकेश के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत चलाया गया स्वच्छता अभियान

**पलवल।** आजादी के 75वें अमृत महोत्सव की कड़ी में गुरुवार को हरियाणा उदय कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में एसडीएम लक्ष्मी नारायण सहित नायब तहसीलदार श्रवण कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी सागीर अहमद, नगर पालिका हथीन के सचिव देवेंद्र माथुर के साथ हथीन उपमंडल के सभी कार्यालयों के स्टाफ ने लघु सचिवालय कैंपस में सफाई अभियान चलाया। एसडीएम लक्ष्मीनारायण ने बताया कि हरियाणा उदय के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में स्वच्छता अभियान प्रोग्राम चलाया गया है। यह कार्यक्रम पूरे प्रदेश में चल रहे हैं। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा उदय प्रोग्राम को लेकर पूरे प्रदेश में एक मुहिम चलाई हुई है, जिसके अंतर्गत आज खंड हथीन में भी स्वच्छता अभियान चलाया गया है। उन्होंने कहा कि हम सभी को अपने घरों के साथ-साथ कार्यालयों में तथा आस-पास साफ-सफाई रखनी चाहिए, क्योंकि साफ-सफाई रखने से हमें कई बीमारियों से मुक्ति मिलती है। गंदगी में मच्छर पनपते हैं और उन्हीं मच्छरों से डेंगू व मलेरिया जैसी बीमारियां उत्पन्न होती है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि वे अपने कार्यालय, घरों व अपने आस-पास के क्षेत्र में स्वच्छता रखें और स्वस्थ रहें।

# एलायंस बिजनेस कनेक्ट मीटिंग में व्यवसायियों ने साझा किए बिजनेस टिप्स



**फरीदाबाद।** एलासंय बिजनेस कनेक्ट (एबीसी) जिला की मासिक बैठक होटल एग्राफी सेक्टर-12 फरीदाबाद में अलाय शुभांकित गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित हुई। एमओसी अलाय टीना हसीजा सचिव ने अध्यक्षों की उचित अनुमति के साथ बैठक शुरू की।

बैठक की शुरुआत गायत्री मंत्र एवं राष्ट्रगान से की गई। अलाय राकेश अग्रवाल संस्थापक अध्यक्ष एबीसी ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। नये विचार के साथ आत्म परिचय प्रारंभ किया गया। समूह में दो सदस्य शामिल थे और उन्होंने एक-दूसरे को पूरे विवरण के साथ परिचय दिया, जो बहुत रोमांटिक था और सभी ने इसकी प्रशंसा की। उसके बाद अलाय टीना हसीजा ने परिचय के बारे में प्रश्न पूछा और सही उत्तर देने वाले को उपहार दिया।

अलाय पल्लवी सिंघल ने पूरे आत्मविश्वास के साथ बीमा के बारे में अपने उत्पाद की प्रस्तुति दी। अलाय नितिन गर्ग ने अपनी फैक्ट्री के होम एप्लायंसेज के प्रत्येक उत्पाद के बारे में बताया। इस बैठक में मुदित सहगल सीए एवं अतिथि के रूप में धीरज अरोड़ा शामिल हुए।

टीना हसीजा ने शुभांकित गुप्ता का उनके बिजनेस सफर के बारे में साक्षात्कार लिया, जो बहुत आश्चर्यजनक था कि एक व्यवसायी ने 40.00 लाख रुपये प्रति वर्ष के पद से इस्तीफा दे दिया और बिजनेस लाइन को अपनाया। संरक्षक सहयोगी एमएलजैन ने सभी सदस्यों को आशीर्वाद देकर धन्यवाद दिया। सभी ने मीटिंग की व्यवस्था करने वाली टीम के सदस्यों को धन्यवाद दिया और उनकी प्रशंसा की।

## अलावलपुर के नवनियुक्त कस्टम इंस्पेक्टर रोहित डागर का किया स्वागत



**फरीदाबाद।** पृथला विधानसभा के बड़े गांव अलावलपुर के होनहार छोरे रोहित डागर पुत्र जगबीर सिंह डागर ने कस्टम विभाग में इंस्पेक्टर पद हासिल कर एक नया मुकाम हासिल किया है। वहीं उनके ताऊ के बेटे राहुल डागर का भी स्वागत किया गया, जोकि इंग्लैंड में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर कार्यरत हैं। जहां ग्रामवासियों एवं अन्य राजनीतिक पार्टियों के लोगों ने उनके निवास स्थान ग्राम अलावलपुर पहुंचने पर रैली के रूप में दर्जनों गाड़ियों के बीच खुली गाड़ी में फूलमाला, ढोल नगाड़ों, डीजे बजाकर खुशी जाहिर कर स्वागत किया। स्वागत समारोह में मौजूद ग्राम एवं क्षेत्रवासी महावीर सिंह डागर, शेर सिंह, विजेंद्र सिंह, नेतराम डागर, धन सिंह, अमीचंद, बीर सिंह हरियाणा पुलिस, डॉक्टर रूपचंद डागर, रतन सिंह, धर्म सिंह, सब इंस्पेक्टर हरियाणा पुलिस सुरेंद्र सिंह फोगाट, थान सिंह, कुलदीप सिंह, मास्टर महेश सिंह, सचिन मोदी, गुलाब सिंह, ओमवीर सिंह, योगेश कुमार, शंकर चौहान आदि ने भी स्वागत कर आशीर्वाद दिया।

# कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग द्वारा ग्रीष्मकालीन कार्यशाला का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**कला** एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा व शिक्षा विभाग हरियाणा की ओर से ग्रीष्मकालीन कार्यशाला का आयोजन किया गया। अतिरिक्त मुख्य सचिव राजेश खुल्लर तथा महानिदेशक अमित कुमार अग्रवाल के दिशा निर्देश यह आयोजन पूरे हरियाणा में मंडल स्तर पर सरकारी स्कूलों में पर किया गया। इस कार्यशाला में छठी से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को निशुल्क हरियाणवी नृत्य, लोक संगीत, रंगमंच व चित्रकला से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया।

कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा की रंगमंच अधिकारी तान्या जीएस चौहान ने बताया कि हमने पूरे हरियाणा में जो कार्यक्रम किया, उसके प्रति बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला। जिससे बच्चों के अंदर छिपी कला को निखारने का कार्य किया। हम उम्मीद करते हैं कि



आने वाले समय में बच्चे रंगमंच की ओर प्रोत्साहित होंगे और इस कला के माध्यम से अपने व्यक्तित्व को निखारेंगे।

रंगमंच के क्षेत्र मे लघु नाटिका आजादी के अमृत महोत्सव पर आधारित है। कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा की संगीत अधिकारी डॉ. दीपिका रानी ने बताया कि आज की युवा पीढ़ी हरियाणा राज्य के लोक संगीत से अनभिज्ञ है। इन कार्यशालाओं के माध्यम से बच्चे लुप्त हो रहे लोक संगीत के प्रति जागरूक होंगे। विभाग की ओर से भविष्य मे भी इस प्रकार की बहुमूल्य कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। हम उम्मीद रखते हैं कि इस कार्यशाला में बच्चों ने हरियाणवी संस्कृति को उजागर करने में अहम भूमिका निभाई है।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, अजरोंदा, सेक्टर-15 फरीदाबाद की प्रधानाचार्य पूनम तनेजा ने बताया कि कार्यशाला में भाग लेने वाले विद्यार्थी ने विभिन्न कलाओं में स्वयं को निखारा है व हरियाणवी संस्कृति को भी अपने जीवन मे संजीवन करने का कार्य किया है। प्रधानाचार्य ने कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग का धन्यवाद करते हुए कहा कि विभाग द्वारा इस प्रकार की कार्यशालाओं का आयोजन करना एक सराहनीय कदम है। हम कामना करते हैं कि विभाग भविष्य में भी इस प्रकार के प्रेरणा पदक कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा।

# देश की अर्थव्यवस्था में व्यापारियों का अहम योगदान : कृष्णपाल गुर्जर

## पलवल स्थित श्यामाकुंज वाटिका में आयोजित किया गया व्यापारी सम्मेलन

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**केंद्रीय** भारी उद्योग एवं ऊर्जा राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने महाजनसंपर्क अभियान के अंतर्गत श्यामाकुंज वाटिका में व्यापारी सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि व्यापारी देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी है। देश की अर्थव्यवस्था में व्यापारियों का अहम योगदान है। इसलिए व्यापारियों का सम्मान होना चाहिए।

कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि भाजपा में व्यापारियों के हित सुरक्षित है। सरकार ने व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए ठोस कदम उठाये हैं। व्यापार व काम करने वाले को डरने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि पलवल शहर में जल्द ही एलईडी लाइट लगवाई जाएंगी, सफाई व्यवस्था के लिए और अधिक ट्रैक्टर व जेसीबी मशीनों की व्यवस्था की जाएगी तथा पानी व सीवर व्यवस्था को भी दुरुस्थ किया जाएगा।

गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्वभर में लोकप्रिय नेता है। जिन्होंने देश का गौरव बढ़ाने का कार्य किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अगले 25 साल देश के लिए अमृतकाल हैं। इन 25 वर्षों में भाजपा द्वारा ऐसे विकास कार्य किए जाएंगे कि वर्ष 2047 में जब भारत आजादी का 100वां साल मनाएगा, तब मेरा भारत श्रेष्ठ भारत, विकसित भारत होना चाहिए। देश विश्वगुरु बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। वर्ष 2014 में भारत को प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी का नेतृत्व मिला। गत पिछले नौ वर्षों में अविश्वसनीय ऐतिहासिक कार्य हुए जो पूर्व की सरकार पिछले 70 वर्षों में नहीं कर पाई। भारत 2014 से पहले अर्थव्यवस्था में विश्व में 11वें स्थान पर था, अब अर्थव्यवस्था में भारत पांचवें स्थान पर है। सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण मजबूत व सुरक्षित भारत के लिए मोदी सरकार समर्पित व प्रतिबद्ध है।

विधायक दीपक मंगला ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश में चहुंमुखी विकास हो रहा है और बीते नौ साल में विकास के नए कीर्तिमान स्थापित तथा व्यापारियों के हित में कार्य हुए हैं। इस अवसर पर हथीन के विधायक प्रवीण डागर, जिला अध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया, मेहरचंद गहलोत, पूर्व मंत्री सुभाष कत्याल, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रभान गुप्ता, एलडी वर्मा, वीरपाल दीक्षित, विनोद जैन, जगमोहन गोयल, व्यापार प्रकोष्ठ के सहसंयोजक पवन अग्रवाल, सह संजयोगक प्रदीप मंगला, बलराम गुप्ता, सूरज पांडे, उदयभान सिंगला, राकेश गर्ग, मुकेश सिंगला, मुकेश देशवाल, जय सिंह चौहान, आशु प्रधान, प्रकाश चंद गोयल, रोहताश खत्री, प्रवीण ग्रोवर, मुकेश शर्मा, अविनाश शर्मा, नरेश चौधरी, स्वतंत्र गोयल, मुकेश मित्तल, प्रवीण गर्ग सहित व्यापारी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी गण मौजूद थे। सम्मेलन में व्यापार जगत से जुड़े बड़ी संख्या में व्यापारियों ने भाग लिया। सम्मेलन का संचालन कार्यक्रम संयोजक जगमोहन गोयल ने किया।

## केजीपी एक्सप्रेस-वे पर एक्सीडेंट में परिचालक की मौत

**पलवल।** केजीपी एक्सप्रेस-वे पर ट्रक का टायर बदल रहे परिचालक को कंटेनर ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह गंभीर घायल हो गया। जिसके बाद ड्राइवर ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी मौत हो गई। छांयसा थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जिला नागरिक अस्पताल पलवल में पोस्टमार्टम कराने के बाद ड्राइवर को सौंप दिया।

छांयसा थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार के अनुसार जिला मुरैना मध्यप्रदेश के गोपी गांव निवासी अनिल सिंह ने दी शिकायत में कहा है कि रात को वह ट्रक में सोनीपत से चावल भरकर बेंगलुरु के लिए रवाना हुआ था। ट्रक पर उसके साथ गांव का ही परिचालक सुनील सिंह भी मौजूद था। केजीपी एक्सप्रेस-वे पर हीरापुर गांव के मोड़ के नजदीक उनके ट्रक का टायर पंचर हो गया। जिसके चलते उन्होंने अपने ट्रक को केजीपी एक्सप्रेस-वे पर सड़क किनारे खड़ा कर दिया और परिचालक सुनील सिंह के साथ वह टायर को बदलने लगा। उसी दौरान पीछे से आए एक कंटेनर ने टक्कर मार दी।

वह आनन-फानन सुनील सिंह को लेकर पलवल के जिला नागरिक अस्पताल पहुंचा, जहां उसने सुनील को दाखिल करा दिया। उपचार के दौरान सुनील ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।

# गदपुरी टोल प्लाजा पर हुआ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन




पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**गदपुरी** टोल प्लाजा पर पलवल डोनर्स क्लब ज्योतिपुंज, क्यूब फाउंडेशन और दिल्ली आगरा टोल रोड प्राइवेट लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन टोल प्लाजा के प्रोजेक्ट मैनेजर वैभव शर्मा, टोल मैनेजर अनिल सिंह और पलवल डोनर्स क्लब के संयोजक विकास मित्तल ने किया।

शिविर का संचालन योग प्रोटोकोल के अंतर्गत योग आचार्य यशपाल गोयल और क्लब की सहसंयोजक अल्पना मित्तल ने किया। वैभव शर्मा और विकास मित्तल ने सभी को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि निरोग रहने का सबसे सहज माध्यम योग है। स्वस्थ रहने के लिए जीवन में योग करना आवश्यक है, क्योंकि नियमित रूप से योग करने से शारीरिक एवं मानसिक दोनों तरह का विकास होता है।

उन्होंने सभी को योग के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि योग व्यक्तित्व को निखारने में अहम योगदान देता है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन निवास करता है, इसलिए हर व्यक्ति को प्रतिदिन योग करना चाहिए। इस अवसर टोल के सैकड़ों कर्मचारियों एवं अन्य लोगों ने योग शिविर का लाभ उठाया। कार्यक्रम के आयोजन में क्यूब फाउंडेशन के राकेश राय, अंकिता के अलावा सोनू, दीपा, अमन, पवन आदि का विशेष सहयोग रहा।

# संक्षिप्त समाचार

## पटाखा बुलेट व ओवर स्पीड वाहनों के काटे चालान



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस ने पटाखा की बुलेट मोटरसाइकिल व ओवर स्पीड वाहन चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर 1610 वाहन चालकों के चालान काटे गए हैं। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि यातायात पुलिस ने पटाखा की बुलेट मोटरसाइकिल व ओवर स्पीड को लेकर अभियान की शुरुआत की है। इस अभियान के तहत फरीदाबाद पुलिस ने 1610 वाहन चालकों के चालान काटे, जिसमें बुलेट मोटरसाइकिल के चालान आठ तथा 10 चालान गलत साइड के शामिल हैं। छह मोटरसाइकिलों को इंपाउंड किया गया है। इस दौरान उनको समझाया भी जा रहा है कि वह अपनी लाइन में ड्राइव करें। वाहन चालकों को जागरूक करते हुए पुलिसकर्मियों ने बताया कि गलत दिशा में वाहन चलाने की वजह से सड़क दुर्घटना की संभावनाएं बढ़ जाती है, जिसमें कई लोगों की जान तक चली जाती है। इसके साथ ही उन्हें समझाया गया कि कम उम्र के बच्चों को वाहन चलाने के लिए अधिकृत नहीं किया गया है, क्योंकि उन्हें यातायात नियमों का ज्ञान नहीं होता। जिसकी वजह से वह सड़क दुर्घटनाओं का शिकार हो सकते हैं, इसलिए बच्चों को वाहन चलाने के लिए न दें। पुलिस ने चालकों को सड़क सुरक्षा का महत्व बताते हुए यातायात नियमों का अनुसरण करने के लिए जागरूक किया।

## कंप्यूटर ऑपरेटर 16500 रुपये रिश्वत लेते काबू

**पलवल।** लघु सचिवालय स्थित जिला खाद्य एवं आपूर्ति कार्यालय में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर को फरीदाबाद विजिलेंस ने 16 हजार 500 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। वह बंचारी गांव के डिपो होल्डर से कमीशन जारी करने के लिए रिश्वत मांग रहा था। उसने जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी के नाम पर रिश्वत ली थी। विजिलेंस ने केस दर्ज कर उससे पूछताछ शुरू कर दी है। विजिलेंस इंस्पेक्टर बिजेंद्र सिंह के अनुसार, बंचारी गांव निवासी डिपो धारक कविता के पति सुंदर ने दी शिकायत में कहा कि उन्हें डिपो पर राशन वितरित करने के लिए विभाग से कमीशन मिलता है। जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर विक्रम काफी समय से उनका कमीशन जारी नहीं कर रहा था। विक्रम जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी के नाम पर रिश्वत की मांग करता था, जिससे वे परेशान हो गए थे। विजिलेंस इंस्पेक्टर बिजेंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गई। कार्रवाई के लिए जिला बागवानी अधिकारी डॉ. अब्दुल रज्जाक को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया। विजिलेंस ने उन्हें पाउडर में रंग कर 16 हजार 500 रुपये दिए। वह लघु सचिवालय स्थित कार्यालय में कंप्यूटर ऑपरेटर विक्रम को रिश्वत देने के लिए गया। उसने विक्रम को रुपए दे दिए। इसी दौरान विजिलेंस ने छापेमारी कर आरोपी विक्रम को रंगे हाथ पकड़ लिया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट के समक्ष हाथ धुलवाने पर विक्रम के हाथ से लाल रंग निकला। इंस्पेक्टर बिजेंद्र सिंह का कहना है कि आरोपी कंप्यूटर ऑपरेटर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। मामले में जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी का नाम सामने आ रहा है, जिसकी जांच की जा रही है।

## बाल गृह फरीदाबाद के बच्चों ने किया योग



**फरीदाबाद।** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद शाखा फरीदाबाद द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का डीसी विक्रम सिंह के नेतृत्व में आयोजन किया गया। योगा दिवस के बारे में जिला बाल अधिकारी एसएल खत्री ने बताया योग करने से शरीर और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं। सभी को योगा करना चाहिए। कार्यक्रम में लगभग 95 बच्चों एवं स्टाफ के साथ शिक्षा विभाग द्वारा समग्र योजना के अंतर्गत रह रहे शहरी वंचित बच्चे एवं बाल गृह फरीदाबाद के बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम में अनिल दहिया कार्यक्रम अधिकारी एवं धर्मपाल डीपी ने मंच से योगासन करवाए और मंच का संचालन उदय चंद लेखाकार ने किया। टुगेदर वी विल संस्था के चेयरमैन मुनीश गांधी ने सभी के लिए रिफ्रेशमेंट की व्यवस्था की। कार्यक्रम में बाल भवन स्टाफ में मीनू शर्मा, मांगेराम, सुमित शर्मा, सुनीता देवी, राम शरण, सुमन, भगवान सिंह, सतीश, राजेश सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## मरीजों को निरोगी हरियाणा योजना के बारे में दी जानकारी

**पलवल।** सरकार की योजनाओं व जनकल्याणकरी नीतियों का लाभ लोगों को हर द्वार पर देने के लिए हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत जिला प्रशासन व सभी विभागों के अधिकारी गांवों में लोगों के बीच जाकर उन्हें सरकार की योजनाओं के बारे में जागरूक करने तथा पात्र परिवारों को लाभान्वित करने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। उपमंडल अस्पताल होडल में हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत एनआरसी पोषण पुनर्वास केंद्र के अंतर्गत कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में आए सभी कुपोषित बच्चों को जागरूक किया गया व इलाज के बारे में बताया। इस कैंप में 50 बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की गई व अन्य कुछ बच्चों को सामान्य अस्पताल पलवल में जांच के लिए रेफर किया गया। कार्यक्रम में उप सिविल सर्जन डॉ. रामेश्वरी व सामान्य अस्पताल पलवल के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. कृष्णा सांई कुमार ने कहा कि सभी संतुलित आहार का ही उपयोग करें। सभी को अपने आहार में हरी सब्जियों, दूध, फल, सलाद आदि को सम्मलित करना चाहिए।

## डिटेक्टिव स्टाफ ने नशीली दवाइयों सहित एक आरोपी पकड़ा



**पलवल।** डिटेक्टिव स्टाफ पलवल ने एक तस्कर को भारी मात्रा में नशीली दवाइयों सहित गिरफ्तार किया है। डिटेक्टिव स्टाफ पलवल प्रभारी उप निरीक्षक हनीश खान ने बताया कि 20/21 जून 2023 रात्रि को स्टाफ में तैनात सहायक उप निरीक्षक रविंद्र कुमार एवं महेंद्र सिंह अपनी टीम के साथ गश्त पर थे। जहां उन्हें सूचना प्राप्त हुई कि राहील गांव पचानका थाना हथीन नशीली दवाइयां बेचने का काम करता है। जो अपनी मोटरसाइकिल पर नशीली दवाइयां लेकर कोसी कलां उतरप्रदेश से पुन्हाना होते हुए गांव कोट उटावड से पचानका की तरफ जाएगा। सूचना पर पुन्हाना मोड गांव कोट पर बैरीगेट लगाकर नाकाबंदी शुरू की। 20/25 मिनट बाद एक व्यक्ति मोटर साइकिल पर पुन्हाना रोड की तरफ से आता हुआ दिखाई दिया। जो पुलिस को सामने देखकर भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन पुलिस ने उसे मोटरसाइकिल सहित काबू किया। उसके खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

## मोदी की अमेरिका यात्रा

### महत्वपूर्ण अवसर

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा भारत-अमेरिका संबंध मजबूत करने तथा चीन को कठोर संकेत देने का महत्वपूर्ण अवसर है। प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका की अपनी पहली राजकीय यात्रा पर हैं। उनकी यात्रा ने महत्वपूर्ण लोगों का ध्यान आकर्षित किया है तथा इससे बहुत उम्मीदें हैं। प्रधानमंत्री अमेरिका यात्रा का लाभ उठा कर न केवल अमेरिकन प्रशासन से मिलेंगे, बल्कि अनेक अमेरिकन बिजनेसमैनों तथा थिंकटैंकों से भी उनकी मुलाकात होगी। टेस्ला के सीईओ इलोन मस्क के साथ उनकी मुलाकात से बहुत से लोग इसके परिणामों की प्रतीक्षा कर रहे हैं। इस यात्रा से अमेरिका-भारत संबंधों को नई ऊंचाई पर ले जाकर और मजबूत संबंध बनाने की आशा है। कहने की आवश्यकता नहीं कि अमेरिकी व्यवस्था में बिजनेसों की नीति निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका है तथा अमेरिकी प्रशासन अमेरिका में बिजनेसों पर पड़ने वाले प्रभावों को देख कर बहुत सतर्कता से अपने कदम उठाता है। इस दृष्टिकोण से अमेरिका यात्रा के दौरान प्रभावशाली नेताओं तथा बड़े बिजनेसमैनों से प्रधानमंत्री की बैठकें सही दिशा में उठाया गया कदम हैं। इससे वैश्विक मंच पर भारत का बढ़ता प्रभाव स्पष्ट होता है। दूरगामी उद्यमी इलोन मस्क के साथ मुलाकात खोज एवं तकनीक-संचालित आर्थिक वृद्धि के प्रति भारत की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। ऐसी मुलाकातों से द्विपक्षीय सहयोग के लिए सकारात्मक ढांचा तैयार होता है। यह सहयोग नवीकरणीय ऊर्जा, अंतरिक्ष खोज तथा उत्कृष्ट विनिर्माण के क्षेत्र में हो सकता है जिससे दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों को बढ़ावा मिलेगा।



अभी यह कहना कठिन है कि टेस्ला वास्तव में भारत आएगी या नहीं क्योंकि यह अनेक चीजों पर निर्भर है, लेकिन निश्चित रूप से इससे यहां प्रवेश के अवसर खुलते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यात्रा ने स्पष्ट कर दिया है कि अमेरिका और भारत के बीच मजबूत साझेदारी नए क्षेत्रों में बढ़ रही है जिनमें जलवायु परिवर्तन, साइबर सुरक्षा तथा आतंकवाद से मुकाबला शामिल हैं। लेकिन राजनय के क्षेत्र में कोई घटना अलग-थलग नहीं होती है, बल्कि उसका मूल्यांकन व्यापक संदर्भ में होता है जिसमें अनेक क्षेत्रीय व वैश्विक पक्ष शामिल होते हैं। रूस और चीन के साथ भारत के संबंधों को बदलती भू-राजनीतिक गत्यात्मकताओं के संदर्भ में देखा जाएगा। हालांकि, अमेरिका-भारत साझेदारी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, पर इससे रूस और चीन के साथ भारत के संबंधों में गिरावट आना जरूरी नहीं है। भारत ने अपने रणनीतिक हितों को आगे बढ़ाने के लिए ऐतिहासिक रूप से विभिन्न देशों के साथ राजनयिक संबंध बनाए रखे हैं। प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिका यात्रा से रूस और चीन के साथ भारत की साझेदारी को नुकसान होने की संभावना नहीं है, इसके बजाय इससे विदेश नीति ढांचे में एक और आयाम जुड़ेगा। लेकिन भारत-अमेरिकी संबंधों के समक्ष कुछ चुनौतियां भी हैं। चीन के भावी दृष्टिकोण से पता चलेगा कि वह इस यात्रा को किस तरह देखता है। इसके साथ ही रूस और चीन के निकट आने से अमेरिका नीत पश्चिमी गठबंधन के खिलाफ एक धुरी तैयार हो रही है। भारत वर्तमान समय में रक्षा सप्लाई के लिए रूस पर काफी निर्भर है, ऐसे में देखना होगा कि रूस प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिका यात्रा को कैसे देखता है। रूस भारत के साथ ऊर्जा साझेदारी करता है तथा उसे राजनयिक समर्थन भी देता रहा है। अंतरराष्ट्रीय संबंधों के प्रति भारत का दृष्टिकोण हमेशा विभिन्न विश्व शक्तियों के बीच नाजुक संतुलन बनाए रखने का रहा है। ऐसे में भारत का प्रयास रूस या चीन को व्यथित किए बिना अमेरिका के साथ अच्छे संबंध और मजबूत करना है।

# भारत-अमेरिका संबंध : नया अध्याय

**दोनों देशों के राजनीतिक नेतृत्व की इच्छा मजबूत संबंध विकसित करना है जिनका आधार क्षेत्रीय, घरेलू व रणनीतिक आयाम होंगे। मोदी की अमेरिका यात्रा द्विपक्षीय संबंधों में नया अध्याय है।**

**सुमित कुमार**
(लेखक, दिल्ली विश्वविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं)



भारत-अमेरिका के संबंधों में विगत वर्षों में असाधारण एवं उल्लेखनीय सुधार हुआ है। इक्कीसवीं शताब्दी में भारत-अमेरिका संबंध दो नाराज लोकतंत्रों के बीच संबंधों के बजाय एक रणनीतिक संबंध में बदले हैं। यह इस शताब्दी की सबसे बड़ी व पारिभाषिक अवधारणा है। विगत वर्षों में दोनों देशों के बीच अनेक साझा हितों के क्षेत्र में महत्वपूर्ण सहयोग सामने आया है। हालांकि, कई भारतीय प्रधानमंत्रियों तथा अमेरिकी राष्ट्रपतियों ने भारत-अमेरिका संबंधों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में अपना उल्लेखनीय योगदान दिया है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इस संबंध में अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इस दृष्टिकोण से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 21 से 24 जून तक चलने वाली अमेरिका यात्रा को दोनों देशों के बीच संबंधों में एक ऐतिहासिक मोड़ या द्विपक्षीय संबंधों में एक नए अध्याय की तरह देखा जा रहा है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बन गए हैं। इस प्रकार उनका स्थान दुनिया के उन गिने-चुने नेताओं में शामिल हो गया है जिनको अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को एक बार से अधिक संबोधित करने का महत्वपूर्ण अवसर प्राप्त हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका की राजकीय यात्रा के अवसर पर अमेरिकी नेताओं ने जोर देकर कहा है कि उभरता हुआ भारत अमेरिका के साथ मिल कर न केवल दक्षिण एशिया, बल्कि दुनिया के अन्य भागों में भी शांति, सुरक्षा एवं विकास सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता के दृष्टिकोण से काम करने को तैयार है। इस बात में कोई संदेह नहीं है कि हालिया वर्षों में दोनों देशों के बीच संबंधों में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। इसके पीछे दोनों देशों के राजनीतिक नेतृत्व में एक-दूसरे से संबंधों को उच्च स्तर पर ले जाने की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति की भूमिका है। इसे अनेक वरिष्ठ भारतीय और अमेरिकी राजनेताओं के बीच द्विपक्षीय व बहुपक्षीय मुद्दों पर नियमित व व्यापक संपर्कों व संवाद के रूप में देखा जा सकता है।



इस तथ्य पर भी गौर किया जाना चाहिए कि निश्चित रूप से दोनों देशों के राजनीतिक नेतृत्व के बीच संबंध मजबूत करने की राजनीतिक इच्छाशक्ति का विकास अकारण ही नहीं हुआ है। वास्तव में द्विपक्षीय संबंधों में हालिया वर्षों में अनेक परिवर्तन आ रहे थे जिनका संबंध ढांचागत, घरेलू नेतृत्व तथा अन्य आयामों से है। इन संचालक शक्तियों के कारण ही भारत-अमेरिका संबंध नई ऊंचाइयों पर पहुंचे हैं और अब प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिका यात्रा से उनमें नया अध्याय लिखा जा रहा है। इन संचालक शक्तियों में से एक नई दिल्ली और वाशिंगटन के बीच साझा सुरक्षा चुनौतियां हैं।

इनसे निपटने के लिए दोनों देशों के राजनेता तथा अधिकारी लगातार अधिकाधिक संपर्क कर रहे हैं। अमेरिकन सुरक्षा अधिकारियों तथा विशेषज्ञों के बीच यह सोच विकसित हो रही है कि वर्तमान बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य में अमेले अमेरिका ही सारी दुनिया में शांति और सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर सकता है। अमेरिका में व्याप्त आर्थिक सुस्ती, रूस-यूक्रेन युद्ध में उसकी संलिप्तता तथा इनके साथ ही हिंद-प्रशांत, मध्यपूर्व व दुनिया के अन्य क्षेत्रों में बढ़ती चुनौतियां इस सोच का कारण हैं। इस स्थिति को देखते हुए अमेरिका भारत जैसी उभरती विश्व शक्तियों के साथ ज्यादा बेहतर संबंध विकसित करना चाहता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने पिछले नौ साल में सैनिक आधुनिकीकरण की प्रक्रिया को गति दी है तथा रक्षा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को आमंत्रित किया है। ऐसे में वाशिंगटन नई दिल्ली के साथ रक्षा सहयोग बढ़ाने को एक आर्थिक अवसर के रूप में भी देख रहा है। इसके साथ ही चीन के उभार तथा दक्षिण चीन सागर में उसकी आक्रामक नीतियों व दृष्टिकोण को देखते हुए भी अमेरिका भारत के साथ अपने सुरक्षा व सैनिक संबंधों को विस्तार देना चाहता है। प्रधानमंत्री मोदी ने सत्ता में आने के बाद से ही 'एक्ट ईस्ट पालिसी' पर जोर दिया है जिसके अंतर्गत व पूर्वी क्षेत्र के देशों के साथ विभिन्न क्षेत्रों में संबंधों का तेजी से विस्तार कर रहा है। अमेरिका इसे 'हिंद-प्रशांत रणनीति' की संगति में मानता है।

इस तथ्य को अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि चीन अनेक विवादित क्षेत्रों पर येन-केन-प्रकारेण कब्जा करना चाहता है। ऐसे में भारत को विवादित क्षेत्रों के संबंध में चीन की रणनीति तथा बीजिंग व इस्लामाबाद के बीच बढ़ते गठजोड़ से चिन्ता है। इस क्षेत्र में चीन की आक्रामकता तथा विस्तारवादी नीतियों का मुकाबला करने में भारत एकमात्र ऐसी शक्ति है जो चीन को समुचित जवाब दे सकती है। नई दिल्ली को लगता है कि दक्षिण एशिया में अमेरिका की उपस्थिति चीन के खिलाफ शक्ति संतुलन को भारत के पक्ष में मोड़ने में सहायक सिद्ध हो सकती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार इस तथ्य से भी भलीभांति परिचित है कि भारतीय सेना के आधुनिकीकरण तथा उसे विश्वस्तरीय सेना बनाने के लिए अमेरिकी हथियारों तथा रक्षा तकनीक की जरूरत है।

इसके बिना भारतीय सेना और रक्षा संस्थानों को अधुनातन बनाने में कठिनाई होगी। भारत सरकार ने विगत वर्षों में रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर लगातार जोर दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने 'मेक इन इंडिया' पहल शुरू की है। इसके लिए भी रक्षा क्षेत्र में विशेषज्ञता व उत्कृष्टता प्राप्त कर चुके अमेरिकी रक्षा उद्योग की सक्रिय सहभगिता बहुत लाभदायक होगी। भारत पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग-थलग करना चाहता है क्योंकि वह लगातार भारत के खिलाफ आतंकी गतिविधियां चला रहा है तथा इस मामले में चीन उसका सहयोगी है। ऐसे में नई दिल्ली व वाशिंगटन के बीच मजबूत सुरक्षा संबंध, लगातार जारी सुरक्षा संवाद तथा सैनिक अभ्यास महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकते हैं।

भारत और अमेरिका के बीच सुरक्षा सरोकारों के चलते दोनों देशों ने कई प्रमुख रक्षा समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। इनमें लाजिस्टिक एक्सचेंज मेमोरैंडम आफ एग्रीमेंट-लीमा, संचार एवं सूचना सुरक्षा मेमोरैंडम-सिस्मोआ तथा मूलभूत आदान-प्रदान व सहयोग समझौता-बीका शामिल हैं। तकनीकी सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दोनों देशों ने महत्वपूर्ण व उभरती तकनीकों पर पहल-आईसीईटी पर भी हस्ताक्षर किए हैं। इससे खोजी परिस्थितिकी तंत्र, रक्षा खोज व तकनीकी सहयोग, मजबूत सेमीकंडक्टर सप्लाई श्रृंखलाओं के निर्माण, अंतरिक्षा तथा भविष्योन्मुखी दूरसंचार क्षेत्रों में सहयोग मजबूत होगा। इस माह के प्रारम्भ में नई दिल्ली व वाशिंगटन के बीच रक्षा सहयोग रोडमैप पर हस्ताक्षर हुए हैं।


भारत के सुरक्षा सरोकारों को देखते हुए पाकिस्तान व आतंकवाद के प्रति अमेरिकी नीति में भी उल्लेखनीय परिवर्तन हुए हैं। इन परिवर्तनों से अमेरिका से भारत के रक्षा आयातों में तेजी से वृद्धि हुई है। 2008 में यह 1 बिलियन डालर से बढ़ कर 2021 में 21 बिलियन डालर तक पहुंच गया। मोदी की यात्रा के दौरान जनरल एलेक्ट्रिक-जीई तथा हिंदुस्तान एयरोनाटिक्स के बीच समझौते पर हस्ताक्षर प्रस्तावित है जिससे अमेरिकन जेट इंजनों का भारत में निर्माण हो सकेगा। इससे मेक इन इंडिया पहल को और गति मिलेगी। दोनों देश 30 एमक्यू-9 लड़ाकू ड्रोन खरीदने के रक्षा समझौते को भी अंतिम रूप दे सकते हैं।

आर्थिक संबंध द्विपक्षीय संबंधों की एक और संचालक शक्ति हैं। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 190 बिलियन डालर पहुंच गया है जिसे दोनों अगले कुछ साल में 500 बिलियन डालर तक पहुंचाना चाहते हैं। इसके लिए दोनों देशों ने भारत-अमेरिका निवेश पहल के साथ ढांचागत सहयोग मंच की स्थापना की है। निश्चित रूप से उपरोक्त उत्साहजनक परिदृश्य से हमें दोनों देशों के बीच संबंधों की चुनौतियों को अनदेखा नहीं करना चाहिए। अभी बाइडेन प्रशासन जनरलाइज्ड सिस्टम आफ प्रेफरेंस-जीएसपी में भारत का दर्जा बहाल करने का इच्छुक नहीं दिखता है तथा दोनों देशों के बीच कृषि व डेरी सब्सिडी के मामले पर विचार भिन्नता है। दोनों देशों में म्यांमार, ईरान व अफगानिस्तान के मामले में भी समान दृष्टिकोण नहीं हैं। अमेरिका भारत के 'रणनीतिक स्वायत्तता' के विचार के प्रति सहज नहीं है। मोदी की अमेरिका यात्रा से इनके समाधान में मदद मिलेगी जिससे द्विपक्षीय संबंध शिखर तक पहुंच सकते हैं।

# सुविधाभोगी जीवन और साधारण प्रगति

> "आध्यात्मिक प्रगति हमारी भौतिक प्रगति की अपर्याप्तता को दूर करने में भी सहायक होगी।"

**अजित कुमार बिश्नोई**
(लेखक, आध्यात्मिक चिंतक हैं)



मुझसे हाल ही में जीवन के लक्ष्यों के बारे में पूछा गया था। मेरा उत्तर था: आरामदायक जीवन और थोड़ी प्रगति। ऐसा क्यों? क्या इसमें असीमित संभावनाएं नहीं हैं? क्या हमें चंद्रमा का लक्ष्य नहीं रखना चाहिए? इन दोनों प्रश्नों का उत्तर निश्चित नहीं है। आइए बड़ी तस्वीर देखें. हम सदैव अपने शरीर, मन और शब्दों से कर्म करते रहते हैं। ये अच्छे और बुरे दोनों तरह के कर्मफल लाते हैं। उन्हें तब तक आगे बढ़ाया जाता है जब तक कि वे जन्म-जन्मांतर तक फलीभूत न हो जाएं। और क्रूर सत्य यह है : इस जीवन में जो कुछ भी फलित होता है वह पिछले जन्मों के कर्मों से आता है। वर्तमान जीवन में हम जो करते हैं उससे फर्क तो पड़ता है लेकिन मामूली रूप से। इसीलिए बड़ी सफलताएं केवल कुछ ही लोगों को मिलती हैं, भले ही कई लोग कड़ी मेहनत करते हों। हम इस जीवन में जो करेंगे वह व्यर्थ नहीं जाएगा बल्कि हमें भविष्य के जन्मों में ही उसका फल मिलेगा।

भगवद-गीता हमें क्या सिखाती है? कार्य का स्थान और कर्ता तथा अनेक प्रकार के साधन तथा अनेक भिन्न-भिन्न प्रयत्न तथा इस संबंध में पांचवां स्थान केवल विधान है। (18.14) इसीलिए भगवान कृष्ण ने सलाह दी है, किसी भी लाभ से संतुष्ट रहो, जो अपने आप (पहले किए गए कार्यों के कारण) मिलता है। (4.22) हमें अपना सर्वोत्तम प्रयास करना चाहिए, लेकिन हमें ऊंचे-ऊंचे परिणामों से आसक्त नहीं होना चाहिए; ऐसा होने की संभावना बहुत कम है. इसलिए, छोटी प्रगति वह है जिसकी हम वास्तव में आशा कर सकते हैं।

ऐसी प्रगति दो प्रकार की हो सकती है। पहला भौतिक है, जो बहुमत पर लागू होता है। दूसरा आध्यात्मिक है, जिसे केवल अल्पसंख्यक लोग ही चाहते हैं। अधिकांश लोग किसी और के लिए या सरकार के लिए काम करते हैं। एक अच्छी, सुरक्षित नौकरी पाने की प्रक्रिया भी प्रगति पर है, जिसमें अच्छा वेतन मिलता हो और सम्मान भी मिलता हो। ऐसी नौकरियाँ समाज के लिए आवश्यक हैं, इन नौकरियों में लोग देखभाल कर रहे हैं, वे विश्वसनीयता उत्पन्न करते हैं। इसी प्रकार, यदि कोई व्यक्ति उचित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण सामान की आपूर्ति करता है, तो सेवा-उन्मुख व्यवसाय चलाना प्रगति है। अंतर्निहित विचार यह है कि हम जो कुछ भी करते हैं उसमें लालच से दूर रहें क्योंकि यह कर्मफल सिद्धांत के विरुद्ध है। दूसरों की कीमत पर जो कुछ भी प्राप्त किया जाता है, वह प्रगति नहीं बल्कि प्रतिगमन है।



अब हम आध्यात्मिक प्रगति पर आते हैं। हम सभी को पता होना चाहिए कि हम ईश्वर के अंश हैं (15.7); पूर्ण बनने के लिए हमें उससे जुड़ना होगा। और ऐसा करने का सबसे आसान तरीका प्रार्थना करना, उसे याद करना आदि है। बुद्धिमान व्यक्ति अपने अंदर अच्छाई के गुण को सुदृढ़ करते हैं। यह केवल जुनून या अंधेरे के विपरीत अच्छाई को चुनकर किया जाता है। यह महत्वपूर्ण है क्योंकि हम सभी के बुरे कर्मफल फलित होने की प्रतीक्षा कर रहे हैं और स्वभाव में दोष हैं, जो हमें तुरंत क्रोध करने जैसी परेशानी देते हैं। ऐसी आध्यात्मिक प्रगति हमारी भौतिक प्रगति की अपर्याप्तता को दूर करने में भी सहायक होगी।

अब हम आरामदायक जीवन अपना सकते हैं। आराम से जीने को हम क्या मानते हैं? एक अच्छा आवास सबसे पहले दिमाग में आता है। हम सभी के पास एक आरामदायक घर होना चाहिए, चाहे वह हमारा अपना हो या हमारे द्वारा किराए पर लिया गया हो। फिर, अपना भरण-पोषण करने में सक्षम होने के लिए हमारे पास बहुत कुछ होना चाहिए। दुर्भाग्य से, कई लोग इन दोनों परीक्षाओं में उत्तीर्ण हो जाते हैं, लेकिन खराब संस्कारों के कारण सहज नहीं हो पाते। वे दिखावा करना चाहते हैं. मुझे कभी समझ नहीं आया कि एक जगह से दूसरी जगह जाने के लिए महंगी कार की जरूरत क्यों पड़ती है।

बच्चे इन ख़राब आदतों को सीखते हैं और फिर अपने जीवन में उनकी कीमत चुकाते हैं। फिर, पारिवारिक रिश्ते भी अच्छे होने चाहिए। भरोसेमंद डॉक्टरों आदि का एक अच्छा समर्थन आधार मदद करता है। भले ही कोई इन सभी परीक्षणों को पास कर ले, उसका मूड बाहरी चीज़ों के प्रभाव में होता है। चीजें गलत हो जाती हैं और व्यक्ति सबसे अच्छे परिवेश में सहज नहीं रह पाता है। यही कारण है कि आध्यात्मिक प्रगति महत्वपूर्ण है।

## आप की बात

### मणिपुर प्रकरण

**मणिपुर** हाई कोर्ट द्वारा 27 मार्च को दिये अपने पिछले फैसले पर पुनर्विचार याचिका स्वीकार कर लेने से मणिपुर के माहौल में शांति के आसार बनेंगे। इस हिंसा की शुरुआत कोर्ट का फैसला आने के बाद ही हुई थी और इतने दिनों से हिंसा का जारी रहना बहुत ही दुखद है। कोर्ट के फैसले पर पुनर्विचार करने से तनाव का मुख्य कारण खत्म हो जाएगा। अब फिर लंबे समय तक सुनाई चलेगी और हो सकता है कोर्ट अपना पूर्व का फैसला वापस ले ले। फिलहाल स्थिति की गंभीरता को देखते हुए केंद्र सरकार को केंद्रीय सुरक्षा बलों को तैनात कर सभी नागरिकों की पूर्ण सुरक्षा देने का अपना कर्तव्य निभाना चाहिए। हालांकि, मणिपुर प्रकरण से आरक्षण व खासकर जनजातीय आरक्षण के बारे में जनता व राजनीतिक दलों के बीच व्यापक सहमति बनाने की आवश्यकता उजागर होती है। यदि आरक्षण पर दूरगामी व भविष्योन्मुखी दृष्टिकोण से विचार कर व्यापक सहमति न तैयार की गई तो भविष्य में विभिन्न समूहों के बीच हिंसा की आशंका बनी रहेगी। आरएसएस ने मणिपुर में विभिन्न समुदायों के बीच सद्भावना विकसित करने की जिम्मेदारी अपने ऊपर ली है। देखना होगा कि उसके प्रयासों का क्या नतीजा निकलता है।

–**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### बंगाल में चुनाव

**अब** तो यह तय हो गया है कि पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव केंद्रीय सुरक्षा बल की निगरानी में होने जा रहे हैं। अतः कह सकते हैं कि वर्तमान समय में पश्चिम बंगाल की कानून-व्यवस्था ठीक नहीं है। बंगाल में फैला हिंसा का वातावरण ममता बनर्जी की सरकार के लिए कलंक की बात है क्योंकि लोकतंत्र में होने वाला हर पंचायत चुनाव पुलिस प्रबंधन से आसानी कराया जाता रहा है मगर वहां केंद्रीय पुलिस बल तैनात किया जा रहा है। ममता बनर्जी का दावा है कि पूरे प्रदेश में वातावरण नियंत्रण में है अतः पंचायत चुनाव केंद्रीय सुरक्षा बल की व्यवस्था में करवाना उचित नहीं है। लेकिन उच्च न्यायालय ने विभिन्न पक्षों को सुन कर केन्द्रीय बलों को तैनात करने का आदेश दिया था तथा सर्वोच्च न्यायालय ने भी इसमें हस्तक्षेप न कर ममता बनर्जी को तगड़ा धक्का दिया। अब निर्वाचन आयोग तथा उसके निर्देश में काम करने वाले राज्य निर्वाचन आयोग की जिम्मेदारी होगी कि वह समुचित संख्या में केन्द्रीय बलों की तैनाती कर राज्य में शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करवाये। चुनाव परिणामों से यह भी स्पष्ट होगा कि ममता बनर्जी की राज्य पर कितनी पकड़ बची है।

– **मनमोहन राजावत राज,** शाजापुर

### हिंदू समाज

**हिंदू** समुदाय वैश्विक मंच पर एक अल्पसंख्यक है और अन्य समुदायों की तरह उसे स्वीकृति प्राप्त नहीं हुई है। यहूदी, ईसाई, मुस्लिम जैसे समुदायों को कई देशों ने आश्रय दिया है, लेकिन पीड़ित हिंदू समुदाय को किसी देश ने आश्रय नहीं दिया है। ऐसे में भारत में सीएए व एनआरसी लागू करना बहुत आवश्यक है। हिंदू समुदाय अपनी संस्कृति, धर्म व प्राचीन विरासत के कारण विशेष है। इस समुदाय में विविधता व आदिवासी जनजातियों का सम्मिलन होता है। अतः इसे वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठित होना चाहिए। हिंदू समुदाय को अपनी सांस्कृतिक धरोहर व महत्व प्रदर्शन का संकल्प लेना चाहिए। इसके लिए, सामाजिक व सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा देने, शिक्षा व जागरूकता के माध्यम से सभी हिंदुओं को एकजुट करने और समुदाय के सदस्यों को अधिकारों व सुरक्षा का उचित संरक्षण प्रदान करने की आवश्यकता है। सीएए व एनआरसी बिल को विपरीत परिणामों से बचाने के लिए संशोधित करना चाहिए ताकि समुदाय के सदस्यों को न्यायपूर्ण और समर्पित राहत प्रदान की जा सके।

–**विमल कुमार शुक्ल,** आजमगढ़

### योग पर राजनीति

**कांग्रेस** ने पंडित जवाहरलाल नेहरू को योग करते हुए ट्वीट में बताया कि हम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पंडित नेहरू का धन्यवाद करते हैं जिन्होंने इसे लोकप्रिय और राष्ट्रीय नीति का हिस्सा बनाया। वहीं कांग्रेस के ही शशि थरूर ने कहा कि हमें उनका धन्यवाद करना चाहिए जिन्होंने योग को पुनर्जीवित कर लोकप्रिय बनाया और हमारी सरकार, प्रधानमंत्री, विदेशमंत्री आयोजन में शामिल हुए और इस प्रकार उन्होंने योग का अंतरराष्ट्रीयकरण किया। थरूर ने कहा कि योग हमारी सॉफ्ट पॉवर का हिस्सा है और इसे मान्यता मिलते देख अच्छा लगा है। मैं बरसों से कहता चला आ रहा हूँ कि प्रधानमंत्री मोदी ने हमारी प्राचीन योग-विधा को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करके, बहुत बड़ा काम किया है, जैसा कि विपक्षी नेता थरूर ने भी माना है। अतः इसपर राजनीति नहीं होनी चाहिए। हम भारतीयों को योग-विधा के हो रहे अंतर्राष्ट्रीयकरण पर गर्व करना चाहिए। कांग्रेस हो या अन्य विपक्षी पार्टियां, योग का उपयोग करे न कि उस पर संकुतचत राजनीति।

– **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

# महिलाओं के प्रति अत्याचार को रोकना होगा: योगी

## डेढ़ हजार जोड़ों के सामूहिक विवाह समारोह में सम्मिलित हुए सीएम योगी, नव दम्पतियों को दिया आशीर्वाद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ गोरखपुर

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आधी आबादी को नकार कर कोई भी समाज सशक्त नहीं हो सकता। आधी आबादी के सशक्तिकरण के बिना विकास की अवधारणा असंभव है। समाज को सशक्त करने के लिए महिलाओं के प्रति अत्याचार को रोकना होगा, सशक्तिकरण के कदम उठाने होंगे। इसे समझते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में डबल इंजन की सरकार नारी गरिमा की रक्षा व सशक्तिकरण के लिए मिशन मोड में काम कर रही है।



सीएम योगी गुरुवार पूर्वाह्न चंपा देवी पार्क मैदान में डेढ़ हजार जोड़ों के मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि दहेज की सामाजिक कुप्रथा के खिलाफ सामूहिक विवाह योजना एक सकारात्मक अभियान है। दहेज एक सामाजिक कुरीति है और दहेज मुक्त विवाह के अभियान में पूरे समाज को खड़ा होना चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत वर्ष 2017 से अब तक दो लाख से अधिक शादियां करा चुकी है। 2017 के पूर्व प्रति जोड़े विवाह पर 31 हजार रुपये खर्च किए जाते थे बाद में इसे बढ़ाकर 51 हजार रुपये कर दिया गया है। डबल इंजन की सरकार का यह सामूहिकता का प्रयास है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन सरकार महिला सुरक्षा, सम्मान व सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है और इस निमित्त हर जरूरी कदम उठा रही है। हर बेटी, बहन के लिए सुरक्षा के वातावरण में पढ़ाई, रोजगार और सम्मान देने के कार्य पूरी प्रतिबद्धता से चलाए जा रहे हैं। प्रदेश में कन्या के जन्म से लेकर स्नातक की पढ़ाई के लिए मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना चलाई जा रही है तो महिलाओं की सुरक्षा के लिए पूरे प्रदेश में मिशन शक्ति अभियान चलाया जा रहा है। कन्या की स्नातक की पढ़ाई के बाद उसकी शादी के लिए भी किसी को चिंता करने की आवश्यकता नहीं है, इसके लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना है। यह गांव की बेटी, सबकी बेटी की भावना के अनुरूप है। सीएम योगी ने महिला कल्याण के क्षेत्र में सरकार की बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मातृ वंदना आदि योजनाओं का भी जिक्र किया। सीएम योगी ने कहा कि बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए उनकी सरकार ने पुलिस भर्ती में 20 प्रतिशत महिलाओं की भर्ती को अनिवार्य कर दिया है। 1947 से लेकर 2017 तक यूपी पुलिस में महिला कार्मिकों की संख्या दस हजार थी आज यह संख्या चालीस हजार है। 2017 के बाद महज छह वर्षों में यह संख्या चार गुना हो गई है। इस तरह के अभियान को गति देते हुए गोरखपुर में पीएसी की महिला बटालियन की स्थापना के कार्य को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। समाज कल्याण विभाग की तरफ से आयोजित इस समारोह में डेढ़ हजार जोड़े विवाह के पावन बंधन में बंधे। नवयुगलों में हिन्दू, मुस्लिम दोनों शामिल रहे। सभी नव दम्पतियों को आशीर्वाद देते हुए मुख्यमंत्री ने उनके सुखमय जीवन की कामना की।

### सीएम ने दिया आशीर्वाद, रविकिशन ने गाया गाना

**इन** गरीब बेटियों के परिजनों ने शायद कभी यह कल्पना नहीं की थी कि उनकी बिटिया की शादी इतने वीआईपी अंदाज में होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आशीर्वाद देने खुद आएंगे और भोजपुरी फिल्मों के सुपरस्टार, सांसद रविकिशन मंगलगीत गाएंगे, पर सीएम योगी की पहल, उनकी संवेदनशीलता और आत्मीयता से गरीब बेटियों व उनके पाल्यों के लिए अकल्पनीय यह नजारा हकीकत में नजर आया। गुरुवार को चंपा देवी पार्क मैदान में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में मुख्यमंत्री की आत्मीयता पूर्ण मौजूदगी 1500 वधू और 1500 वर पक्ष के लोगों को अभिभूत करने वाली थी। इन लोगों के लिए यह क्षण इसलिए भी अभूतपूर्व था कि उनके घर वैवाहिक कार्यक्रम में शायद ही कोई वीआईपी पहुंचता। पर यहां तो मुख्यमंत्री खुद आए थे। आशीर्वाद देने, शगुन किट गिफ्ट देने और उनके साथ ढेरों वीआईपी भी गरीबों की खुशियों का साक्षी बनने।

# आकांक्षात्मक विकास खंडों का समग्र विकास शासन की प्राथमिकता: सीएम



● जिलों के भ्रमण के दौरान आकांक्षात्मक विकास खंडों का निरीक्षण जरूर करें प्रभारी मंत्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में प्रदेश के आकांक्षात्मक विकास खंडों की वार्षिक प्रगति की समीक्षा की और ओवरऑल डेल्टा रैंकिंग और विषयगत क्षेत्रवार डेल्टा रैंकिंग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विकास खंडों को पुरस्कृत करने के लिए दिशा-निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आकांक्षात्मक विकास खंड वाले 34 जिलों के प्रभारी मंत्री जब भी जनपदीय भ्रमण पर जाएं तो इन विकास खंडों की स्थिति का परीक्षण जरूर करें। सीएम फेलो से संवाद करें, प्रगति का अनुश्रवण करें। उन्होंने कहा कि विगत छह वर्ष में वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में सराहनीय प्रयास हुआ है। उन्होंने आकांक्षात्मक विकास खंड को केंद्रित रखते हुए ऋण मेले लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आकांक्षात्मक विकासखंडों का विकास हमारी प्राथमिकता में है। यहां मैनपॉवर की कोई कमी नहीं होनी चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाए कि इन विकास खंडों में बीडीओ, खंड शिक्षा अधिकारी, एडीओ पंचायत, सीडीपीओ, पशु चिकित्सा अधिकारी, राजस्व कर्मी आदि की तैनाती रहे। इन क्षेत्रों में अपेक्षाकृत युवा, ऊर्जावान और विजनरी अधिकारियों की तैनाती की जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आकांक्षात्मक जनपदों की तर्ज पर राज्य में जारी आकांक्षात्मक विकासखंडों के सामाजिक-आर्थिक सुधार के नियोजित प्रयासों में आशातीत सफलता मिली है। कुल 34 जनपदों में चयनित सभी 100 आकांक्षात्मक विकासखंडों में स्वास्थ्य और पोषण, शिक्षा, कृषि और जल संसाधन, वित्तीय समावेशन, कौशल विकास तथा आधारभूत संरचना आदि क्षेत्र के तय 75 इंडिकेटर पर जारी सुधारात्मक प्रयास इस पिछड़े क्षेत्रों का कायाकल्प करने वाले सिद्ध हो रहे हैं। आकांक्षात्मक विकास खण्डों की प्रथम वार्षिक रिपोर्ट (मार्च 22 से मार्च 23) अच्छे संकेत देने वाली है। इसके अनुसार मार्च 2022 में मात्र 33 इंडीकेटर्स में 50 से अधिक आकांक्षात्मक विकास खंड संबंधित इंडीकेटर्स के राज्य औसत से ऊपर थे जबकि मार्च 2023 में 63 इंडीकेटर्स में 50 से अधिक आकांक्षात्मक विकास खंड संबंधित इंडीकेटर्स के राज्य औसत से ऊपर हो गए है। उन्होंने कहा कि वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, मार्च 2022 से मार्च 2023 के मध्य 7 इंडीकेटर्स में समस्त आकांक्षात्मक विकास खण्डों में सुधार हुआ है। 50 इंडीकेटर्स में 70 से अधिक आकांक्षात्मक विकास खंडों में सुधार देखने को मिला है। 99 आकांक्षात्मक विकास खंडों में मैम (मॉडरेट एक्यूट मैलन्यूट्रिशन) बच्चों में कमी दर्ज होना संतोषप्रद है। स्वास्थ्य प्रणाली में गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण की दर औसतन 70 प्रतिशत से बढ़कर 91 प्रतिशत तक पहुंचना और संस्थागत प्रसव औसतन 44 प्रतिशत से बढ़कर 67 प्रतिशत होना, हमारे प्रयासों के सही दिशा में होने का प्रमाण है।

योगी ने कहा कि आकांक्षात्मक विकास खंडों में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत गोल्डन कार्ड के वितरण में औसतन 38 प्रतिशत से 73 प्रतिशत की सार्थक वृद्धि है। इसी प्रकार समस्त 100 आकांक्षात्मक विकास खण्डों के राजकीय विद्यालयों में शत-प्रतिशत क्रियाशील पेयजल व्यवस्था की जा चुकी है। 99 आकांक्षात्मक विकास खण्डों में निराश्रित गौवंश हेतु गौशालाओं को क्रियाशील हैं और समस्त 100 आकांक्षात्मक विकास खंडों की प्रत्येक ग्राम पंचायत में जन सेवा केंद्र की स्थापना की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले आकांक्षात्मक विकास खंडों को राज्य सरकार द्वारा सम्मानित किया जाना चाहिए।

ओवरऑल डेल्टा रैंकिंग और विषयगत क्षेत्र.वार डेल्टा रैंकिंग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विकास खंडों को आर्थिक प्रोत्साहन दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आकांक्षात्मक विकास खंडों की प्रगति की मासिक रिपोर्ट नीति आयोग को भी उपलब्ध कराई जाए। डेटा की शुद्धता के लिए नियोजन विभाग को सजग रहना होगा। डेटा का भौतिक सत्यापन भी कराया जाए। डेटा जितना शुद्ध होगा, हमारे प्रयास उतनी ही सही दिशा में हो सकेंगे। बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में जहां शिक्षकों का अभाव हो वहां तकनीक का प्रयोग करते हुए ऑनलाइन शिक्षा व्यवस्था की दिशा में विचार करना चाहिए। इन कक्षाओं की मॉनीटरिंग भी की जानी चाहिए। आकांक्षात्मक विकास खंडों में तैनात सीएम फेलो अच्छा कार्य कर रहे हैं। इनके प्रदर्शन-योगदान की मासिक रैंकिंग तैयार की जाए। आवश्यकतानुसार इनकी ट्रेनिंग भी कराई जाए। इस कार्यक्रम से शोधार्थियों को विकास के विभिन्न क्षेत्रों को समझने तथा उनमें सहयोग करने का सुअवसर प्राप्त हो रहा जो उनके भविष्य निर्माण में भी सहायक होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अनुभवी सीएम फेलो को राज्य सरकार के अधीन होने वाली स्थायी नियुक्तियों के दौरान आयु में छूट तथा वेटेज का लाभ भी दिया जाएगा।

# विपक्षी एकता मीटिंग पर मायावती का तंज, दिल मिले न मिले हाथ मिलाते रहिए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पटना** में शुक्रवार को होने विपक्षी एकता मीटिंग में नीतीश द्वारा आमंत्रित न किए जाने पर बसपा अध्यक्ष मायावती का दर्द छलका है। मायावती ने कहा कि यूपी में लोकसभा की 80 सीट चुनावी सफलता की कुंजी कहलाती है, पर विपक्षी पार्टियों के रवैये से ऐसा नहीं लगता है कि वे यहां अपने उद्देश्य के प्रति गंभीर और सही मायने में चिन्तित हैं। बिना सही प्राथमिकताओं के साथ यहां लोकसभा चुनाव की तैयारी क्या वाकई जरूरी बदलाव ला पाएगी।

विपक्षी एकता मीटिंग से ठीक पहले बसपा प्रमुख मायावती ने गुरुवार को तंज कसते हुए नीतीश पर हमला बोला है। मायावती ने ट्वीट कर कहा कि वैसे अगले लोकसभा चुनाव की तैयारी को ध्यान में रखकर इस प्रकार के प्रयास से पहले अगर ये पार्टियां, जनता में उनके प्रति आम विश्वास जगाने की गरज से अपने गिरेबान में झांककर अपनी नीयत को थोड़ा पाक-साफ कर लेतीं तो बेहतर होता। 'मुंह में राम बगल में छुरी' आखिा कब तक चलेगा? उन्होंने



कहा बल्कि लोकसभा आम चुनाव के पूर्व विपक्षी पार्टियां जिन मुद्दों को मिलकर उठा रही हैं और ऐसे में नीतीश कुमार द्वारा कल 23 जून की विपक्षी नेताओं की पटना बैठक 'दिल मिले न मिले हाथ मिलाते रहिए' की कहावत को ज्यादा चरितार्थ करती है। उन्होंने कहा कि महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी, पिछड़ापन, अशिक्षा, जातीय द्वेष, धार्मिक उन्माद, हिंसा आदि से ग्रस्त देश में बहुजन के त्रस्त हालात से स्पष्ट है कि परमपूज्य बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के मानवतावादी समतामूलक संविधान को सही से लागू करने की क्षमता कांग्रेस, बीजेपी जैसी पार्टियों के पास नहीं है। गौरतलब हो कि शुक्रवार को पटना में विपक्षी एकता मीटिंग हैं। इसमें दिल्ली, पंजाब, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, उत्तरप्रदेश, झारखंड, कश्मीर से आने वाले ज्यादातर विपक्षी नेता शिरकत करेंगे। एकता मीटिंग में शामिल होने वाले नेताओं में मायावती का नाम नहीं है। न ही उन्हें न्यौता दिया गया है।

# बसपा कार्यालय से दलितों के मसीहा की मूर्तियां हटाना बहुजन आंदोलन के खिलाफ: फतेह बहादुर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सामाजिक** संस्था बहुजन भारत के अध्यक्ष व पूर्व आईएएस कुंवर फतेह बहादुर ने कहा है कि बसपा प्रदेश मुख्यालय से दलितों के मसीहा बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर और पार्टी के संस्थापक कांशीराम की प्रतिमा हटाए जाने से 85 फीसदी बहुजन समाज (दलित-पिछड़ा वर्ग) और अल्पसंख्यक समाज में निराशा है। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने इन वर्गों के अधिकार की व्यवस्था संविधान में की और बाद में इन वर्गों को संविधान प्रदत्त अधिकार दिलाने के लिए कांशीराम ने बसपा का गठन किया और इस पार्टी के बैनर के जरिए देश व्यापी आन्दोलन चलाकर इन वर्गों को इनके सामाजिक और राजनीतिक अधिकार दिलाने में अहम् भूमिका निभाई लेकिन ये बहुजन समाज के लोगों का दुर्भाग्य ही है कि बसपा प्रमुख ने इन्हीं की मूर्तियां पार्टी कार्यालय से हटा दी।

कुंवर फतेह बहादुर गुरुवार को संस्था मुख्यालय पर आयोजित बैठक क्श दौरान पदाधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बसपा प्रमुख के इस फैसले पर अफसोस व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मायावती को अगर पार्टी कार्यालय से हटाना ही था तो केवल उन्हें अपनी मूर्ति हटानी चाहिए थी। बहुजन समाज के पथ प्रदर्शक डॉ. अम्बेडकर और बहुजन नायक कांशीराम के साथ देश के करोड़ों बहुजनों की आस्था जुडी है और इन्ही के आदर्शों पर चलने की बात करने वाली बसपा प्रमुख ने इन्हीं की मूर्तियां पार्टी कार्यालय से हटा दी। उन्होंने कहा कि इसके पीछे पार्टी नेताओं की दलील है कि पार्टी कार्यकर्त्ता पार्टी मुख्यालय में नहीं बल्कि मायावती के आवास पर आते हैं, इसलिए इन दोनों महापुरुषों की मूर्तियां और साथ में मायावती अपनी भी मूर्ति अपने आवास पर लगवाएंगी। उन्होंने कहा कि वास्तविकता ये है कि मायावती के आवास पर कोई आम या अहम नेता भी बिना समय लिए उनसे नहीं मिल सकता और कार्यालय में आमजन की समस्या को सुनने के लिए भी कोई नहीं रहता। यहां भी आमजन के लिए दरवाजे बंद की रहते हैं। इसलिए यह कहना कि लोग मायावती के आवास पर बहुत लोग मिलने जाते हैं, हास्यास्पद है। बसपा कार्यालय और पार्टी प्रमुख के आवास के दरवाजे कार्यकर्ताओं और आम जनता के लिए बंद है, यह हकीकत किसी से छिपी नहीं है। पार्टी के इस रवैये से पार्टी का जनाधार और भी ज्यादा कमजोर होगा।

# प्रवर्तन वाहनों की लोकेशन देने वाले संदिग्ध व्हाट्सएप ग्रुप की जांच के निर्देश



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने कहा कि शिकायतें मिल रही हैं कि निगम में कार्यरत कतिपय नियमित व संविदा चालक-परिचालक अपने मोबाइल फ ोन में व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर प्रवर्तन वाहनों का स्थल एवं दिशा प्रसारित कर रहे है। जिससे उक्त स्थल के आसपास समस्त मार्गों पर डयूटीरत अधिकतर चालकों-परिचालकों को सम्बन्धित प्रवर्तन दल की सूचना पहुंच जाती है। उन्होंने कहा कि चालक-परिचालकों का यह कृत्य निगम हितों के विपरीत है तथा बहुत ही संदिग्ध और गम्भीर प्रकृति का है और प्रदेश सरकार की भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति के विरुद्ध भी है। परिवहन मंत्री ने परिवहन निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रवर्तन वाहनों की लोकेशन एवं दिशा सूचित करने के उद्देश्य से संचालित संदिग्ध व्हाट्सएप ग्रुप की रोक-थाम के लिए बस निरीक्षण के दौरान चालक-परिचालकों के मोबाइल फ ोन का भी निरीक्षण किया जाए। साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिए हैं कि जांच के दौरान चालक-परिचालक द्वारा फोन अनलॉक किया जाना अनिवार्य होगा। फोन में स्थल आउट करने सम्बन्धी कोई व्हाट्सएप ग्रुप या अन्य गतिविधि पाए जाने पर अधिकारी इसकी रिपोर्ट मुख्यालय के माध्यम से प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि चालक-परिचालक द्वारा अपना फ ोन दिखाने या अनलॉक करने में सहयोग न करने पर भी उनके विरुद्ध कदाचार की रिपोर्ट प्रेषित की जाएगी। साथ ही इस पूरे प्रक्रिया की विडियोग्राफ ी अनिवार्य रूप से की जाएगी। परिवहन मंत्री ने कहा है कि रिपोर्ट में दोषी पाए जाने पर चालक-परिचालक के विरुद्ध निलम्बन-संविदा समाप्ति की नियमानुसार कार्रवाई की जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा।

# भाजपा राज में मेडिकल कॉलेजों व अस्पतालों में हर तरफ है दुर्दशा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में उत्तर प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं में कोई सुधार नहीं हुआ, रोज-ब-रोज बदहाल जरूर होती गई हैं। अस्पतालों में कहीं दवाएं नहीं तो कहीं डॉक्टरों की भारी कमी है। मंत्री के तमाम छापों और बयानबाजी के बावजूद मरीजों को अस्पताल तक ले जाने के लिए न एम्बुलेंस है और न अस्पतालों में स्ट्रेचर की समुचित व्यवस्था है।

यादव ने कहा कि रोगी अपने साधन से अस्पताल पहुंच भी जाए तो वहां उसे दवाए इलाज समय से नहीं मिल पा रहा है। मंत्री के छापों का नतीजा शून्य है। जब मुख्यमंत्री के गृह जनपद गोरखपुर में ही मरीजों को दवाएं और वेंटीलेटर नहीं मिल पा रहे हैं तो प्रदेश के अन्य जिलों का क्या हाल होगा, इसका बस अंदाजा लगाया जा सकता है। अखिलेश यादव ने



कहा कि डाक्टर उत्तर प्रदेश में लगातार सरकारी अस्पतालों की सेवाओं को छोड़ रहे हैं। प्रदेश के अस्पतालों में स्थिति यह हो गयी है कि मरीजों को इलाज की जगह झाड़ फूंक कराना पड़ रहा है। कहीं टार्च की रोशनी में प्रसव कराया जा रहा है। भाजपा सरकार में मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में हर तरफ दुर्दशा है। यादव ने कहा कि समाजवादी सरकार में जिला अस्पतालों में मरीजों की तमाम जांचे जो पहले मुफ्त थी। भाजपा सरकार में महंगी हो गई है। भाजपा सरकार आने के बाद से पूरा सिस्टम ध्वस्त हो गया। वेंटीलेटर अस्पतालों के गोदाम में पड़े धूल खा रहे हैं। स्थितियां इतनी खराब हो गयी है कि आम जनता इलाज के लिए सरकारी अस्पतालों में जाने से डरती है।

# जनता को मुफ्त कानूनी सहायता के लिए एलएडीसीएस प्रणाली लागू

● दो साल के लिए लागू इस प्रणाली में चीफ, डिप्टी एवं असिस्टेंट काउंसिल की सेवाओं के माध्यम से आमजन को दी जाएगी कानूनी सहायता

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**योगी** सरकार ने प्रदेश की जनता को फ्री कानूनी सहायता देने और छोटे-छोटे विवादों को समझौते के आधार पर निपटाने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तहत दो वर्ष के लिए कानूनी सहायता रक्षा परामर्श प्रणाली (एलएडीसीएस) को लागू किया है। योगी सरकार ने प्रदेश की जनता को इसका अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है ताकि आपराधिक मामलों में सार्वजनिक रक्षक प्रणाली की तर्ज पर आम जन को कानूनी सहायता प्रदान की जा सके। एलएडीसीएस प्रणाली में चीफ, डिप्टी एवं असिस्टेंट काउंसिल की सेवाओं के माध्यम से आम जन को कानूनी सहायता प्रदान की जाएगी।

योगी सरकार का एलएडीसीएस का लागू करने का उद्देश्य समाज के कमजोर और निर्बल वर्गों को प्रभावी और कुशल कानूनी सेवाएं प्रदान करने के लिए न्यायालय आधारित कानूनी सेवाओं को मजबूत करना है। साथ ही पात्र व्यक्तियों को आपराधिक मामलों में गुणात्मक और सक्षम कानूनी सेवाएं प्रदान करेगा। इसका लाभ अनुसूचित जाति और जनजाति के सदस्य उठा सकते हैं। किसी व्यक्ति द्वारा किए जा रहे अवैध व्यापार से पीड़ित इसका सीधा लाभ ले सकेगा। प्रदेश की पीड़ित की महिलाओं, बेटियां और बच्चे, दृष्टिहीनता, कुष्ठ रोग, बहरेपन, दिमागी कमजोरी आदि निर्योग्यता से ग्रस्त व्यक्ति एवं खानाबादोश व्यक्ति, सामूहिक आपदा, जातीय हिंसा, वर्गीय अत्याचार, बाढ़, अकाल, भूकम्प अथवा औद्योगिक आपदा से पीड़ित व्यक्ति, औद्योगिक कामगार, किशोर अपचारी (अर्थात 18 वर्ष तक की आयु के बालक), अभिरक्षा में निरुद्ध व्यक्ति, सुरक्षा गृह, मानसिक अस्पताल अथवा नर्सिंग होम में भर्ती मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति और ऐसे व्यक्ति जिसकी वार्षिक आय 300000 से कम हो वह इस प्रणाली का लाभ उठा सकेंगे। एलएडीसीएस मुख्यत: जिले अथवा मुख्यालय में आपराधिक मामलों में विशेष रूप से कानूनी सहायता प्रदान करने का कार्य करता है। सभी सत्र न्यायालयों, विशेष न्यायालयों, मजिस्ट्रेट न्यायालयों तथा कार्यकारी न्यायालयों में सभी विविध कार्यों सहित प्रतिनिधित्व, परीक्षण और अपील कर सकेंगे।

# बिजली कटौती के खिलाफ आप ने राज्यभर में किया प्रदर्शन

● गर्मी के कारण प्रदेश में हुई मौतों में मृतक परिवारों को उचित मुआवजा और सरकारी नौकरी देने की मांग



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आम** आदमी पार्टी ने गुरुवार को पूरे प्रदेश में बिजली कटौती को लेकर शांतिपूर्वक धरना प्रदर्शन किया। इसी क्रम में लखनऊ इकाई ने जिला अध्यक्ष शेखर दीक्षित के नेतृत्व में शक्ति भवन पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं और पुलिस में झड़प हुई। पुलिस कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर इको गार्डन ले गई। जिला अध्यक्ष शेखर दीक्षित ने इस मौके पर कहा कि प्रदेश में बिजली की अघोषित कटौती हो रही हैण्जनता बिजली कटौती से त्राहिमाम कर रही है।

पूरे प्रदेश में बिजली कटौती का संकट लोग झेल रहे हैं। गर्मी की वजह से अस्पतालों में लोग भर्ती हो रहे हैं और मौतें हो रही हैं। अकेले पूर्वांचल में सैकड़ों लोगों की मौतें हो चुकी हैं। अस्पतालों में भर्ती मरीज गर्मी से बेहाल होकर भाग रहे हैं और गर्मी के कारण तमाम बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। पार्टी की ओर से उन्होंने सरकार से मांग की प्रदेश में निर्बाध बिजली आपूर्ति कराई जाये जिससे इस भयंकर गर्मी से लोगों को निजात मिल सके और लोगों की मौतें न हों। गर्मी के कारण प्रदेश में जो मौतें हुई है उन मृतक के परिवार को उचित मुआवजा और सरकारी नौकरी दी जाये और बिजली विभाग में रिक्त पदों को जल्द से जल्द भरा जाए। आम आदमी पार्टी का कहना है कि आज उत्तर प्रदेश में 27000 मेगावाट बिजली की जरूरत है और मात्र 4 हजार मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है। 23 हजार मेगावाट बिजली बाहर से खरीदी जा रही है। उसके बाबजूद 10- 12 घंटे की बिजली कटौती होती है। अघोषित बिजली कटौती से लोग बेहद परेशान हैं। बिजली विभाग में वर्तमान में 1 लाख कर्मचारियों की जरूरत है लेकिन मात्र 34 हजार कर्मचारी बिजली विभाग में कार्यरत हैं, 66 हजार बिजली कर्मचारियों की कमी है जिसकी वजह से विभाग ठीक से काम नहीं कर पा रहा है। ट्रांसफार्मर फुंक जा रहे हैं। जगह जगह तार टूट रहे हैं। कर्मचारियों के अभाव में काम नहीं हो पा रहा है और लोग गर्मी में रहने को मजबूर हैं।

# सुचारु रूप से विद्युत आपूर्ति को शीघ्र उठाएं जाएं जरूरी कदम: देवराज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बरसात** के मौसम की शुरूआत हो गयी है। इस मौसम में विद्युत लाइनों उपकरणों तथा ट्रांसफार्मरों के क्षतिग्रस्त होने की सम्भावना अन्य मौसम की तुलना में ज्यादा रहती है। ऐसी स्थिति में विद्युत आपूर्ति बाधित न हो इसके लिये आवश्यक सावधानियों और अनुरक्षण कार्य समय से कर लिए जाएं।



उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष एम. देवराज ने उक्त निर्देश प्रदेश के सभी वितरण एवं ट्रांसमिशन अधिकारियों को दिए है। जारी निर्देश में उन्होंने कहा है कि भीषण गर्मी में प्रदेशवासियों को वर्षा के कारण राहत मिली है। इन गर्मियों में बिजली मांग रिकार्ड स्तर पर गयी जिसे पावर कारपोरेशन ने 27611 मेगावाट की आपूर्ति करके पूरा किया। आगामी महीनों में विद्युत की मांग मौसम के स्वरूप पर निर्भर करेगी लेकिन अगस्त और सितम्बर में पूर्व वर्षों की तरह फिर मांग नए रिकार्ड तक पहुंच सकती है। अत: अभी से सभी परिस्थितियों से निपटने की तैयारी कर ली जाए। अध्यक्ष ने कहा है कि गर्मी के बाद बारिश में, मौसम में नमी बढ़ जाती है, जिसके कारण विद्युत उपकरणों की मेगर वैल्यू अर्थात इन्सूलेशन क्षमता घट जाती है। इन्सूलेशन क्षमता की कमी बारिश में तापमान बढ़ने तथा वातावरण में नमी होने से होती है जिससे 11 केवी व 33 केवी की लाइनों के पिन तथा डिस्क इन्सुलेटर के पंचर होने की घटनाएं बढ़ सकती हैं, वितरण व पावर परिवर्तक के एचटी एवं एलटी साइड के बुशिंग के इन्सुलेटर पंचर हो सकते हैं। उपकेन्द्रों के ब्रेकर के स्पॉउट तथा बसबार में वोल्टेज फ ॉल्ट बढ़ेंगे, पेड़ की टहनियों की जरा भी नजदीक आने से ओवर हेड लाइन की अर्थ फाल्ट पर ट्रिपिंग होने की सम्भावना बढ़ जाती है तथा एचटी उपभोक्ताओं (11 व 33 केवी) के मीटरिंग क्यूबिकल में वोल्टेज फॉल्ट के कारण औद्योगिक फीडरों में आपूर्ति में बाधा उत्पन्न हो सकती है। उन्होंने कहा कि इन परिस्थितियों में आपूर्ति बेहतर रहे और स्थनीय दोष कम से कम हो इसके लिए 11 केवी व 33 केवी की लाइनों के पिन तथा डिस्क इन्सूलेटर स्टोर में उपलब्ध हों। वितरण व पावर परिवर्तक के एचटी-एलटी साइड के बुशिंग के इन्सुलेटर नजदीक की कार्यशाला में परिवर्तक की क्षमतावार टैगिंग के साथ रखे जाएं। उपकेन्द्र के ब्रेकर की मेक के अनुसार स्पॉउट उपलब्ध हों।

यथा सम्भव पेड़ों की कटाई छटाई करायी जाती रहे। उपभोक्ता मीटरिंग रूम तथा उपकेन्द्रों पर नमी विद्युत उपकरणों पर न बैठे इसके लिए आवश्यक क्षमता के हीटर जलाकर रखे जाएं। उपकेन्द्रों पर कूलर का प्रयोग बारिश के प्रारम्भ होने के पश्चात बिलकुल भी न किया जाए। जिन कमरों में नमी होने के पूर्व रिकार्ड उपलब्ध है,उनमें हीटर जलाकर रखने के पश्चात एक्जास्ट फैन न चलाए जाएं।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 23 जून, 2023



# त्यौहारों के मद्देनजर सुव्यवस्था सुनिश्चित करने के आदेश

## ● डीएम ने की तैयारियों के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक

**संवाददाता।** शाहजहाँपुर




**डीएम** उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में ईद-उल-जुहा एवं कावंड़ यात्रा की तैयारियों तथा शांति एवं कानून व्यवस्था के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक में डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि आगामी त्योहारों एवं कावड़ यात्रा के दृष्टिगत समस्त व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करना सुनिश्चित करें। कहा कि आगामी त्योहारों को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया जाये। उन्होंने सख्त निर्देश दिया कि किसी भी नई परंपरा की शुरूआत न की जाये। डीएम ने अपर नगर आयुक्त एसके सिंह को त्योहारों के दृष्टिगत साफ-सफाई व्यवस्था, चूना छिड़काव एवं अपशिष्ट प्रबन्धन आदि व्यवस्थाए सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। कहा कि जलापूर्ति की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। सभी थानो पर पीस कमेटी की बैठक समय से कर ली जाये। ईद-उल-जुहा की तैयारियों की समीक्षा करते हुये निर्देश दिये कि पूर्व की भाति ही निर्धारित स्थानों पर परंपरागत ढंग से त्योहार मनाया जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि सामूहिक कुर्बानी स्थलों पर पानी के टैंकरों तथा अपशिष्ट प्रबन्धन हेतु कूड़ेदान अवश्य रखवायें। डीएम ने सभी मुस्लिम धर्म गुरूओं से अपेक्षा करते हुये कहा कि ईद-उल जुहा के मौके पर कुर्बानी के अपशिष्ट को किसी भी दशा में रोड, गली, मोहल्ले अथवा सार्वजनिक स्थानों पर खुला न फेकें, अपशिष्ट को निस्तारण हेतु पॉलीथीन में कवर करके कूड़ेदान में ही डाले, जिससे कि किसी प्रकार की असुविधा उत्पन्न न हो। उन्होंने कड़े निर्देश दिये कि किसी भी दशा में प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी न की जाये। अधिशासी अभियन्ता जल निगम नगरीय को निर्देश देते हुये कहा कि कि चौकी हद्दफ से ईदगाह को जाने वाले एवं नगर के मुख्य मार्गो पर खोदे गये गड्ढे भरवाने का कार्य ससमय पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कार्यदायी संस्था एवं अधिशासी अभियन्ता जल निगम नगरीय को चेताते हुये कहा कि रिस्टोरेशन कार्य में लापरवाही पाये जाने पर कड़ी विधिक कार्यवाही की जायेगी। डीएम ने कहा कि ईद-उल-जुहा के त्यौहार को सद्भाव एवं भाई चारे के साथ मनायें, किसी भी प्रकार की अफ्वाहो पर ध्यान न दें। कहा कि कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। बैठक में पुलिस अधीक्षक एस आनन्द ने बताया कि सुरक्षा हेतु कड़े प्रबन्ध किये गये है। सभी मस्जिदों के पास प्रर्याप्त सुरक्षा बल तैनात किया जायेगा। उन्होंने सभी को ईद-उल-जुहा की बधाई देते हुये कहा कि प्रशासन जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। अगर किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो तत्काल उच्च अधिकारियों को सूचित करें। कावड़ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा करते हुये डीएम ने कहा कि कावड़ यात्रा के मार्गो में पड़ने वाले ट्रांसफार्मर को कवर कराये तथा विद्युत के ढीले तारों को ठीक कराया जाये। उन्होने अभिहीत अधिकारी खाद्य सुरक्षा को निर्देशित किया कि यात्रा के मार्गो मे पड़ने वाली मीट की दुकानो को बंद कराया जाये। कावड़ यात्रा के मार्गो को ठीक कराये जाने के निर्देश भी दिये। इसके साथ ही चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि स्थलों का चयन करते हुये मेडिकल कैम्प स्थापित कराये जाये। एसपी एस आनन्द ने कावड़ यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में जानकारी दी। कहा कि जनपद में धारा 144 लागू है जिसके प्राविधानों का सभी के द्वारा पालन किया जाये।

## सड़क के किनारे सघन वृक्षारोपण किया जाए : नगर आयुक्त



**शाहजहांपुर।** नगर आयुक्त के निर्देश पर नगर निगम के तत्वावधान में नगर क्षेत्र के जिला अस्पताल रोड पर दुकानदारों द्वारा अवैध रूप से कर रखे अतिक्रमण को हटाये जाने की कार्यवाही को नगर आयुक्त द्वारा अपनी देखरेख में कराया गया। साथ ही निर्देशित किया गया कि जिन दुकानदारों ने अवैध अतिक्रमण कर रखा है, उनको तत्काल वहां से हटाया जाए एवं अवैध अतिक्रमण हटाये जाने के उपरांत जुलाई के पहले सप्ताह में सड़क के किनारे-किनारे सघन वृक्षारोपण किये जाने की कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। निरीक्षण के समय अपर नगर आयुक्त एस के सिंह, अधिशासी अभियंता सिविल आशीष त्रिवेदी, अधिशासी अभियंता जल निगम एवं अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## मुक्ति धाम में होने वाली अवैध वसूली खत्म

**संवाददाता।** गोला गोकर्णनाथ खीरी

**नगर** के मुक्तिधाम गोला में अंतिम संस्कार के बाद अनाधिकृत रूप से नगर पालिका के नाम पर 100 रुपये की रसीद काटी जाती थी जोकि सभी को देना अनिवार्य था आर्थिक रुप से मजबूत नगरवासी तो आसानी से दे देते थे पर गरीब असहाय, निर्धन को 100 सौ की राशि देकर रसीद कटवाना बहुत कठिन होता था। नगर पालिका अध्यक्ष



विजय शुक्ला ऊर्फरिंकू ने रसीद काटने व शुल्क माफकर दिया है। विजय शुक्ला ऊर्फरिंकू ने कहा कि मुक्ति धाम से होने वाली अवैध वसूली देखकर उनको बहुत कष्ट की अनुभूति होती थी गरीब, असहाय, निराश्रित जन सामाजिक रूप से सहयोग द्वारा ही अंतिम संस्कार करते थे और मुक्तिधाम में फिर अवैध वसूली के रुप में 100 रुपये की रसीद देना पडता था जिसे नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने बोर्ड की बैठक के बाद जनहित में मुक्तिधाम में अवैध वसूली खत्म कर दी है। आगे कहा कि अब नगर पालिका गोला सभी नागरिकों के लिए निशुल्क फ्रीजर व रसीद देने का आदेश दिया। मुक्तिधाम के सौंदर्यीकरण व विकास नगरपालिका परिषद गोला से कराने की घोषणा की है।

# सदस्यों को विश्वास में लेकर क़स्बे की जनता के लिए कार्य करेंगे

**संवाददाता।** सिंगाही खीरी



**नगर** पंचायत सिंगाही.भेरौड़ा की पहली बोर्ड बैठक में अध्यक्ष मोहम्मद क़य्यूम को वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार मिल गए। अध्यक्ष ने कहा कि वह सदस्यों को विश्वास में लेकर क़स्बे की जनता के लिए कार्य करेंगे। सफाई, पथ प्रकाश और पेयजल संबंधी सुविधाओं को चाक चौबंद रखा जाएगा। नगर पंचायत के मैरिज हाल में 11 बजे की बैठक शुरु हुई। अध्यक्ष समेत समस्त सदस्यगण पहली बोर्ड बैठक को लेकर उत्साहित दिखे। अध्यक्ष मोहम्मद क़य्यूम की अनुमति से लेखा लिपिक अखिलेश अवस्थी ने एजेंडा पढ़कर सुनाया। इसके बाद बोर्ड ने अध्यक्ष को प्रशासनिक और वित्तीय अधिकार भी प्रदान कर दिए। सभासदों ने वार्ड में बुनियादी सुविधाओं के विकास की बात रखी। अध्यक्षता करते हुए चेयरमैन मोहम्मद क़य्यूम ने कहा कि वार्डों को बुनियादी सुविधाओं से सुसज्जित करने के लिए बोर्ड कार्य करेगी। सभी सदस्य समय.समय पर जनहित से जुड़े अपने सुझाव उपलब्ध कराते रहें। अध्यक्ष ने कहा कि मौसम से पहले क़स्बे में नालों और नालियों की साफ सफाई कराई जाएगा। क़स्बे के मुख्य नालों व सड़कों के निर्माण के प्रस्तावों को भी मंजूरी मिल गई। नगर में विद्युत लाइनों और क्षतिग्रस्त बिजली पोल लगाए जाने पर भी चर्चा हुई। जहां पोल नहीं हैं वहां शीघ्र पोल लगाने पर चर्चा हुई। मोहम्मद क़य्यूम ने बताया कि 400 केवी का मोबाइल ट्रांसफार्मर, बॉडी फ्रीजर, शव वाहन, वाटर कूलर, ऑक्सीजन सिलेंडर, क्रय करने के लिए कार्ययोजना में शामिल किया गया है। संचालन अधिशासी अधिकारी अवधेश मिश्रा ने किया। बैठक में सदस्य मन्ना बानो, राम नरेश गुप्ता, राहुल गुप्ता, मीरा देवी, धुर्व कुमार, आशीष भंडारी, रामजी गुप्ता, कमला देवी, सलीमुन्निशा, जीनत बानो सहित समस्त सदस्य मौजूद रहे।

## सर्वेश रस्तोगी बने उप सभापति



**बरेली।** नगर निगम के उपसभापति के पद पर भाजपा पार्षद सर्वेश रस्तोगी निर्विरोध चुने गए। उपसभापति के पद पर निर्विरोध निर्वाचित होने पर महापौर उमेश गौतम ने मिष्ठान खिलाकर सर्वेश रस्तोगी का स्वागत कर अपनी खुशी का इजहार किया। गुरुवार को नगर निगम के परिसर में उपसभापति के पद के लिए हाथ उठाकर चुनाव किया गया। इसमें भाजपा पार्षद सर्वेश रस्तोगी के पक्ष में नगर निगम के कार्यकारिणी सदस्यों ने अपना विश्वास जताया। बता दे नगर निगम के कार्यकारिणी में संख्या बल भाजपा के पक्ष में है। यहां पर निगम कार्यकारिणी के सौरभ मौर्य, नीरज कुमार, सीता पटेल, राम पाल गंगवार, गरिमा अग्रवाल, मीरा देवी, अरेंद्र अरोरा ,निधि सक्सेना, अलीम खान, सलीम पटवारी मौजूद रहे।

# विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एक जुलाई से

**संवाददाता।** शाहजहांपुर



**जनपद** में जनमानस को संचारी रोग से बचाने के लिए 1 जुलाई से विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के जरिए टीबी, फायलेरिया, कुष्ठ और दिमागी बुखार और कुपोषण पर काबू पाने के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रयास किए जाएंगे। यह जानकारी गुरुवार को स्वाथ्य सभागार में सीएमओ डॉ आर गौतम ने बैठक में बताए। विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान से संबंधित सभी विभागों के अधिकारियों को पूर्ण सहयोग करने की अपील की। 17 से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान के जरिए आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता (फ्रंट लाइन वर्कर्स) घर-घर दस्तक देकर संचारी रोग से ग्रसित मरीजों को खोजेंगी। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. एस के गंगवार ने बताया कि इस अभियान में आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा को बुखार के रोगियों की सूची, इन्फ्लुएंजा लाइक इलनेस रोगियों की सूची, क्षय रोग के लक्षण फाइलेरिया युक्त व्यक्तियों की सूची, कुपोषित बच्चों की सूची ई कवच पर बनाई जाएगी और क्षेत्रवार जिन घरों के भीतर मच्छरों का प्रजनन पाया गया हो, उन्हें फार्मेट पर भरा जाएगा। इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग संचारी रोगों तथा दिमागी बुखार से संबंधित रोकथाम के लिए जनपद, ब्लॉक, पंचायत व ग्रामीण स्तर पर समन्वय के लिए नोडल विभाग का काम करेगा। संचारी रोग और दिमागी बुखार के केसेज पर निगरानी रखना भी अहम काम होगा। अभियान में फ्रंट लाइन वर्कर्स जो सूची विभाग को देंगे, स्वास्थ्य विभाग को उन मरीजों की जांच व उपचार की व्यवस्था करानी होगी।

## क्विक न्यूज

### मुस्लिम महिलाओं ने किया योगा

**बरेली।** समाज सेवा मंच की ओर से योग दिवस पर मुस्लिम महिलाओं ने कहा हम नमाज भी बढ़ेंगे योग भी करेंगे मंच के अध्यक्ष समाजसेवी नदीम शमसी ने योग दिवस की मुबारकबाद दी और कहां भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने योग को बढ़ावा दिया है। अब जो लोग योग करेंगे वह बीमारियों से दूर रहेंगे। योग गुरु सोनम सक्सेना ने कहां सब लोग प्रतिदिन योग करेंगे और निरोगी रहेंगे। योगा करने वालों में कार्यक्रम अध्यक्ष महेश पंडित शाहीन रजा ख़ानम फरनाज शमसी मोहित सक्सेना अफ़शां ज़ैनाब नसरीन तमन्ना रिफा नाजिया मेहरून्निसा सायमा शबाना आदि।

### मुठभेड़ के दौरान दो आरोपी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** मदनापुर पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों ने दस में दो बार चोरी की घटनाओं का अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी की ज्वैलरी और एक हजार रूपये की नकदी बरामद की है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने पुलिस को बताया कि, दस दिन पहले चोरी की घटना के बाद उसके साथी को पुलिस ने पकड़कर जेल भेजा था, लेकिन दोनों लोग पुलिस से छुपकर समय गुजार रहे थे। चोरी का जेवर बेचने के लिए जा रहे थे। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

### समर कैंप का समापन समारोह सम्पन्न

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** स्थानीय कृषक समाज इण्टर कॉलेज में द नेक्स्ट स्टेप डांस एकेडमी के द्वारा आयोजित समर कैम्प का समापन समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में वारिस अली अंसारी सदस्य जिला पंचायत व समाजसेवीए इफ्तिखार खान एगुड्डू बाबू पूर्व ब्लाक प्रमुखए प्रधानाचार्य डॉ एल आर वर्माए उपप्रधानाचार्य आनन्द प्रकाश सरोजए विनोद मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यकम में बच्चों ने नृत्यए गायन प्रस्तुत किया। ब्यूटीशियन, मेहंदी, क्राफ़्ट, मूर्तिकला के विद्यार्थियों ने मॉडलिंग कर प्रदर्शन किया। बच्चों ने कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। समरकैम्प संचालक सारिका रानी और सन्दीप सैंडी ने आये हुये अतिथियों का आभार प्रकट कर उनको स्मृति चिन्ह, पौधे और बच्चों द्वारा बनाये गए क्राफ़्ट के गिफ्ट देकर सम्मानित किया और विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

# नम आंखों से दी महोली विधायक के पिता को विदाई

## ● विधायक शशांक त्रिवेदी ने पिता को दी मुखाग्नि

**संवाददाता।** महोली, सीतापुर



**महोली** विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक शशांक त्रिवेदी के पिता कौशल किशोर त्रिवेदी पंचतत्व में विलीन हो गए। इनका गुरुवार की सुबह लखनऊ के मेदांता अस्पताल पहुंचने से पहले निधन हो गया था। अंतिम संस्कार उनके महोली विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पैत्रक गांव ब्रम्हावली स्थित पारिवारिक श्मशान स्थल बैकुंठ धाम में किया गया। मुखाग्नि बड़े बेटे महोली विधायक शशांक त्रिवेदी ने दी। कौशल किशोर त्रिवेदी के 4 पुत्र हैं, एक पुत्र अमेरिका में, एक नोएडा और 2 लखनऊ में रहते है। कौशल किशोर त्रिवेदी जब गिरे और उनकी तबियत बिगड़ी तो अपने पिता की सेवा के लिए चारों बेटे उनके आस-पास आ गए। गुरूवार सुबह विधायक को पितृ शोक होने की सूचना जैसे ही महोली नगर से लेकर विधानसभा इलाके में फैली हर खासो आम का रूख ब्रम्हावली की ओर हो गया। शव यात्रा बैकुंठ धाम पहुंचने पर महोली तहसीलदार आ रपी सिंह ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। दुख की इस घड़ी में योगी सरकार के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद, मोहम्मदी से भाजपा विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह, सीतापुर एमएलसी पवन सिंह चौहान, भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, पूर्व विधायक अनूप गुप्ता, पूर्व एमएलसी हरीश बाजपेई, पूर्व एमएलसी भरत त्रिपाठी, वरिष्ठ पत्रकार डा. पंकज सिंह गौर, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय भार्गव, भाजपा नेत्री नीरज वर्मा, अरूणेश त्रिपाठी, अजय सिंह ठेकेदार, डा. प्रेम शंकर गुप्ता, भाजपा नेता विश्राम सागर राठौर, राहुल जायसवाल, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मनोज तिवारी, आशीष भैयाजी, लाल बहादुर सिंह, अमित भदौरिया एडवोकेट, अंकित त्रिवेदी, महोली गन्ना समिति चेयरमैन प्रतिनिधि धीरेंद्र चौहान, पिसावां ब्लाक प्रमुख मिथिलेश यादव, महोली सपा नेता अरूण दीक्षित मोनू, पूर्व प्रमुख अमरेंद्र सिंह चौहान, के आई सी महोली के प्रधानाचार्य प्रफुल्ल मिश्रा, महोली नगर पंचायत ईओ दिनेश भार्गव, जिला पंचायत सदस्य सुमित शुक्ला, मिश्रिख ब्लाक प्रमुख रामकिंकर पांडेय, महोली नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गुप्ता टीटू, सत्यप्रकाश मिश्रा, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मुनींद्र अवस्थी, डीसीडीएफ चेयरमैन रोहित सिंह, महोली सीएचसी अधीक्षक डा. इमरान, महोली कोतवाली प्रभारी अनूप शुक्ला, अमित मिश्रा सहित हजारों लोग महोली विधायक शशांक त्रिवेदी के साथ मौजूद रहे।

# बाजार में मिलावटी खाद्य सामग्री की बिक्री जोरों पर

**संवाददाता।** मोहमदी खीरी

**एक** तरफ जहां खाद्य सामग्री के भाव सातवें आसमान को छू रहे हैं वहीं दूसरी तरफ उसमे मिलावट भी उतने ही बड़े पैमाने पर की जा रही है।लोगों को मोटे दाम चुकाने के बाद भी शुद्ध खाद्य पदार्थ नहीं मिल रही है।फ्रि चाहे कड़वा तेल हो या मसालेएया फ्रि दूध, खोया, पनीर और मिठाई। नतीजन जनमानस को शारीरिक स्वास्थ्य नुकसान के साथ.साथ आर्थिक नुकसान का भी सामना करना पड़ रहा है।ऐसा भी नही की इस मिलावटी खेल की जानकारी संबधित विभाग को नही।सबंधित विभाग को जानकारी भी है और समय.समय पर शोसल मीडिया इत्यादि से मिलावटी खाद्य पदार्थो की बिक्री रोकने की खबर चलती रही है। लेकिन मिलावटी खाद्य सामग्री को लेकर चलने वाले अभियान की मार हर वार छोटे व खोखा-पटरी दुकानदार को ही झेलनी पड़ती है। अब ऐसे में यदि कहा जाए कि मिलावट का पूरा खेल स्थानीय संबधित अधिकारी की मिली भगत से चल रहा है तो कहना गलत ना होगा। तो अब ऐसे में मिलावटी कड़वे तेल, दूध, मसाले इत्यादि के बड़े माफियाओं पर लगाम कैसे लगे। सूत्रों के अनुसार नगर से सटे ग्रामीण इलाकों में दुकानदारों द्वारा कम लागत में अधिक मुनाफा कमाने की होड़ के चलते सबसे ज्यादा मिलावटी खाद्य पदार्थो की बिक्री की जा रही है। अब ऐसे में दुकानदार की मुनाफाखोरी मिलावट युक्त खाद्य पदार्थ बाजार में बेचकर आम आदमी के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। जबकि डॉक्टरों का कहना है कि इन मिलावटी चीजें खाने से गंभीर बीमारियां होने की संभावना बनी रहती है। लेकिन खाद्य विभाग छूट पुट कार्यवाही को ही लंका दहन मान अपनी जिम्मेदारी पूरी कर लेते है।


**SRF LIMITED**

**Regd. Office:** The Galleria, DLF Mayur Vihar, Unit No. 236 & 237, 2nd Floor, Mayur Vihar Place, Noida Link Road, Mayur Vihar Phase I Extn, Delhi-110091
**Corporate Office:** Block-C, Sector 45, Gurugram, Haryana-122 003
Tel. No (Regd office) : (+91-11) 49482870; Fax : (+91-11) 49482900
E-mail: cs@srf.com, Website: www.srf.com; CIN: L18101DL1970PLC005197

**NOTICE**

Notice is hereby given that Share Certificates pertaining to shares of the Company detailed below have been reported lost and request(s) for issue of duplicate Certificates in lieu thereof have been received by the Company. Shareholder(s)/Claimant(s) shall also be entitled to Bonus Shares in the ratio of (4:1) on these shares from Investor Education & Protection Fund Authority :-

| Sl. No. | Folio No. | Name of the Share Holder / Legal Heir (Claimant) | Cert-No. | Dist-No. (from) | Dist-No. (to) | Lost Shares |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | V 0001642 | VIJAY VASUDEV WADHWA (Holder) | 33722 | 2258876 | 2258925 | 50 |
| | | | 33723 | 2258926 | 2258975 | 50 |
| | | | 1139546 | 296748242 | 296748641 | 400 |
| 2 | S 0011280 | SHARADA ANANTHARAMAN (Holder) | 87870 | 3366034 | 3366043 | 10 |
| | | MR KRISHNAMURTY ANANTHARAMAN (JT1) MR SHANKAR ANANTHARAMAN & (JT2) | 149096 | 5919791 | 5919795 | 5 |
| | | | 90042134 | 7667138 | 7667177 | 40 |
| | | | 90042136 | 7667218 | 7667237 | 20 |
| | | | 90042135 | 7667178 | 7667217 | 40 |
| | | | 1138492 | 296549870 | 296550329 | 460 |
| 3 | B 0002757 | BHARAT MANSUKHLAL SHAH (Holder) | 305310-14 | 15800207 | 15800351 | 145 |
| | | | 454310-14 | 23819999 | 23820143 | 145 |
| | | | 90003257 | 2691226 | 2691250 | 25 |
| | | | 90003257 | 2852175 | 2852185 | 11 |
| | | | 90003257-58 | 4165131 | 4165148 | 18 |
| | | | 1132398 | 295307974 | 295309349 | 1376 |
| 4 | R0001107 | RAMESH BHAGAVANTH SHET (Holder) | 1137891 | 296426450 | 296427581 | 1132 |
| | | | 12038 | 1635276 | 1635300 | 25 |
| 5 | SRF0032960 | INDIRA ANANTHA NARAYANA (Holder) | 369734-38 | 17041454 | 17041539 | 86 |
| | | N ANANTHA NARAYANA (deceased) | 518734-38 | 25061246 | 25061331 | 86 |
| | | | 90143341-42 | 9046666 | 9046765 | 100 |
| | | | 90191391 | 14983775 | 14983824 | 50 |
| | | | 1138993 | 296647186 | 296648473 | 1288 |
| 6 | R 0001274 | RAMPRASAD KESHAVLAL GANDHI (Deceased) SANDHYA UMESH MUNSHI (Claimant) | 14401 | 1707176 | 1707200 | 25 |
| | | | 74909 | 3540258 | 3540265 | 8 |
| | | | 139953 | 5700246 | 5700261 | 16 |
| | | | 1138955 | 296638834 | 296639029 | 196 |
| 7 | K 0005703 | KANTADEVI ARJANDAS LULLA (Holder) | 77934 | 3589060 | 3589070 | 11 |
| | | | 127019 | 5298624 | 5298628 | 5 |
| | | | 320231-35 | 16113400 | 16113437 | 38 |
| | | | 469231-35 | 24133192 | 24133229 | 38 |
| | | | 90024901-02 | 6791610 | 6791669 | 60 |
| | | | 1132321 | 295289154 | 295289761 | 608 |
| 8 | K 0000992 | KAMALA MAHADEVAN (Holder) | 13950 | 1694501 | 1694525 | 25 |
| | | | 65155 | 3374933 | 3374942 | 10 |
| | | | 124494 | 5237691 | 5237707 | 17 |
| | | | 317220-22 | 16050604 | 16050655 | 53 |
| | | | 466220-22 | 24070396 | 24070448 | 53 |
| | | | 90023054 | 6727870 | 6727909 | 40 |
| | | | 1139373 | 296710786 | 296711577 | 792 |
| 9 | K 0004498 | KAMALA KRISHNA MURTI MAHADEVAN (Holder) | 67072 | 3404238 | 3404248 | 11 |
| | | | 126147 | 5272629 | 5272646 | 18 |
| | | | 319293-95 | 16091033 | 16091085 | 53 |
| | | | 468293-95 | 24110825 | 24110877 | 53 |
| | | | 90024233 | 6768346 | 6768385 | 40 |
| | | | 975965 | 18571277 | 18571301 | 25 |
| | | | 1137731 | 296391378 | 296392177 | 800 |

Any person having any claim /objection in respect of the above requests should lodge such claim/ objection with the company at its Corporate Office within 15 days of the publication of this notice, failing which the company will consider to give effect to the above requests.
Public is hereby cautioned against dealing with the aforesaid share certificates.

For **SRF LIMITED**
Sd/-
**RAJAT LAKHANPAL**
Sr. VP (Corporate Compliance) & Company Secretary

Place: Gurugram
Date: 22-06-2023


# ओम राउत व मनोज मुंतशिर शुक्ला का पुतला जलाया

## ● करणी सेना ने चेतावनी दी कि फिल्म को बंद नही किया तो सिनेमा घर को आग लगा देंगे

**संवाददाता।** बरेली



**एक** ऐसी फिल्म जिसने पूरे देश क्या विदेश तक में बवाल मचा दिया। नेपाल तक इस फिल्म का विरोध किया जा रहा है। आज करणी सेना ने आदिपुरुष मूवी के डायरेक्टर व लेखक ओम राउत, तथा फिल्म के संवाद लेखक मनोज मुंतशिर शुक्ला के फोटो पर जूते चप्पल मारकर उनका पुतला जलाकर प्रदर्शन किया। और अपशब्दों का भी प्रयोग करते हुए योगी सरकार से तत्काल यूपी में मूवी को बैन करने की मांग की। इस दौरान करणी सेना के जिला अध्यक्ष ठाकुर राहुल सिंह ने कुछ विवादित शब्दों का भी इस्तेमाल किया , जिसमें ओम राउत और मनोज मुंतशिर शुक्ला को गालियां दी। साथ ही उन्होंने कहा कि रावण का जो किरदार दिखाया है वह बिल्कुल मुस्लिम वेशभूषा में है। जैसी दाढ़ी एक मुसलमान की होती है उसी तरह की दाढ़ी को फिल्म में दिखाया गया है। उन्होंने कहा कि यह सरासर सनातन धर्म का अपमान है। मर्यादा पुरुषोत्तम राम पर बनी इस फिल्म को इतना तोड़ मरोड़ कर पेश किया गया है जिसमें आज की पीढ़ी इस फिल्म को देखेगी तो उनके जहन में यही होगा की राम ऐसे थे, हनुमान जी का किरदार यह था । इन्होंने सारे किरदारों को तोड़ मरोड़ कर रख दिया है। ठाकुर राहुल सिंह का कहना है कि अगर इस फिल्म को उत्तर प्रदेश में बैन नहीं लगाया गया तो पूरे प्रदेश में करणी सैनिक प्रदर्शन करेंगे और सिनेमा घर को आग के हवाले कर देंगे। किसी भी कीमत पर इस फिल्म को यूपी में चलने नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि फिल्म निर्माता अपने आप को राम का भक्त कहते हैं। फिल्म को बनाने वाले चाहे किसी भी जाति धर्म के क्यों ना हो उन्होंने सनातन का अपमान किया है और करणी सेना किसी भी कीमत पर सनातन का अपमान सहन नहीं करेगी। ठाकुर राहुल सिंह का कहना है, यह तो एक ट्रेलर था।अभी ये संकेत दिया गया है कि मूवी को बैन करो नहीं तो पूरे उत्तर प्रदेश में करणी सैनिक उग्र प्रदर्शन होंगे।

# कृषकों को उचित मूल्य पर गुणवत्ता पूर्ण उर्वरक उपलब्ध करायें : डीएम

## ● जिलाधिकारी ने व्यापारियों को उर्वरकों पर किसी भी प्रकार की टैगिंग एवं ओवर रेटिंग न करने की दी हिदायत

**संवाददाता।** शाहजहाँपुर

**कलेक्ट्रेट** सभागार में उर्वरकों की उपलब्धता के सम्बन्ध में हुई बैठक में डीएम ने कृषकों को उनकी जोत/ कृषित भूमि के आधार पर उर्वरक उपलब्ध कराने, उर्वरकों की ससमय व्यवस्था कराने, उर्वरक की बिक्री ध्वितरण के साथ अन्य उत्पादों की टैगिंग रोकने, ओवर रेटिंग तथा कालाबाजारी की सतत् निगरानी किये जाने के सम्बन्ध में समीक्षा की। कहा कि खरीफ 2023 में कृषकों को गुणवत्तायुक्त एवं समय से उर्वरक उपलब्ध कराया जाये। निर्देश दिये कि उर्वरक विक्रय की दुकानों की आकस्मिक जांच करायी जाये एवं दोषियों पर कड़ी कार्यवाही अमल में लायी जाये। डीएम ने समस्त आपूर्तिकर्ता कम्पनियों के प्रतिनिधियों को निर्देश दिये कि लक्ष्य के अनुरूप उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। कहा कि स्टॉक को समय से पीओएस मशीन पर अपडेट कराया जाये। उन्होंने उर्वरकों पर किसी भी प्रकार की टैगिंग एवं ओवर रेटिंग न करने हेतु व्यापारियों को हिदायत दी। कृषकों को ससमय उचित दर पर उर्वरक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गये। जिला कृषि अधिकारी डा सतीश चन्द्र पाठक ने बताया कि जनपद में यूरिया 48911 मी टन, डीएपी 23463 मी टन, एनपीके 4942 मी टन, एमओपी 1263 मी टन तथा एस एस पी 6539 मी टन उपलब्ध है, जो जनपद में यूरिया माह जून के मासिक लक्ष्य (43114 मै0टन) के सापेक्ष 113 प्रतिशत एवं डी0ए0पी0 मासिक लक्ष्य ( 10205 मै0टन) के सापेक्ष 229 प्रतिशत उपलब्ध है। बताया कि उर्वरक की दुकानो की जांच दौरान गड़वड़ी पाये जाने पर 74 लोग प्रतिबंधित किये गये एवं 53 को जेल भी भेजा गया। बैठक में समस्त प्रतिनिधि उर्वरक आपूर्तिकर्ता कम्पनियों जैसे इफ्को, कृभको, चम्बल, मैट्रिक्स, कानपुर फर्टिलाइजर, एवं सभी थोक उर्वरक विक्रेता उपस्थित रहे। बैठक में उप कृषि निदेशक शाहजहांपुर, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता समेत अन्य अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 23 जून, 2023



# संक्रामक रोग नियंत्रण में जनता का सहयोग अति महत्वपूर्णः जिलाधिकारी

● जिलाधिकारी ने अभियान से जुड़े विभागों के अधिकारियों के साथ की बैठक



**संवाददाता।** कानपुर देहात

**जिलाधिकारी** नेहा जैन की अध्यक्षता में आगामी एक जुलाई से 31 जुलाई 2023 तक संचारी रोग अभियान एवं 17 जुलाई से 31 जुलाई 2023 तक चलाये जाने वाले दस्तक अभियान की सफलता के लिये बनायी गयी कार्ययोजना पर समीक्षा मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कलेक्ट्रेट में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व अभियान में शामिल विभागों के अधिकारियों के साथ जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक संपन्न हुई।

बैठक में डीएम ने निर्देशित करते हुये कहा कि अभियान की सफलता हेतु समस्त प्रतिभागी विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर अभियान को सफल बनाना सुनिश्चित करायें। उन्होंने कहा कि आगामी 27 जून तक प्रत्येक दशा में समस्त विभाग अपनी कार्ययोजना मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत करें। इस अभियान में जन सहयोग अति महत्वपूर्ण है तथा नगर निकाय एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों के वाहनों में पीए सिस्टम के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार कर लोगों को संचारी रोग के बारे में जानकारी उपलब्ध कराएं।

कहा कि ग्राम्य विकास के ग्राम स्तरीय अधिकारी को सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा यह सुनिश्चित कराया जाये कि मच्छर प्रजनन वाले क्षेत्रो/घरो को चिहिन्त करते हुये वहां पर साफ सफाई, झाड़ियों की कटाई छटाई, नालियों की व्यवस्थित सफाई व मरम्मत एन्टी लारवल छिड़काव आदि कार्य सुनिश्चित करायी जाये। उन्होंने कहा कि एक माह तक चलने वाले अभियान के तहत संचारी रोग नियंत्रण यथा बुखार टीबी, कोविड लक्षण, कुपोषित बच्चों, काला बाजार, फाइलेरिया आदि के सूची बनाते हुये लोगो को समुचित इलाज मुहैया कराया जाये।

# वकीलों ने अफसरों के खिलाफ नारे लगा किया कार्य बहिष्कार



**संवाददाता।** मौदहा, हमीरपुर

**तहसील** के भीतर सभी न्यायालयो में पत्रावलिया समय से न मिलने तथा राजस्व कर्मियों के द्वारा हदबन्दी न करने से नाराज वकीलों ने सात सूत्रीय ज्ञापन सौंप दो दिवसीय कार्य से विरत रहने का एलान किया है। वकीलों ने एसडीएम को बताया कि मुकदमों की पत्रावलियों में लगातार बिलंब होने एवं मुकदमों की सुनवाई समय से न होने पर वादकारियों के सामने समस्याएं आ रही हैं लिहाजा वकीलों ने आज तहसील परिसर में। विरोध प्रदर्शन किया उनका कहना था कि एसडीएम कोर्ट में लम्बे समय से मुकदमों की सुनवाई नहीं हो रही है। मुकदमों की पत्रावलियां नहीं मिल रही हैं। इन सभी मामलों को लेकर वकीलों ने कुछ दिनों पूर्व नाराजगी जाहिर करते हुए एडीएम व तहसील प्रशासन के साथ लगभग दो घंटे बैठक भी की थी जिसमें समाधान का आश्वासन दिया गया था लेकिन अभी तक कोई सुधार नहीं हुआ। इस मौके पर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष नासिर उद्दीन सहित दर्जनों वकील मौजूद रहे हैं। इस संबंध में एसडीएम राजेश कुमार मिश्रा ने बताया कि कुछ दिन पूर्व न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेश चंद्र की नियुक्ति हुई थी इसके बाद से कुछ मुकदमों की फाइलें उनकी बेंच में जानी थीं जिसमे कुछ पत्रावली स्थानांतरित नहीं हो पाई जिनको जल्दी ही व्यवस्थित करा दिया जाएगा।

# राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने बीएसए कार्यालय पर दिया धरना

● 22 सूत्रीय लंबित मांगें पूरा किए जाने की उठाई आवाज



**संवाददाता।** फतेहपुर

**पुरानी** पेंशन सहित अन्य 22 सूत्रीय लंबित मांगों को लेकर गुरुवार को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के पदाधिकारियों ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में धरना देकर अपनी आवाज बुलंद की। पदाधिकारियों का कहना रहा कि जब तक शिक्षकों की समस्याओं का निराकरण नहीं होगा तब तक अलग-अलग चरणों में आंदोलन जारी रहेगा।

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की जनपदीय इकाई ने प्रदेश संगठन के आवाह्न पर मंडल अध्यक्ष सुरेश चन्द्र की अध्यक्षता एवं जिलाध्यक्ष अदीप सिंह के नेतृत्व में शिक्षक समस्याओं के निराकरण हेतु बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में धरना देकर अपना विरोध दर्ज कराया। वक्ता के तौर पर जिलाध्यक्ष अदीप सिंह ने कहा कि संगठन की बाइस सूत्रीय मांगों में शिक्षकों की विभिन्न लंबित मांगों को पूरा करने के लिए शासन तक अपनी बात पहुंचाने के लिए धरना प्रदर्शन एक शुरुआत है। आगे प्रदेश स्तर पर भी एक वृहद धरना प्रदर्शन किया जायेगा। यदि शिक्षकों की समस्याओं पर महानिदेशक ने संज्ञान नहीं लिया तो आंदोलन उग्र होगा।

## टीम भावना से कार्य कर संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनाएं : डीएम

**फतेहपुर।** 1 जुलाई से 31 जुलाई तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान व 17 जुलाई से 31 जुलाई तक चलने वाले दस्तक अभियान की बैठक जिलाधिकारी श्रुति की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जनपद स्तरीय अन्तर्विभागीय समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, बाल विकास, ग्राम्य विकास एवं पंचायती राज, शिक्षा, नगर निगम, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, दिव्यांग कल्याण, चिकित्सा शिक्षा को जो दायित्व सौंपे गए है आपस में समन्वय बनाते हुए टीम भावना के साथ अभियान को सफल बनाए। अभियान का मैक्रोप्लान बना ले, साथ ही ब्लॉक एवं तहसील स्तर की बैठक कराकर रिपोर्ट से अवगत कराए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को संचारी रोगों से बचाव एवं नियंत्रण के संबंध में विशेष अभियान चलाते हुए सभी कार्यों को पूर्ण करने एवं आम जनमानस को संचारी रोगों से बचाव/रोकथाम के बारे में जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर बुखार के रोगियों की डेंगू एवं मलेरिया की जांच कराने के निर्देश दिए।

# मरीजों को भर्ती न करने वाले डॉक्टरों पर होगी कार्रवाईः डीएम

● सीएमओ को दिए भर्ती मरीजों का पर्यवेक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश

● जिला अस्पताल में नवनिर्मित फिजियोथैरेपी सेन्टर का किया शुभारम्भ

**उरई,** जालौन। जिला अस्पताल पुरुष और महिला अस्पताल में मरीजों को भर्ती न किये जाने की लगातार शिकायत प्राप्त होने पर जिलाधिकारी चांदनी सिंह ने जिला अस्पताल पुरुष और महिला अस्पताल के सीएमएस को मरीजों को भर्ती किये जाने के साथ ही बेहतर इलाज मुहैया कराये जाने के कड़े निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि प्रतिदिन ओपीडी व इमरजेंसी में कराये जा रहे भर्ती मरीजों की देखरेख हेतु रोस्टर के अनुसार चिकित्सक निरन्तर भ्रमणशील रहेगे और भर्ती मरीजों का समुचित ईलाज करेगे। उन्होंने कहा कि ओपीडी व इमरजेंसी के माध्यम से किये गये भर्ती मरीजों की संख्या व किस बीमारी से ग्रस्त है, नाम, पता, मोबाइल नंबर इसकी सूचना प्रतिदिन उपलब्ध करायेंगे। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि जिला अस्पताल महिला और पुरुष में भर्ती मरीजों का पर्यवेक्षण सुनिश्चित करेगे साथ ही यह भी सुनिश्चित करेंगे कि किसी भी भर्ती मरीजों को बाहर की दवा न लिखी जाये, छुटपुट बीमारी वाले मरीजों को रिफर न किया जाये।

अस्पताल में मरीजों को चिकित्सक द्वारा उपचार न दिये जाने पर या ग्रस्त बीमारी वाले मरीजों को भर्ती न किये जाने पर मरीज या उसके तीमारदार जिला प्रशासन को दूरभाष नंबर 05162-252201, 05162-257090 पर उक्त शिकायतों को दर्ज करा सकते है जिससे संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्यवाही अमल में लायी जा सके।

# न्याय न मिलने से परेशान युवक ने खाया जहरीला पदार्थ



**माधौगढ़,** जालौन। गांव में दबंगों से परेशान युवक ने पुलिस प्रशासन द्वारा कोई सुनवाई न करने के कारण तहसील की तीसरी मंजिल पर चढ़कर आत्महत्या करने की कोशिश की बल्कि उसने जहरीला पदार्थ भी खा लिया। इससे प्रशासन और पुलिस के हाथ पैर फूल गए। बड़ी मशक्कत के बाद उसे तहसील की तीसरी मंजिल से नीचे उतारा गया। मेडिकल कराने के बाद उसकी समस्या सुनी जा रही है। रामपुरा थाना के भैलावली गांव निवासी रिंकु पुत्र स्व. रामेश गांव के दबंगों से परेशान था, खेती पर कब्जा होने और प्रधान मंगल सिंह पर पिता के पैसे न देने का मामला बताया गया है। दोनों ही मामलों को लेकर वह पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों के पास गया लेकिन उसकी कोई सुनवाई न हुई जिसके कारण वह तहसील की तीसरी मंजिल पर चढ़कर कूदने का प्रयास करने लगा, इस बीच उसने जहरीला पदार्थ भी खा लिया। लोगों के समझाने और इंस्पेक्टर विमलेश कुमार द्वारा दबंगों पर कार्यवाही किये जाने के आश्वासन के बाद उसे छत से नीचे उतारा जा सका।

# उद्योग लगाने वाले निवेशकों का जिला प्रशासन करेगा पूर्ण सहयोगः डीएम

● जिला उद्योग बन्धु की बैठक में डीएम ने दिया उद्यमियों को भरोसा



**संवाददाता।** चित्रकूट

**जिलाधिकारी** अभिषेक आनन्द ने जिला स्तरीय उद्योग बंधु समिति एवं जिला स्तरीय एमओयू क्रियान्वयन की बैठक में व्यापारियों से कहा कि प्रदेश के आर्थिक विकास एवं रोजगार सृजन में सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यमों का महत्वपूर्ण स्थान है। इनकी स्थापना को आवश्यक सुविधायें उपलब्ध कराना जरूरी है, ताकि एमएसएमई के तहत निजी औद्योगिक पार्कों के विकास योजना लागू हो सके।

गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कहा कि इस योजना के तहत इच्छुक निजी प्रवर्तकों ने दस एकड़ से 50 एकड़ तक की भूमि पर औद्योगिक पार्क विकसित करने के प्रस्ताव भूमि के स्वामित्व के कागजात एवं आंगणन समेत जिला उद्योग केंद्र को उपलब्ध करायें। चयनित भूमि का उपयोग औद्योगिक इकाइयों की स्थापना को होना चाहिए। भूमि के मूल्य का 90 फीसदी राज्य सरकार दे रही है। प्रथम तीन वर्षों तक प्रवर्तक को दी गई धनराशि पर एक फीसदी ब्याज ली जाएगी।

चौथे वर्ष से कार्पस फंड से दी गई धनराशि पर छह फीसदी साधारण वार्षिक ब्याज लिया जाएगा। पूंजी को वापस करने की अवधि छह वर्ष होगी। योजना में अभी प्रदेश में चार या पांच जिलों से आवेदन हुए हैं। चित्रकूट में भी एक आवेदक ने निवेश किया है। जो भी उद्यमी कार्य के इच्छुक हैं योजना का लाभ लें।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि निवेश मित्रों के पोर्टल पर विभागीय स्तर पर लंबित आवेदनों का तत्काल निस्तारण करायें। अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक से कहा कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन के तहत बैंक में लंबित ऋण आवेदन को तत्काल वितरित करें।

## क्विक न्यूज

### फर्रुखाबाद से 85 दारोगाओं का झांसी मण्डल में तबादला

**फर्रुखाबाद।** जनपद फर्रुखाबाद से झांसी मण्डल में 85 दारोगाओ का तबादला किया गया। विगत दिनों जनपद में कई हेड़ कांस्टेबल को पदोन्नति मिली थी। लिहाजा उन्हें दारोगा बनाया गया था। अब जनपद से 85 दारोगाओं का झांसी जोन में तबादला कर दिया गया है। एडीजी कानपुर जोन कानपुर आलोक सिंह के आदेशानुसार जनपद के दरोगाओं का तबादला किया गया है। तबादला होने से खलबली मची है। एडीजी ने जारी आदेश में कहा कि उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस की समयावधि पूर्ण होने अथवा गृह परिक्षेत्र में नियुक्त रहने के आधार पर परीक्षेत्र कार्यालय कानपुर व झांसी से प्राप्त नामांकन के आधार पर परिक्षेत्र बदला गया है।

### तीन दुकानों से पनीर, रबड़ी व तेल के लिए गए नमूने

**फर्रुखाबाद।** गुरुवार को शहर के विभिन्न प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर खा। सुरक्षा विभाग नें छापेमारी की। जिससे हड़कंप मच गया। तीन दुकानों से पनीर, रबड़ी व सरसों के तेल के नमूने लिये गये।मुख्य खा। सुरक्षा अधिकारी आशुतोष राय के नेतृत्व में खा। सुरक्षा अधिकारी आशीष कुमार वर्मा नें छापेमारी की। जिसमे शहर के मोहगा घेर शामू खां निवासी रजत कौशल पुत्र राजेश कुमार गुप्ता के अयोध्या होटल आईटीआई चौराहा से पनीर का नमूना लिया गया। नरेंद्र चंद्र राठौर निवासी मोहगा जाफरी की आवास विकास स्थित दुकान से रबड़ी व शहर के नाला सिम्त सुमाल निवासी नरेश वर्मा की पक्कापुल दुकान से सरसों के तेल का नमूना किचन से लिया गया। सहायक आयुक्त (खा।)द्वितीय सय्यद शाहनवाज हैदर आबिदी नें बताया कि तीनो दुकान स्वामियों पर खा। सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के तहत कार्यवाही की गयी।

### जमाखोरों पर कसा शिकंजा कर लिमिट स्टाक निर्धारित

**हमीरपुर।** शासन ने गेहूं व दाल अनाज की जमाखोरी कर मुनाफा कमाने वाले व्यापारियों पर शिकंजा कसते हुये स्टाक लिमिट फार्मूला तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया है,इसके लिये जिला व ब्लाक स्तर पर कमेटी गठित कर दी है। जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी(डिप्टी आरएमओ) वृजेश कुमार यादव ने वृहस्पतिवार को बताया कि गल्ला व्यापारी मंडी समितियों की दुकानो में निश्चित स्टाक का लाइसेंस बना कर दुकानों में अनाप शनाप जमाखोरी कर मुनाफा कमाते थे इससे जनता को न केवल ज्यादा मूल्य चुकाना पड़ता था बल्कि उन्हे अनाज पाने के लिये दर दर भटकना पड़ता था। इसमे सबसे ज्यादा गेहू व दाल अनाज प्रभावित होता था।

### पत्नी वियोग में फांसी लगाकर की आत्महत्या

**फतेहपुर।** राधानगर थाना क्षेत्र के रमवा पंथुवा गांव निवासी श्रीपाल का 32 वर्षीय पुत्र कुन्नू ने पत्नी वियोग में घर के अंदर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर लिया। परिजनों ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतक के बड़े भाई राम प्रसाद ने बताया कि छोटे भाई की पत्नी अंजू देवी ने किन्ही कारणों के चलते तीन माह पूर्व फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। जब से भाई कुन्नू मानसिक तनाव में रहता था। बुधवार की रात उसने भी घर के अंदर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। पत्नी वियोग के चलते भाई ने घटना को अंजाम दिया है।

### दो दिन जनपद में प्रवास करेंगी केंद्रीय राज्यमंत्री

**फतेहपुर।** जिले की सांसद व उपभोक्ता मामले खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण और ग्रामीण विकास राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति दो दिन तक जिले में प्रवास करेंगी। यह जानकारी देते हुए भाजपा जिला मंत्री एवं सांसद कार्यालय प्रवक्ता शिव प्रताप सिंह ने बताया कि 23 जून को 12 बजे अश्वत्थामा मंदिर असोथर में विशाल भंडारा में प्रतिभाग करेंगी। दोपहर बजे चौक बाजार व शाम नई बस्ती राधानगर में घर-घर संपर्क अभियान में हिस्सा लेंगी। इसके अलावा 24 जून को प्रातः आठ बजे मूसेपुर व गड़डियन पुरवा में घर-घर संपर्क अभियान चलायेंगी। पूर्वान्ह 11 बजे गांधी सभागार में दिशा की बैठक की अध्यक्षता करेंगी।

### दम्पति में सुलह कराकर परिवार को टूटने से बचाया

**चित्रकूट।** सामाजिक रिश्तों को बचाने को जारी प्रयास में पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र ने दम्पति के आपसी विवाद को समाप्त कराकर परिवार टूटने से बचाया। श्रीमती खुशबू पत्नी लवकेश ने पुलिस अधीक्षक को सौंपे पत्र में कहा कि पति लवकेश पुत्र बृजभूषण उसके साथ मारपीट व गाली-गलौज करते हैं। पुलिस अधीक्षक ने पत्र निस्तारण को प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को भेजा। प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र निरीक्षक श्रीमती रीता सिंह ने शिकायतकर्ता की शिकायत को विस्तार से सुनकर दूसरे पक्ष को पुलिस कार्यालय बुलाया। दोनो पक्षों से भविष्य में आपस में विवाद न करने पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही।

# बिजली कटौती के विरोध में आप ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

● बिजली कटौती से जनता त्राहिमाम कर रही जनता- नीरज शाक्य

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद

**उत्तर** प्रदेश में हो रही बिजली कटौती के संदर्भ में मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी को कलेक्टरेट में सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि प्रदेश में बिजली की अघोषित कटौती हो रही है। जनता बिजली कटौती से त्राहिमाम कर रही है। पूरे प्रदेश में बिजली कटौती का संकट लोग झेल रहे हैं। गर्मी की वजह से अस्पतालों में लोग भर्ती हो रहे हैं और मौतें हो रही हैं। अकेले पूर्वांचल में सैकड़ों लोगों की मौतें हो चुकी हैं।

अस्पतालों में भर्ती मरीज गर्मी से बेहाल होकर भाग रहे हैं और गर्मी के कारण तमाम बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। ये बेहद दुर्भाग्य है कि 21वी सदी में लोगों को बिजली जैसी मूलभूत आवश्यकता की पूर्ति नहीं हो रही है। बिजली आपूर्ति न होने की वजह से गर्मी के कारण लोगों की मौत हुई है ये मौत नहीं हत्या है। लोगों की मौतों पर भाजपा के मंत्री संवेदनहीन बयान दे रहे हैं ये दुःखद है। वहीं दूसरी तरफ दिल्ली की केजरीवाल सरकार बिना कटौती 24 घंटे बिजली दिल्ली की जनता को उपलब्ध करा रही है। उत्तर प्रदेश की जनता को देश में सबसे महंगी और बिना कटौती 24 घंटे बिजली क्यों नहीं उपलब्ध हो पा रही है।

धरने में जिला अध्यक्ष नीरज प्रताप शाक्य के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी प्रकोष्ठ के सदस्य तथा वॉलिंटियर्स मौजूद रहे।

## बिजली संकट के विरोध में आम आदमी पार्टी ने किया प्रदर्शन



**फतेहपुर।** प्रदेश सहित जिले में हो रही अघोषित बिजली कटौती के विरोध में गुरुवार को आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पर बैनर पोस्टर लेकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया तत्पश्चात मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपकर सभी मांगों को पूरा किए जाने की आवाज उठाई। आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष रंजीत कुमार मौर्य एडवोकेट की अगुवाई में पदाधिकारी व कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां अघोषित विद्युत कटौती के विरोध में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। सीएम को भेजे गये ज्ञापन में कहा गया कि प्रदेश में बिजली की अघोषित कटौती हो रही है। जनता बिजली कटौती से त्राहिमाम कर रही है। पूरे प्रदेश में गर्मी के बीच लोग बिजली संकट झेल रहे हैं। जिसकी वजह से बीमारियों ने पैर पसार लिए हैं और लोग अस्पतालों की दौड़ लगा रहे हैं।

# इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सकों ने मनाया 12वां विजय दिवस

**हमीरपुर।** स्थानीय इलेक्ट्रो होम्योपैथिक धमार्थ चिकित्सालय में बुधवार को विजय दिवस मनाया गया। इस मौके पर होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के बुन्देलखण्ड प्रभारी डॉ नरेन्द्र भूषण निगम ने कहा कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी के लिए भारत सरकार ने आज के दिन इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के पक्ष में क्लीन चिट जारी किया जिससे इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा शिक्षा अनुसंधान एवं विकास का मार्ग सुगम हो गया यह एक ऐतिहासिक जीत थी जिसे हम सभी इसे विजय दिवस के रूप में हर वर्ष मनाते हुए। डॉ मानसी ने कहा कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा के निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किए जा रहे हैं और रोगियों को निशुल्क दवा वितरण की जा रही है असाध्य रोगों को इलेक्ट्रो होम्योपैथी औषधियों से उपचार किया जाता है।

# धुर ग्रामीणांचल के 11 बच्चों का नवोदय में हुआ चयन



● डायरेक्टर ने बच्चों को किया सम्मानित

**कदौरा, जालौन।** अलीपुर-हांसा स्थित आवासीय एसबीडी पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं का चयन नवोदय विद्यालय में हुआ है। रिजल्ट में 11 बच्चों का नाम आने पर क्षेत्र में खुशी की लहर है। डायरेक्टर हर्वेश कुमार ने बताया कि ग्रामीणांचल के 26 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में प्रतिभाग किया था। इसमें 11 बच्चों का चयन हुआ है। इसमें शिखा, आनवी, अभय, आर्यन राज निवासी ग्राम पंचायत हांसा, अमन पाल चतेला, आदित्य निषाद मदरालालपुर, आर्यन पाल गोहना, काव्या मवई अहीर, अरबाज खान कारी दांडी, साहिल अभिरवा, यशपाल कानाखेड़ा का चयन हुआ है। प्रिंसिपल अलकेश यादव ने बताया कि जनपद में सबसे अधिक 11 बच्चों का चयन उनके स्कूल से हुआ है। नवोदय विद्यालय में चयन होने पर छात्र, छात्राओं को शील्ड और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस दौरान भूपेंद्र सर, राजेश यादव, ब्रिजेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

# पेज एक का शेष

## भारत-अमेरिका...

विकसित किए जाने वाले इस संयंत्र पर वह अपनी तरफ से 82.5 करोड़ डॉलर का निवेश करेगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने ट्वीट किया, समग्र वैश्विक सामरिक साझेदारी को अगले स्तर तक ले जाने की प्रतिबद्धता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने द्विपक्षीय बैठक की। उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं ने भारत अमेरिकी संबंधों के विविध आयामों पर चर्चा की और अपने लोगों की शांति एव समृद्धि तथा वैश्विक अच्छाई के लिए काम करने के रास्तों पर चर्चा की। दोनों नेताओं की बैठक के दौरान शुरूआती संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति बाइडन से कहा कि वह भारत के बहुत अच्छे शुभचिंतक रहे हैं और जब भी उनको अवसर मिला है, उन्होंने भारत, अमेरिका संबंधों को ताकत दी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देशों के संबंधों को लेकर बाइडन की प्रतिबद्धता के कारण भारत साहसी एवं ठोस कदम उठाने को प्रेरित हुआ। उन्होंने कहा कि राजनयिक दृष्टि से जब भी दो देशों के बीच संबंधों की बात की जाती है तब अक्सर संयुक्त बयान, कार्य समूह, समझौता ज्ञापन के दायरे में होती है, इसका भी अपना महत्व है। मोदी ने कहा कि लेकिन भारत और अमेरिका के संबंधों का महत्वपूर्ण इंजन लोगों के बीच सम्पर्क है। उन्होंने कहा, वास्तव में भारत अमेरिका संबंधों का वास्तविक इंजन लोगों से लोगों के बीच मजबूत सम्पर्क है। मोदी और बाइडन की तीनों दिन मुलाकात होने की उल्लेख करते हुए आधिकरिक सूत्रों ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की पहली राजकीय यात्रा से दोनों देशों के संबंध काफी गहरा होने की संभावना है, जैसे पहले कभी नहीं हुए। दोनों नेताओं के बीच 24 घंटे के भीतर यह दूसरी बार संवाद हुआ। इससे पहले, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आधिकारिक स्वागत का गवाह बनने के लिए बड़ी संख्या में प्रवासी भारतीय बूंदाबांदी के बीच व्हाइट हाउस के साउथ लॉन में जमा थे। व्हाइट हाउस के प्रांगण में स्वागत समारोह में उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और उनके पति डगलस एमहॉफ भी मौजूद थे। स्वागत समारोह में काफी संख्या में भारतीय समुदाय के लोग मौजूद थे और वे अमेरिका, अमेरिका और भारत माता की जय के नारे लगा रहे थे। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि भारत और अमेरिका के संबंध 21वीं सदी के सबसे महत्वपूर्ण संबंध में एक हैं। बाइडन ने कहा कि दोनों देश आज जो निर्णय लेंगे वे आने वाली पीढ़ियों का भविष्य निर्धारित करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका स्वास्थ्य देखभाल, जलवायु परिवर्तन और यूक्रेन पर रूस के आक्रमण से उपजे मुद्दों पर करीबी रूप से काम कर रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, भारत के सहयोग से, हमने स्वतंत्र, खुले, सुरक्षित और समृद्ध हिंद-प्रशांत के लिए क्वाड को मजबूत किया है।

## मिशन 2024...

शामिल नहीं होना चाहते तो ठीक है, उनकी कमी महसूस नहीं होगी। दीक्षित ने कहा कि हम पहले से ही जानते थे कि आप नेता विपक्ष की बैठक में शामिल नहीं होने के लिए बहाने ढूंढ रहे हैं। दूसरी ओर, ममता बनर्जी और कांग्रेस के मतभेद भी किसी से छुपे नहीं हैं। भले ही ममता बनर्जी भाजपा के खिलाफ परिवार की तरह एकजुट होकर लड़ने की बात कह रही हैं, लेकिन यह बैठक ऐसे समय हो रही है जब लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के उन कार्यकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर मुर्शिदाबाद जिले में एक ब्लॉक कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे हैं, जिन्होंने कथित तौर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर हमला किया था। केजरीवाल, ममता बनर्जी, भगवंत मान, महबूबा मुफ्ती जैसे तमाम प्रमुख नेता गुरुवार शाम को पटना पहुंच गए। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन, सीपीआई (एम) महासचिव सीताराम येचुरी और सीपीआई (एमएल) महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य भी इस बहुप्रतीक्षित बैठक का हिस्सा बनने वाले हैं। तेलंगाना स्थित भारत राष्ट्र समिति, ओडिशा की बीजू जनता दल, मायावती के नेतृत्व वाली बहुजन समाज पार्टी (बसपा और वाईएसआर कांग्रेस पार्टी) उन गैर-भाजपा दलों में से हैं, जिनके बैठक में शामिल होने की संभावना नहीं है। सपा के साथ गठबंधन करने वाली आरएलडी भी अन्य कारणों से बैठक में शामिल नहीं होगी। विपक्षी सम्मेलन में हिस्सा लेने वाली पार्टियों पर निशाना साधते हुए मायावती ने कहा कि यह बैठक दिलों को जोड़ने से ज्यादा हाथ मिलाने भर की कवायद है। दूसरी ओर, जदयू नेता केसी त्यागी ने कहा कि हमने बैठक में उन दलों को बुलाया है जो 2024 में भाजपा के खिलाफ मोर्चे का हिस्सा बनना चाहते हैं। हमने मायावती, नवीन पटनायक, के चंद्रशेखर राव और वाईएस जगन मोहन रेड्डी को बैठक में नहीं बुलाया है।

## स्विस बैंकों...

रखी गई और बॉन्ड एवं प्रतिभूति के खंड में गिरावट ही दर्ज की गई। स्विस बैंकों में भारतीयों की तरफ से रखी गई कुल राशि वर्ष 2006 में 6.5 अरब फ्रैंक के रिकॉर्ड स्तर पर थी जिसके बाद से इसमें कमोबेश गिरावट ही आई है। इस दौरान सिर्फ 2011, 2013, 2017, 2020 और 2021 में ही स्विस बैंकों के पास रखी भारतीय ग्राहकों की राशि में बढ़ोतरी हुई थी।

## शोपियां बलात्कार...

निघत शाहीन चिल्लू- को पाकिस्तान के साथ मिल कर काम करने और शोपियां की आसिया और नीलोफर की पोस्टमार्टम रिपोर्ट को गलत साबित करने के लिए साजिश रचने के कारण सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि दोनों महिलाओं की 29 मई 2009 को डूबने से मौत हो गई थी। उन्होंने कहा कि दोनों डॉक्टरों का मकसद सुरक्षा बलों पर बलात्कार और हत्या का झूठा आरोप लगाकर लोगों में असंतोष पैदा करना था। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने संविधान के अनुच्छेद 311 के तहत दोनों डॉक्टरों को बर्खास्त कर दिया है। इस प्रावधान के तहत सरकारी अधिकारियों को बिना किसी जांच के बर्खास्त किया जा सकता है। सीबीआई ने सबूत गढ़ने तथा डूबने से हुई मौतों को बलात्कार एवं हत्या का रूप देने के लिए दोनों डॉक्टरों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है। अधिकारियों ने बताया कि अहमद शवों का पोस्टमार्टम करने वाले पहले डॉक्टर थे, जबकि चिल्लू पोस्टमार्टम करने वाली डॉक्टरों की दूसरी टीम में शामिल थे। उन्होंने कहा कि चिकित्सा नैतिकता का घोर उल्लंघन करते हुए, चिल्लू ने अपना नमूना देकर उसे आसिया का नमूना बताया। चिल्लू ने दावा किया था कि आसिया के साथ बलात्कार किया गया और फिर उसकी हत्या कर दी गई। एम्स की एक फोरेंसिक टीम ने शवों की फिर से जांच की और पाया कि आसिया के साथ दुष्कर्म नहीं किया गया था। इस टीम में डॉ. टी. डी. डोगरा और डॉ. अनुपमा रैना भी थे। अधिकारियों के अनुसार यह रिपोर्ट सीबीआई के आरोपपत्र का हिस्सा थी। सीबीआई ने दिसंबर 2009 में निष्कर्ष निकाला था कि दोनों महिलाओं के साथ न तो बलात्कार किया गया और न ही उनकी हत्या हुई थी। सीबीआई ने सबूत गढ़ने के आरोप में छह डॉक्टरों, पांच वकीलों और दो अन्य लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया। 66 पृष्ठों की सीबीआई रिपोर्ट में उन पुलिसकर्मियों को सभी आरोपों से बरी कर दिया गया, जिन्हें मामले के सिलसिले में करीब 47 दिनों तक हिरासत में रखा गया था। सीबीआई की रिपोर्ट में 13 लोगों पर सुरक्षा बलों के खिलाफ जनता का गुस्सा भड़काने के लिए आपराधिक साजिश रचने का आरोप लगाया गया है। इस मामले में न तो बलात्कार हुआ था और न ही हत्या, इसलिए सीबीआई रिपोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि यह कोई मामला नहीं था। रिपोर्ट में कहा गया कि वकीलों ने साजिश रची और दो लोगों को गवाह बनने के लिए बाध्य किया। सीबीआई की रिपोर्ट में इस बात का विस्तार से जिक्र है कि किस प्रकार वकीलों और मृतक महिलाओं में से एक के पति शकील के परिवार के सदस्यों ने उन दोनों पर दबाव डाला था।

## नई दिल्ली...

की रफ्तार और बढ़ाकर 120 किमी प्रति घंटा की जाएगी। इससे पूरे एईएल पर यात्रा का कुल समय घटकर केवल 19 मिनट रह जाएगा। एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन हाई स्पीड मेट्रो कॉरिडोर के रूप में विकसित की गई है। डीएमआरसी के प्रधान अधिशासी निदेशक (कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन) ने मीडिया को बताया कि मेट्रो की गति बढ़ने से यात्रियों को बहुत अधिक फायदा होगा। यात्रियों को किसी तरह की असुविधा न हो इसके लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है।

# विस्फोट से यूक्रेन को क्रीमिया से जोड़ने वाला पुल क्षतिग्रस्त

भाषा। कीव



**रूस** समर्थित अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को कहा कि एक विस्फोट से क्रीमिया और यूक्रेन की मुख्य भूमि के बीच एक संपर्क पुल क्षतिग्रस्त हो गया।ऐसा माना जा रहा है कि यूक्रेनी जवाबी कार्वाई के शुरुआती प्रभाव सामने आ रहे हैं।क्रीमिया पर रूस ने 2014 में कब्जा कर लिया था। क्रीमिया में रूसी सेनाएं दक्षिणी यूक्रेन के खेरसॉन प्रांत तक पहुंचने के लिए चोंगार पुल का उपयोग करती हैं।रूस और यूक्रेन प्रांत के विभिन्न हिस्सों को नियंत्रित करते हैं, जो लड़ाई और हमलों का केंद्र है क्योंकि यूक्रेनी सैनिक रूसी कब्जे वाले क्षेत्र को पुन: प्राप्त करने की कोशिश कर रहे हैं।यूक्रेनी अधिकारियों ने कहा है कि देश के लगभग 16 महीने के युद्ध को समाप्त करने के लिए, मास्को को क्रीमिया के साथ-साथ पिछले साल के पूर्ण पैमाने पर आक्रमण के दौरान कब्जाए गए क्षेत्रों से अपनी सेना को वापस हटाना होगा।क्रीमिया की संसद के अध्यक्ष व्लादिमीर कोन्स्टेंटिनोव ने कहा, पुल को कोई गंभीर क्षति नहीं हुई है और कुछ दिनों के भीतर इसकी मरम्मत होने की संभावना है।रूस द्वारा नियुक्त खेरसॉन प्रांत के कब्जे वाले हिस्सों के प्रमुख व्लादिमीर साल्डो ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि विस्फोट एक प्रकार की लंबी दूरी की क्रूज मिसाइल से किया गया था जो फ्रांस और ब्रिटेन दोनों ने यूक्रेन की सेना को दी हैं। इस दावे की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की जा सकी। यूक्रेनी अधिकारियों ने पुल पर तुरंत कोई टिप्पणी नहीं की और आमतौर पर वे विशिष्ट हमलों की पुष्टि नहीं करते हैं।

## रूस की शीर्ष अदालत ने जेल में कलम और कागज से वंचित करने के खिलाफ नवलनी की याचिका खारिज की



**मॉस्को।** रूस के उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को जेल में बंद विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी के उस मुकदमे को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने उन जेल नियमों के खिलाफ याचिका दायर की थी जो जेल अधिकारियों को उन्हें कागज और कलम से वंचित करने की इजाजत देता है। नवलनी मॉस्को से 250 किलोमीटर पूर्व में मेलेखोवो में एक अधिकतम सुरक्षा वाली जेल में धोखाधड़ी और अदालत की अवमानना के लिए नौ साल की सजा काट रहे हैं। इस सप्ताह, चरमपंथ के आरोप में क्रेमलिन के कट्टर विरोधी के खिलाफ जेल में एक और मुकदमा शुरू हुआ। सुनवाई के बाद यदि दोषी ठहराया गया, तो नवलनी कम से कम दो दशकों तक सलाखों के पीछे रहना होगा। बृहस्पतिवार को सुप्रीम कोर्ट द्वारा विचार किए गए मुकदमे में, नवलनी ने शिकायत की कि प्रतिबंधित आवासीय इकाई में जेल अधिकारी उन्हें कलम और कागज नहीं दे रहे हैं, नवलनी को यहां अलगाव में रखा गया है। नवलनी वीडियो लिंक के माध्यम से अदालत में पेश हुए थे।

## अमेरिकी पत्रकार इवान गेर्शकोविच को 30 अगस्त तक हिरासत में रखा जाएगा: रूसी अदालत

**मॉस्को।** मॉस्को की एक अदालत ने बृहस्पतिवार को वॉल स्ट्रीट जर्नल के रिपोर्टर इवान गेर्शकोविच की अपील को खारिज कर दिया और पूर्व में दिए गए फैसले के अनुरूप उन्हें अगस्त के अंत तक जासूसी के आरोप में जेल में रखने का आदेश दिया। अमेरिकी नागरिक को मार्च के अंत में एक रिपोर्टिंग यात्रा के दौरान गिरफ्तार किया गया था। मॉस्को की एक अदालत पिछले महीने उन्हें 30 अगस्त तक हिरासत में रखने पर सहमत हुई थी। बचाव पक्ष के वकीलों ने इस फैसले को चुनौती दी थी। काली टी-शर्ट और हल्के नीले रंग की जींस पहने गेर्शकोविच तनावग्रस्त दिख रहे थे और मॉस्को सिटी कोर्ट में सुनवाई शुरू होने का इंतजार करते हुए कांच के बने प्रतिवादी कक्ष के अंदर इधर-उधर घूम रहे थे। सुनवाई शुरू होने से पहले, अदालत कक्ष में मौजूद अन्य पत्रकारों को बाहर जाने के लिए कहा गया और कार्यवाही बंद दरवाजे के पीछे हुई।

## क्विक न्यूज

### महिलाओं, लड़कियों पर लगे प्रतिबंध हटाए बिना तालिबान सरकार का मान्यता पाना लगभग असंभव : संरा

**संयुक्त राष्ट्र।** अफगानिस्तान के लिए संयुक्त राष्ट्र की दूत रोजा ओटुनबाएवा ने बुधवार को देश के तालिबान शासकों को आगाह किया कि महिलाओं और लड़कियों के शिक्षा हासिल करने तथा उनके काम करने पर लगाए गए प्रतिबंधों को हटाए बिना उनका देश की वैध सरकार के रूप में अंतरराष्ट्रीय मान्यता पाना लगभग असंभव है। ओटुनबाएवा ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) को बताया कि तालिबान शासकों ने संयुक्त राष्ट्र और उसके 192 अन्य सदस्य देशों से उनकी सरकार को मान्यता देने के लिए कहा है, लेकिन साथ ही वे संयुक्त राष्ट्र चार्टर में व्यक्त प्रमुख मूल्यों के खिलाफ काम कर रहे है। खासकर महिलाओ और लड़कियो के खिलाफ जारी फरमानो और प्रतिबंधो से तालिबान शासकों ने अपने लिए जो बाधाएं खड़ी की है, उनके बारे में, मैं स्पष्ट हूं। अमेरिका और उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सैनिकों की अफगानिस्तान से वापसी के बाद तालिबान ने अगस्त 2021 मे देश की बागडोर अपने हाथ मे ले ली थी। लड़कियो और महिलाओं की भागीदारी को सीमित करने वाले तालिबान के फरमानो ने देश को मिलने वाली विदेशी सहायता को प्रभावित किया है।

### खतरों के बावजूद क्यों बढ़ रहा है जोखिमपूर्ण पर्यटन?

**सिडनी।** उत्तर अटलांटिक मे पर्यटकों को टाइटैनिक जहाज का मलबा दिखाने जाते समय लापता हुई टाइटन पनडुब्बी की तलाश करते बचाव दलो को दुनियाभर के लोगो ने हैरत भरी नजरो से देखा। ऐसे मे इस भयावह घटना से सवाल खड़े हो गए है कि लोग दूरदराज के स्थानो मे जोखिम भरी पर्यटन गतिविधियां करने क्यों जाते है और क्या खतरा मोलने वाले इन पर्यटकों पर अधिक पाबंदियां लगनी चाहिए। फ्रंटियर टूरिज्म क्या है? इस प्रकार के जोखिमपूर्ण पर्यटन को फ्रंटियर टूरिज्म कहा जाता है। जोखिमपूर्ण पर्यटन उद्योग अरबो डॉलर का है और यह उद्योग तेजी से बढ़ रहा है। फ्रंटियर टूरिज्म जोखिमपूर्ण पर्यटन का एक खतरनाक रूप है। ए यात्राएं काफी महंगी होती हैं। इनका उद्देश्य इंद्रियो को अत्यधिक उत्तेजित करना और हमारे ग्रह की बाहरी सीमाओ तक जाना होता है जिनमे गहरे समुद्र, ऊंचे-ऊंचे पर्वत, ध्रुवीय क्षेत्र और यहां तक की अंतरिक्ष भी शामिल है। फ्रंटियर टूरिज्म नया नही हैअ मानव ने सहस्राब्दियो तक दूरस्थ स्थानो की खोज की है। प्रशांत क्षेत्र के लोग प्रवास और व्यापार के लिए महासागरो की यात्रा करते समय नक्षत्रो का उपयोग करते थे। यूरोपीय लोग उस भूमि के किनारो तक पहुंचे, जिसे वे चपटी पृथ्वी मानते थे। हालांकि, हाल के वर्षो मे माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई, अंटार्कटिक मे स्थित समुद्री रास्ते ड्रेक पैसेज के पार करने की होड़ और अमीरो के लिए अंतरिक्ष पर्यटन के तेजी से विकास के कारण फ्रंटियर टूरिज्म ने व्यापक रूप से ध्यान आकर्षित किया है।

### ब्रिटेन के पूर्व शिक्षक ने बच्चों के यौन उत्पीड़न का अपराध स्वीकार किया

**लंदन।** लंदन प्राथमिक विद्यालय के एक पूर्व उप प्रधानाध्यपक ने भारत में छोटे बच्चो का यौन उत्पीड़न करने के लिए किशोरो को पैसे और निर्देश देने का अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। ि

PUBLIC NOTICE
To be known to all that my Client, Mr. Shakir Ali, son of Mr. Babu Khan, and Mrs. Shehnaz, wife of Mr. Shakir Ali, both resident of RZ-2108, Gali no. 26, Tuglakabad Extension, New Delhi-110019 hereby disown and sever all of their relations with their elder son (Mr. Jafar Ali) and his family i.e. their elder son's wife Mrs. Gulafsa, and their elder son's children for their bad behavior and misconduct. That my clients have also debarred and disowned their elder son (Mr. Jafar Ali) and his family from all of my client's moveable or immovable properties located in Delhi, and anyone interacting or dealing with their elder son (Mr. Jafar Ali) and his family will do so at his/her/their own risk and responsibilities and neither my clients nor the other legal heirs of my client shall be responsible for any act, deed or dealings done by their elder son (Mr. Jafar Ali) & his family.
Achin Sharma (Advocate)
G-2/210 & 210A, Tulsi Tower, Alaknanda Market, New Delhi. M: 9810221449, 9650865007

सार्वजनिक सूचना
ICICI Home Finance
पंजी. कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बान्द्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बान्द्रा (ईस्ट), मुंबई-400051
शाखा की बंदी
मास्टर निर्देश गैर-बैंकिंग वित्तीय कम्पनी - आवास वित्त कम्पनी (रिज़र्व बैंक) निर्देशावली, 2021 के पैराग्राफ 39 के निबन्धनों में, एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड व्यवसाय के पुनर्मूल्यांकन के परिणामस्वरूप अपनी एनडीएमए शाखा, प्रथम तल, 16/10200, 13/30 बीडन पुरा, पदम सिंह रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005 बंद करने का प्रस्ताव करती है। कृपया नोट करें कि करोल बाग स्थित उक्त परिसर से अन्य व्यावसायिक परिचालन (एनडीएमए बिजनेस को छोड़कर) और शाखा का कार्य जारी रहेगा।
वास्ते आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड
प्रियंका शेट्टी
कम्पनी सचिव

## आईआईएस बेंगलोर एशियाई यूनिवर्सिटी रैंकिंग में शीर्ष भारतीय संस्थान

**लंदन।** बेंगलुरु में स्थित भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएस) टाइम्स हाई एजुकेशन (टीएचई) एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2023 मे सर्वोच्च रैंक वाला भारतीय संस्थान बनकर उभरा है। इस रैंकिंग मे आईआईएस 48वें स्थान पर है। भारत का दूसरा सर्वोच्च रैंक वाला विश्वविद्यालय जेएसएस उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान अकादमी भी कर्नाटक से है। मैसूरु मे स्थित यह संस्थान 68वें स्थान पर है। इस सूची मे चीन के सिंघुआ विश्वविद्यालय और पेकिंग विश्वविद्यालय शीर्ष पर रहे। सिंगापुर का राष्ट्रीय विश्वविद्यालय तीसरे स्थान पर रहा। टाइम्स हायर एजुकेशन के वैश्विक मामलो के मुख्य अधिकारी फिल बैटी ने कहा, टीएचई की एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग एक बहुत ही विविध महाद्वीप मे उच्च शिक्षा पर उज्ज्वल रोशनी डालती है और दिखाती है कि भारत के विश्वविद्यालय तेजी से अभिनव और गतिशील हो रहे है।

## नेपाल में संशोधित नागरिकता विधेयक को लागू करने का रास्ता साफ किया

**काठमांडू।** नेपाल के उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को नव संशोधित नागरिकता विधेयक के कार्यान्वयन का रास्ता साफ कर दिया, जिसे हाल ही मे राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल द्वारा मंजूरी दी गई थी। न्यायमूर्ति आनंद मोहन भट्टाराई और न्यायमूर्ति कुमार रेग्मी की खंडपीठ ने न्यायालय की एकल न्यायाधीश की पीठ द्वारा पूर्व मे दिए गए अंतरिम आदेश को जारी नही रखने का फैसला कर विधेयक के कार्यान्वयन का मार्ग प्रशस्त किया। न्यायमूर्ति मनोज शर्मा द्वारा पहले जारी किए गए अल्पकालिक आदेश ने नागरिकता अधिनियम के संशोधित प्रावधानो के कार्यान्वयन का रास्ता रोक दिया था। इनके तहत जन्म से नागरिकता प्राप्त करने वाले माता-पिता के हजारो बच्चो को वंश के आधार पर नागरिकता प्राप्त करने की अनुमति मिल गई थी।एक अनुमान के मुताबिक करीब पांच लाख लोग अपनी नागरिकता के प्रमाणपत्र का इंतजार कर रहे है। न्यायालय द्वारा हालांकि इस मामले मे अंतिम फैसला दिया जाना अभी बाकी है। दोनो सदनो द्वारा पारित नागरिकता विधेयक को पिछले साल तत्कालीन राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी ने मंजूरी न देते हुए रोक रखा था। उसी विधेयक को पौडेल ने 31 मई को मंजूरी दे दी थी।

# चीन के रेस्तरां में भीषण विस्फोट से 31 की मौत

### मालिक सहित नौ लोग हिरासत में

भाषा। बीजिंगा-यनचुआन

**उत्तर-पश्चिमी** चीन में ड्रैगन बोट फेस्टिवल की पूर्व संध्या पर एक रेस्तरां में रसोई गैस में हुए भीषण विस्फोट से 31 लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। चीन के आधिकारिक मीडिया ने बृहस्पतिवार को इस बारे में खबर दी। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक, यिनचुआन प्रांत के शिनजियांग जिले में एक व्यस्त मार्ग पर स्थित बारबेक्यू रेस्तरां में तरल पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) वितरण प्रणाली से रिसाव होने के कारण रसोई गैस में बुधवार को रात करीब आठ बजकर 40 मिनट पर विस्फोट हुआ। एजेंसी के अनुसार, विस्फोट के संबंध में रेस्तरां मालिक सहित नौ लोगों को हिरासत में लिया गया है। सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना (सीपीसी) की निंग्जिया हुई स्वायत्त क्षेत्रीय समिति ने कहा कि विस्फोट में कुल 38 लोग हताहत हुए, जिनमें से 31 को मृत घोषित कर दिया गया और सात का उपचार किया जा रहा है। एक घायल की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। यह विस्फोट ड्रैगन बोट फेस्टिवल की पूर्व संध्या पर हुआ। दो दिन की छुट्टियों के मद्देनजर बड़ी संख्या में ग्राहक रेस्तरां और उसके आसपास की दुकानों व होटलों में उमड़े थे। विस्फोट में आसपास की इमारतों को भी भारी नुकसान हुआ है। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने बृहस्पतिवार को यिनचुआन के बारबेक्यू रेस्तरां में हुए विस्फोट में घायल लोगों को समुचित इलाज और हरसंभव मदद प्रदान करने के निर्देश दिए। शिन्हुआ के मुताबिक, विस्फोट के संबंध में पुलिस ने नौ लोगों को हिरासत में लिया है, जिनमें रेस्तरां का मलिक, शेयरधारक और कर्मचारी शामिल हैं। एजेंसी के अनुसार, क्षेत्रीय प्रशासन ने इन लोगों की संपत्ति कुर्क की है। यिनचुआन के स्थानीय प्रशासन ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर बताया कि यह विस्फोट उस समय हुआ, जब शेफ गैस टैंक से गैस रिसाव की शिकायत मिलने के बाद उसका वॉल्व बदल रहे थे। शिन्हुआ के मुताबिक, रेस्तरां के आसपा के इलाकों में रहने वाले 64 परिवारों को सुरक्षित जगहों पर स्थानांतरित कर दिया गया है। स्थानीय मीडिया में प्रकाशित खबरों के अनुसार, बारबेक्यू रेस्तरां एक लोकप्रिय रेस्तरां शृंखला का हिस्सा था और दो मंजिल में संचालित किया जा रहा था। इसके भूतल पर 20 ग्राहकों के बैठकर भोजन करने की व्यवस्था थी। इसकी दूसरी मंजिल पर कराओके रूम थे। बचाव कार्य में मार्गदर्शन के लिए चीन के आपातकालीन प्रबंधन मंत्रालय, आवास और शहरी-ग्रामीण विकास मंत्रालय एवं बाजार विनियमन से संबंधित राज्य प्रशासन के सदस्यों सहित एक संयुक्त कार्य दल को घटनास्थल पर भेजा गया है। आपातकालीन चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए चार चिकित्सा विशेषज्ञ संयुक्त कार्य दल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। स्थानीय बचाव दल ने 102 लोगों और 20 वाहनों को घटनास्थल पर भेजा और बचाव अभियान बृहस्पतिवार को तड़के समाप्त हो गया।

## इजराइल ने कब्जे वाले वेस्ट बैंक में कथित फलस्तीनी हमलावर का घर ध्वस्त किया



**यरूशलम।** इजराइली सैनिकों ने अपने कब्जे वाले वेस्ट बैंक में एक सैन्य अभियान में उस फलस्तीनी का घर ध्वस्त कर दिया जिस पर पिछले वर्ष एक इजराइली सैनिक की हत्या करने का संदेह था। इजराइल ने वेस्ट बैंक में इस सप्ताह लगातार जारी तनाव और हिंसा के बीच इस कार्वाई को अंजाम दिया। इसके कुछ ही घंटों बाद इजराइल ने एक हवाई हमला किया जिसमें जेनिन शहर के तीन फलस्तीनी उग्रवादी मारे गए। वहीं इजराइली बस्तियों में रहने वालों ने अपने देश के चार लोगों की एक दिन पहले हुई मौत की घटना के प्रतिशोध में फलस्तीनी गांवों पर हमला कर दिया।वेस्ट बैंक में उग्रवादियों का गढ़ समझे जाने वाले जेनिन के पास सोमवार को इजराइली सेना के दिन भरे चले अभियान में दो किशोरों समेत सात फलस्तीनी मारे गए।इसके अगले दिन फलस्तीनी बंदूकधारियों की गोलीबारी में 17 वर्षीय एक किशोर समेत चार इजराइलियों की मौत हो गई। बुधवार को इजराइली बस्तियों में रहने वालों ने गोलीबारी के घटनास्थल के पास एक फलस्तीनी गांव पर हमला कर घरों और कारों में आग लगा दी थी।

## नेपाल की अदालत ने आदिपुरुष पर से प्रतिबंध हटाया, काठमांडू के महापौर ने कहा- नहीं मानेंगे आदेश

भाषा। काठमांडू

**नेपाल की एक अदालत** ने प्रभास अभिनीत आदिपुरुष सहित हिंदी फिल्मों के प्रदर्शन पर बृहस्पतिवार को प्रतिबंध समाप्त कर दिया साथ ही प्राधिकारियों को निर्देश दिया कि देश के सेंसर बोर्ड द्वारा पास की गई किसी भी फिल्म की स्क्रीनिंग नहीं रोकी जाए। आदिपुरुष के एक संवाद में माता सीता को भारत की बेटी बताया गया है, और इसी के कारण हिंदी फिल्मों पर प्रतिबंध लगाया गया। काठमांडू के महापौर बालेन्द्र शाह ने इसकी घोषणा की थी। शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह कोई भी दंड भुगतने के लिए तैयार हैं लेकिन फिल्म के प्रदर्शन की मंजूरी नहीं देंगे क्योंकि यह मामला नेपाल की संप्रभुता तथा स्वतंत्रता से जुड़ा है। पाटन उच्च न्यायालय के न्यायाधीश धीर बहादुर चंद की एकल पीठ ने एक अल्पकालिक आदेश जारी कर कहा कि सेंसर बोर्ड से अनुमति प्राप्त करने वाली फिल्मों की स्क्रीनिंग नहीं रोकी जानी चाहिए। नेपाल मोशन पिक्चर एसोसिएशन के अध्यक्ष भास्कर धुंगाना ने संवाददाताओं को बताया कि याचिकाकर्ता अदालत के लिखित आदेश का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा, अब हम सेंसर बोर्ड से अनुमति पाई सभी फिल्में प्रदर्शित करेंगे। अदालत के फैसले के बाद शाह ने फेसबुक पोस्ट में लिखा कि वह अदालत के आदेश का पालन नहीं करेंगे। उन्होंने कहा, फिल्म के लेखक ने कहा कि नेपाल भारत के अधीन है,ए भारत के खराब इरादे को दर्शाता है...। उन्होंने कहा, मैं कोई भी दंड भुगतने के लिए तैयार हूं लेकिन फिल्म के प्रदर्शन को मंजूरी नहीं दी जाएगी

## लापता पनडुब्बी को ढूंढने के दौरान टाइटैनिक के पास मलबा पाया गया : अमेरिकी तटरक्षक

भाषा। बोस्टन(अमेरिका)

**अमेरिकी तटरक्षक** ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसके एक उपकरण ने लापता पनडुब्बी को ढूंढने के दौरान टाइटैनिक के पास मलबा पाया है।

टाइटन नाम की इस पनडुब्बी में पांच लोग सवार थे।

टाइटैनिक का मलबा देखने के लिए रविवार को यात्रा पर रवाना हुई पनडुब्बी के लापता होने के बाद उसमें ऑक्सीजन उपलब्धता की 96 घंटे की महत्वपूर्ण समय सीमा बृहस्पतिवार को पार हो गई। उत्तर अटलांटिक में अपनी यात्रा पर पनडुब्बी के रवाना होते समय चालक दल के पास केवल चार दिन के लिए ही ऑक्सीजन थी। विशेषज्ञों ने कहा है कि यह एक अनुमान है और यदि पनडुब्बी में सवार लोग ऑक्सीजन संरक्षित करने के उपाय करते हैं तो यह समय सीमा बढ़ सकती है। और यह भी मालूम नहीं है कि रविवार सुबह पनडुब्बी के लापता हो जाने के बाद से वे जीवित भी हैं, या नहीं। उल्लेखनीय है कि टाइटैनिक दुनिया का सबसे बड़ा वाष्प इंजन चालित यात्री जहाज था। अप्रैल 1912 में अटलांटिक महासागर में अपनी पहली यात्रा पर रवाना होने के चार दिन बाद यह एक हिम शैल से टकराने के बाद डूब गया था। पिछले साल रोड आइलैंड के तट के पास इस जहाज का मलबा पाया गया था।

PUBLIC NOTICE
Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Mr. Ram Sunder is the owner of Plot N.20, measuring 50 sq. yards, situated in waka mouja Sarna, Tehsil & Distt.-Faridabad vide a Sale Deed dated 24.05.1988, Registration No. 3063. It has been informed that Owner has lost/misplaced some pages of Original Sale Deed dated 24.05.1988, Registration No. 3063 w.r.t. said property. All persons are hereby informed not to deal or carry out any transaction with anyone on the basis of the said missing document. If anyone has already carried out or being carried out kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.
Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 legal@knalegal.com

PUBLIC NOTICE
This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.
VEHICLES FOR SALE
1) TATA_LPT407FB REG. NO. DL1LAD0748- YOM 2019
MINIMUM RESERVE PRICE-572436
UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS (ONLINE/ OFFLINE) WITHIN 15 DAYS FROM THIS PAPER PUBLICATION I.E. ON OR BEFORE 07.07.2023 (PLEASE NOTE THAT CLOSING AUCTION DATE WOULD NOT BE A WEEKLY OFF / HOLIDAY).
BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK LTD., PLOT NO.7 INSTITUTIONAL AREA, SECTOR-125 NOIDA NEAR DELL CAMPUS NOIDA (U.P) UP-201313
OR CONTACT : ABHINAV LAL
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT /07798988481
EMAIL-Abhinav.lal@kotak.com

# भारत में अल्पपोषण बड़ी चिंता, तत्काल ध्यान देने की जरूरत : विशेषज्ञ

भाषा। काठमांडू

**आहार** विशेषज्ञों का कहना है कि अल्पपोषण, खासकर सूक्ष्म पोषक तत्वों (माइक्रोन्यूट्रिएंट) की कमी भारत में अब भी चिंता का बड़ा विषय है, जिस पर तत्काल ध्यान दिए जाने की जरूरत है। अल्पपोषण का मतलब है कि कोई व्यक्ति स्वस्थ रहने के लिए जरूरी पोषक तत्व पर्याप्त मात्रा में नहीं ले पा रहा है।

इंटरनेशनल फूड पॉलिसी रिसर्च इंस्टीट्यूट (आईएफपीआरआई) ने इस हफ्ते काठमांडू में जारी द ग्लोबल फूड पॉलिसी रिपोर्ट (जीएफपीआर) 2023 में कहा था कि वैश्विक स्तर पर अल्पपोषित आबादी 2014 में 57.3 करोड़ से 34.2 फीसदी बढ़कर 2021 में 76.8 करोड़ हो गई। रिपोर्ट के मुताबिक, 2019 से 2021 तक अफगानिस्तान में सर्वाधिक 30 फीसदी अल्पपोषण दर्ज किया गया। इस अवधि में पाकिस्तान में अल्पपोषण का स्तर 17 फीसदी, भारत में 16 फीसदी, बांग्लादेश में 12 फीसदी, नेपाल में छह फीसदी और श्रीलंका में चार फीसदी था। आईएफपीआरआई के निदेशक (दक्षिण एशिया) शाहिदुर राशिद ने कहा कि भारत खाद्यान्न के उत्पादन और उपलब्धता के मामले में ठीक स्थिति में है, लेकिन वहां पहुंच के संबंध में चुनौतियां व्याप्त हैं। उन्होंने काठमांडू में पीटीआई-भाषा के साथ साक्षात्कार में कहा, स्वस्थ जीवन के लिए पर्याप्त मात्रा में चावल या गेहूं खाना ही काफी नहीं है। भारत में लोगों के आहार में पोषण का अभाव एक बड़ा मुद्दा है। भविष्य में भारत को इस मुद्दे का हल गंभीरता से निकालना होगा।

राशिद ने कहा, मिसाल के तौर पर, सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी को ले लीजिए, जिसे छिपी हुई भुखमरी कहा जाता है। भारत और दक्षिण एशिया में यह काफी अधिक है। लिहाजा, हमें सूक्ष्म पोषक तत्वों की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के उपाय करने होंगे, ताकि हम भविष्य में एक स्वस्थ पीढ़ी तैयार कर सकें। इंटरनेशनल राइस रिसर्च इंस्टीट्यूट (आईआरआरआई) में भारत की प्रतिनिधि डॉ. रंजीता पुष्कर ने राशिद की राय से सहमति जताई। उन्होंने कहा कि भारत में खाद्य असुरक्षा एक बड़ी समस्या नहीं हो सकती है, लेकिन पोषक तत्वों की कमी वास्तव में एक गंभीर समस्या है। पुष्कर ने पीटीआई-भाषा से कहा, पोषक तत्वों की कमी गंभीर चिंता का विषय है। ऐसा अनुमान है कि गर्मी का स्तर बढ़ने के साथ ही कई फसलों, चावल-गेहूं की गुणवत्ता और उनमें पोषक तत्वों की उपलब्धता में और कमी आएगी। ऐसे में हमें इस कमी की भरपाई के उपाय तलाशने होंगे। एग्रिकल्चरल इकोनॉमिक्स रिसर्च एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष डॉ. प्रमोद के. जोशी के मुताबिक, अल्पपोषण मुख्यत: वितरण से संबंधित समस्या है, न कि खाद्य सुरक्षा का मुद्दा। उन्होंने कहा, भारत का पूरा जोर खाद्य सुरक्षा पर रहा है। अल्पपोषण से निपटने के लिए आपको विविध सामग्री-युक्त आहार की जरूरत है। सरकार खाद्य वितरण प्रणाली के तहत विविध सामग्री-युक्त आहार नहीं उपलब्ध करा सकती है। जोशी ने पीटीआई-भाषा से कहा, पोषण सुरक्षा के लिए आपको अलग तरह की नीतियों की जरूरत है। खाद्य सुरक्षा और पोषण सुरक्षा के मुद्दे को एक ही नीति के जरिए निपटा नहीं जा सकता है।

### पोषक आहार और योग के संगम से मिलेगा स्वास्थ्य लाभ

**नई दिल्ली।** एमवे ने, मानवों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए अटूट प्रतिबद्धता रखते हुए, लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए मजबूत कदम उठाने में मदद करने का मिशन शुरू किया। भारत अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के वार्षिक उत्सव को हर्षोल्लास से मनाने का इंतजार कर रहा है इसी को ध्यान में रखते हुए समग्र स्वास्थ्य पाने में पोषण और योग के गहन महत्व पर जोर देते हुए एमवे इंडिया ने भी अपना ज्यादा से ज्यादा योगदान करने के लिए कमर कस ली है। लोगों को बेहतर और स्वस्थ जीवन जीने में मदद करने के नजरिए से एमवे ने लोगों को कायाकल्प की यात्रा पर ले चलने के लिए अपनी कोशिशें तेज कर दी हैं। अपनी इन्हीं कोशिशों के हिस्से के रूप में एमवे इंडिया ने देश भर में विशेषज्ञ वक्ताओं के कार्यक्रमों के माध्यम से वर्चुअल और फिजिकल योग सत्रों की श्रृंखला का आयोजन कर फिटनेस के लिए उत्साह रखने वाले 2000 लोगों को इन कार्यक्रमों में शामिल किया। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए, जीएस चीमा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उत्तर और दक्षिण एमवे इंडिया ने कहा कि एमवे में, हम इस बात पर दृढ़ विश्वास रखते हैं कि अच्छा स्वास्थ्य और खुशहाली पाने में उचित पोषण और शारीरिक गतिविधि के संतुलित उपयोग में बेहतरीन बदलाव लाने शक्ति होती है। पोषण के क्षेत्र में दुनिया भर में सबसे आगे रहकर काम करने वाले संस्थान के रूप में हम इस बात पर बहुत ज्यादा विश्वास करते हैं कि खुशहाली एक बहुआयामी उपलब्धि होती है जो शारीरिक मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य के साथ-साथ पर्याप्त पोषण मिलने पर ही पाई जा सकती है। अच्छा पोषण, सक्रिय जीवन शैली, और आंतरिक खुशहाली. एक दूसरे से आपस में ज़ुड़े हुए होते हैं।

PUBLIC NOTICE
Notice is hereby given on behalf of **Piramal Capital & Housing Finance Limited** that **Mr. Mukesh Kumar** intends to mortgage the **Plot of land area measuring 50 Sq. Yds., Khasra No. 67/3, situated at New Rajendra Nagar, Village Dundahera, Tehsil & District Ghaziabad (U.P.),** with our client against the financial assistance. Whereas, **Mrs. Kiran Saxena** had acquired the Said Property by way of Sale Deed dt. 18-06-2012 and after her death, his legal heirs 1) Mr. Sajal Saxena & 2) Mrs. Bhawna Saxena have sold the Said Property to **Mr. Mukesh Kumar** by way of Sale Deed dt. 27-07-2021 and now, he intends to mortgage the same to **Piramal Capital & Housing Finance Limited.**
If any person(s) having objection with regard to ownership/mortgage of the said property is/are requested to intimate in writing to undersigned within 07 days from the date of issue of this notice at below address. In the event no information is received within 07 days from date hereof, our Client i.e. **Piramal Capital & Housing Finance Limited** will proceed with the mortgage process.
DEEPJYOT SINGH, ADVOCATE
A-13, LGF, South Extn-II,
New Delhi-49 # 011-40587824


प्रकाशन
प्रपत्र सं. 3
खविनियम-15 (1) (क) /16 (3) देखें,
ऋण वसूली न्यायाधिकरण
चंडीगढ़ (डीआरटी 2)
प्रथम तल एससीओ 33-34-35, सेक्टर-17 ए. चंडीगढ़ (तृतीय एवं चतुर्थ तल पर भी अतिरिक्त स्पेस आबंटित)
वाद सं. : ओ.ए./436/2021
ईएक्सएच. नंबर : 16783
ऋण वसूली न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियमावली, 1993 के नियम 5 के उप-नियम (2क) के साथ पठित अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत सम्मन
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
बनाम
सृजित गुप्ता
सेवा में,
(1) मैसर्स सीएचडी डेवलपर्स लिमिटेड
निवासी एसएफ 16-17, प्रथम तल, मैडम भीकाजी कामा भवन, 11, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली-110066
इसके प्राधिकृत अधिकारी के माध्यम से
सम्मन
जबकि, ओए/436/2021 माननीय पीठ अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष 23-02-2023 को पेश किया गया था।
जबकि, यह माननीय न्यायाधिकरण रू. 1,71,47,446.96/- की ऋण वसूली के लिए आपके विरूद्ध दाखिल किए गए (ओए) के संबंध में, अधिनियम की धारा 19(4) के तहत, उक्त आवेदन पर सम्मन/नोटिस जारी करने का अनुग्रह कर रहा है (दस्तावेजों इत्यादि की प्रतियों सहित आवेदन संलग्न है)।
अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत आप प्रतिवादी(यों) को निम्न निर्देश भी दिया जाता है :-
i) सम्मन की तामील के तीस दिन के भीतर कारण बताएं कि प्रार्थित राहत क्यों मंजूर नहीं की जाए ;
ii) मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के अतिरिक्त सम्पत्तियों अथवा आस्तियों का विवरण, प्रस्तुत करें ;
iii) आप को, सम्पत्ति की कुर्की के लिए आवेदन की सुनवाई तथा आवेदन के निस्तारण के दौरान, प्रत्याभूत आस्तियों अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के संबंध में संव्यवहार अथवा निपटान करने की मनाही की जाती है ;
iv) आप किसी भी आस्ति जिस पर कोई प्रतिभूति हित सृजित किया गया है तथा/अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट अथवा खुलासा की गई सम्पत्तियों तथा आस्तियों का अंतरण बिक्री, पट्टा अथवा अन्य प्रकार से, आपके व्यवसाय के साधारण कोर्स को छोड़कर, न्यायाधिकरण की पूर्व अनुमति के बिना, नहीं करेंगे ;
v) आप व्यवसाय के साधारण कोर्स में प्रत्याभूत आस्तियों अथवा अन्य आस्तियों तथा सम्पत्तियों की बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि का हिसाब रखने तथा ऐसी बिक्री प्राप्तियां इन आस्तियों पर प्रतिभूति हित धारक बैंक अथवा वित्तीय संस्थाओं में अनुरक्षित खाते में जमा करने हेतु जिम्मेदार होंगे।
आपको लिखित बयान दाखिल करने, उसकी प्रति आवदेक को मुहैया कराने तथा दिनांक 04-09-2023 को पूर्वा. 10.30 बजे रजिस्ट्रार के समक्ष पेश हाने का भी निर्देश दिया जाता है, जिसमें असफल रहने पर आवेदन की सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।
मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मोहर लगाकर 17-03-2023 को दिया गया।
सम्मन जारी करने हेतु प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर

प्रपत्र सं. 3
[विनियम-15 (1) (क) /16 (3) देखें]
ऋण वसूली न्यायाधिकरण
चंडीगढ़ (डीआरटी 2)
प्रथम तल एससीओ 33-34-35, सेक्टर-17 ए. चंडीगढ़ (तृतीय एवं चतुर्थ तल पर भी अतिरिक्त स्पेस आबंटित)
वाद सं. : ओ.ए./701/2022
ऋण वसूली न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियमावली, 1993 के नियम 5 के उप-नियम (2क) के साथ पठित अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत सम्मन ईएक्सएच. नंबर : 18429
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
बनाम
ज्ञानेन्द्र कुमार जेना
सेवा में,
(2) कल्पना जेना डब्ल्यू/ओ ज्ञानेन्द्र कुमार जेना फ्लैट नंबर के-1/100, न्यू पालम विहार फेज-1, गुरूग्राम, हरियाणा
अन्य पता :-
फ्लैट नंबर डीबी 1116, 11वां तल, डीएलएफ साइबर सिटी चंडाका इंडस चन्द्रशेखरपुर भुवनेश्वर जिला खोर्धा, उड़ीसा
(3) जेटीके लॉजिस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड, एल-92/226, गली नंबर 7, महीपालपुर, नई दिल्ली, दिल्ली
सम्मन
जबकि, ओए/701/2022 माननीय पीठ अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष 12-04-2023 को पेश किया गया था।
जबकि, यह माननीय न्यायाधिकरण रू. 39,56,439.63/- की ऋण वसूली के लिए आपके विरूद्ध दाखिल किए गए (ओए) के संबंध में, अधिनियम की धारा 19(4) के तहत, उक्त आवेदन पर सम्मन/नोटिस जारी करने का अनुग्रह कर रहा है (दस्तावेजों इत्यादि की प्रतियों सहित आवेदन संलग्न है)।
अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत आप प्रतिवादी(यों) को निम्न निर्देश भी दिया जाता है :-
i) सम्मन की तामील के तीस दिन के भीतर कारण बताएं कि प्रार्थित राहत क्यों मंजूर नहीं की जाए ;
ii) मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के अतिरिक्त सम्पत्तियों अथवा आस्तियों का विवरण, प्रस्तुत करें ;
iii) आप को, सम्पत्ति की कुर्की के लिए आवेदन की सुनवाई तथा आवेदन के निस्तारण के दौरान, प्रत्याभूत आस्तियों अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के संबंध में संव्यवहार अथवा निपटान करने की मनाही की जाती है ;
iv) आप किसी भी आस्ति जिस पर कोई प्रतिभूति हित सृजित किया गया है तथा/अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट अथवा खुलासा की गई सम्पत्तियों तथा आस्तियों का अंतरण बिक्री, पट्टा अथवा अन्य प्रकार से, आपके व्यवसाय के साधारण कोर्स को छोड़कर, न्यायाधिकरण की पूर्व अनुमति के बिना, नहीं करेंगे ;
v) आप व्यवसाय के साधारण कोर्स में प्रत्याभूत आस्तियों अथवा अन्य आस्तियों तथा सम्पत्तियों की बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि का हिसाब रखने तथा ऐसी बिक्री प्राप्तियां इन आस्तियों पर प्रतिभूति हित धारक बैंक अथवा वित्तीय संस्थाओं में अनुरक्षित खाते में जमा करने हेतु जिम्मेदार होंगे।
आपको लिखित बयान दाखिल करने, उसकी प्रति आवदेक को मुहैया कराने तथा दिनांक 25-08-2023 को पूर्वा. 10.30 बजे रजिस्ट्रार के समक्ष पेश हाने का भी निर्देश दिया जाता है, जिसमें असफल रहने पर आवेदन की सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।
मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मोहर लगाकर 09-06-2023 को दिया गया।
सम्मन जारी करने हेतु प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर

# मोदी सरकार के नौ साल में 1.25 करोड़ नए रोजगार पैदा हुए: यादव

भाषा। नई दिल्ली

**केंद्रीय** श्रम एवं रोजगार मंत्री भूपेंद्र यादव ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश में पिछले नौ वर्षों में रोजगार के अवसरों में भारी वृद्धि देखी गई है और इस दौरान लगभग 1.25 करोड़ नए रोजगार पैदा हुए हैं। अपने मंत्रालय की तरफ से किए गए कई संस्थान-आधारित श्रम सर्वेक्षणों का जिक्र करते हुए यादव ने कहा कि वर्ष 2014 से 2022 के बीच करीब 1.25 करोड़ नए रोजगार के अवसरों का सृजन हुआ। उन्होंने नरेन्द्र मोदी सरकार के पिछले नौ साल के कार्यकाल की उपलब्धियों को रेखांकित करने के लिए आयोजित संवाददाता सम्मेलन में यह दावा किया। उन्होंने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा, यदि आप ईपीएफओ के आंकड़े देखें तो कर्मचारी पेंशन योजना 1995 के तहत पेंशनभोगियों की संख्या वित्त वर्ष 2021-22 में 72 लाख हो गई जबकि वित्त वर्ष 2014-15 में इनकी संख्या 51 लाख थी। इस दौरान लगभग 22 लाख लोग सेवानिवृत्त हुए लेकिन ईपीएफओ द्वारा संचालित सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत पंजीकरण बढ़ गया।



श्रम मंत्री ने कहा कि 2014-15 में ईपीएफओ के पंजीकृत अंशधारकों की कुल संख्या 15.84 करोड़ थी, जो 2021-22 में बढ़कर 27.73 करोड़ हो गई। उन्होंने दो दिन पहले जारी ईपीएफओ के नवीनतम पेरोल आंकड़ों का भी उल्लेख करते हुए कहा कि इस साल अप्रैल के महीने में 17.20 लाख नए सदस्य सेवानिवृत्ति कोष निकाय का हिस्सा बने। उन्होंने कहा कि नेशनल करियर सर्विस (एनसीएस) पोर्टल ने पिछले नौ वर्षों में करीब 1.39 करोड़ खाली पदों की सूचना जुटाने में मदद की। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमने तीन विषयों सेवा, सुशासन, कल्याण पर ध्यान केंद्रित किया। जब हम सेवा और सबका साथ सबका विकास की बात करते हैं, तो आपको अंदाजा होता है कि हमने देश में संगठित और असंगठित दोनों तरह के श्रमिकों का ख्याल रखा।

उन्होंने कहा कि संगठित श्रमिक देश के कुल कार्यबल का सिर्फ 10 प्रतिशत हैं जबकि 90 प्रतिशत श्रमिक असंगठित क्षेत्र में हैं। उन्होंने कहा कि असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों के ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण की व्यवस्था शुरू की गई है और जनधन-आधार-मोबाइल (जेएएम) का इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अबतक करीब 400 व्यवसायों में संलग्न करीब 30 करोड़ श्रमिक ई-श्रम पोर्टल से जुड़ चुके हैं। उन्होंने संस्थान-आधारित श्रम सर्वेक्षणों के बारे में अपने मंत्रालय की पहल का जिक्र करते हुए कहा कि जल्द ही क्षेत्र-आधारित सर्वेक्षण परिणाम जारी किए जाएंगे, जिससे साक्ष्यों पर आधारित नीतियां बनाने में मदद मिलेगी।

## कूनो से चीते हटाए जाने की कोई योजना नहीं: पर्यावरण मंत्री

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने बृहस्पतिवार को कहा कि मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में चीतों के लिए पर्याप्त शिकार स्थान है और उन्हें कहीं और भेजने की फिलहाल कोई योजना नहीं है। उन्होंने हालांकि कहा कि भविष्य में कूनो में कोई समस्या उत्पन्न होने की स्थिति में उत्तर-पश्चिमी मध्य प्रदेश में गांधी सागर वन्यजीव अभयारण्य की "वैकल्पिक स्थान" के रूप में पहचान की गई है। यादव ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, फिलहाल चीतों को कहीं और स्थानांतरित करने की कोई योजना नहीं है। इस संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने सरकार के नौ साल के दौरान अपने मंत्रालय की उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने कहा कि चीते स्थानीय मौसम और माहौल के अनुरूप ढल रहे हैं और "हमें उन्हें इसके लिए समय देना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले साल 17 सितंबर को आठ चीतों को कूनो उद्यान में छोड़ा था, जिन्हें नामीबिया से लाया गया था। बाद में, दक्षिण अफ्रीका से लाए गए 12 चीतों को 18 फरवरी को कूनो में छोड़ा गया था।

## मप्र पुलिस ने देश भर से ढूंढे एक करोड़ के मोबाइल फोन मालिकों को सौंपे गए

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** इंदौर में पुलिस ने अपने एक ऐप पर मिली शिकायतों की जांच के बाद 405 मोबाइल फोन देश के अलग-अलग इलाकों से ढूंढ निकाले और इन उपकरणों को बृहस्पतिवार को उनके मालिकों को सौंप दिया गया। इन उपकरणों का कुल मूल्य एक करोड़ रुपए के आस-पास है। पुलिस उपायुक्त (अपराध निरोधक शाखा) निमिष अग्रवाल ने पुलिस नियंत्रण कक्ष में आयोजित कार्यक्रम के दौरान संबंधित मालिकों को उनके मोबाइल फोन सौंपे। इन लोगों ने अपने मोबाइल फोन गुम होने की शिकायत इंदौर पुलिस के सिटीजन कॉप ऐप पर दर्ज कराई थी। ऑनलाइन शिकायतों पर जांच करते हुए पुलिस ने मध्यप्रदेश के साथ ही दिल्ली, पंजाब, बिहार, राजस्थान, उड़ीसा, हरियाणा, महाराष्ट्र, गुजरात, उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ में कुल 405 मोबाइल फोन को ढूंढ निकाला। 2022 के दौरान इंदौर पुलिस ने स्थानीय निवासियों के लगभग 1,800 गुम मोबाइल फोन अलग-अलग राज्यों से ढूंढ निकाले थे।

# अनुच्छेद 370 अस्थाई था, लेकिन 70 साल तक अस्तित्व में रहा: उपराष्ट्रपति




**जम्मू।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बृहस्पतिवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त किए जाने से लोग खुश हैं और यह अनुच्छेद अस्थाई था, लेकिन फिर भी 70 साल तक अस्तित्व में रहा। धनखड़ ने यह भी कहा कि बाबा साहेब बी. आर. आंबेडकर ने संविधान के अन्य अनुच्छेदों का मसौदा तैयार करते वक्त अनुच्छेद 370 का मसौदा तैयार करने से इनकार कर दिया था। उपराष्ट्रपति ने यहां जम्मू विश्वविद्यालय के एक दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा, मैं 20 साल से इसकी वकालत कर रहा था। यह एक भूल थी। संविधान की विषय-वस्तु में जाएं और देखें कि यह अनुच्छेद एक अस्थाई अनुच्छेद के रूप में रखा गया था, लेकिन यह 70 साल तक बरकरार रहा। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माता आंबेडकर ने अनुच्छेद 370 का मसौदा तैयार करने से इनकार कर दिया था। उन्होंने कहा, अब, हम खुश हैं कि यह (अनुच्छेद 370) वहां (जम्मू-कश्मीर में) नहीं है।

श्यामा प्रसाद मुखर्जी के शब्दों को उद्धृत करते हुए कि "एक मुल्क में दो निशान, दो प्रधान नहीं चलेंगे", धनखड़ ने कहा कि अब ऐसी स्थिति नहीं है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त किए जाने के बाद से अब जम्मू-कश्मीर में सौहार्दपूर्ण माहौल है और यह (श्यामा प्रसाद) मुखर्जी को सबसे बड़ी श्रद्धांजलि है, जिन्होंने एक मजबूत और एकजुट भारत के लिए अपना जीवन झोंक दिया। धनखड़ ने कहा, कल (23 जून को) उनका शहादत दिवस है। इस दिन श्रीनगर जेल में एक बंदी के रूप में उनकी मृत्यु हो गई। गिरफ्तारी के कुछ ही दिनों के भीतर उनकी मृत्यु हो गई थी। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के कार्यों की सराहना करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद केंद्र शासित प्रदेश में बड़े पैमाने पर विकास हो रहा है। धनखड़ ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में अब भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) सहित देश के सभी शीर्ष संस्थान मौजूद है। जम्मू शिक्षा का एक केंद्र होगा। वैश्विक बाजार में भारत के विकास के बारे में चर्चा करते हुए धनखड़ ने कहा कि देश में 70 करोड़ इंटरनेट उपयोगकर्ता हैं, जो अमेरिका या चीन की तुलना में कहीं अधिक है। उन्होंने श्रीनगर में जी-20 बैठक की सफलता का श्रेय भी उपराज्यपाल को दिया।

### कानून हर किसी पर लागू होता है, पृष्ठभूमि या दर्जा कुछ भी हो : धनखड़

**जम्मू।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कुछ ताकतों के सुनियोजित प्रयासों पर बृहस्पतिवार को चिंता जताई, जिनका मकसद देश को हानि पहुंचाने वाला झूठा विमर्श फैलाना है। उपराष्टपति ने स्वीकार किया कि ऐसे लोगों की संख्या कम है। लेकिन उन्होंने सतर्क रहने की आवश्यकता पर जोर दिया। धनखड़ ने उन लोगों को लेकर चिंता जताई जो कानून-प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा तलब किए जाने पर विरोध जताते हैं। उन्होंने जोर दिया कि किसी को भी कानून से छूट नहीं मिली हुई है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में स्पष्ट संदेश दिया गया है कि कानून सब पर लागू होता है, चाहे उनका दर्जा या पृष्ठभूमि कुछ भी हो।

## बिजली क्षेत्र में कायापलट, अतिरिक्त बिजली उत्पादन करने वाला बना देश: आरके सिंह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय बिजली मंत्री आर के सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि मोदी सरकार के नौ वर्षों के कार्यकाल में देश के बिजली क्षेत्र में कायापलट हुआ है और हम विद्युत की कमी की स्थिति से उबरकर अधिशेष की स्थिति में आ गए हैं। सिंह ने अपने मंत्रालय की उपलब्धियां गिनाने के लिए आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पिछले नौ वर्षों में 185 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर 1,000 मेगावाट) से अधिक बिजली उत्पादन क्षमता जोड़ी गई जिससे देश अब बिजली अधिशेष की स्थिति में आ चुका है। उन्होंने कहा, इस समय देश की कुल स्थापित बिजली उत्पादन क्षमता 416 गीगावाट है जो अधिकतम बिजली मांग के दोगुने के करीब है। यहां तक कि भारत अपने पड़ोसी देशों को बिजली का निर्यात भी कर रहा है।

सिंह ने कहा कि पूरी दुनिया ने पिछले नौ वर्षों में भारत के बिजली क्षेत्र का कायापलट होते हुए देखा है। बिजली पारेषण के लिए 1.97 लाख सर्किट किलोमीटर की पारेषण लाइन भी जोड़ी गई है जिससे पूरा देश एक ग्रिड से जुड़ चुका है। इन पारेषण लाइन से देश के एक कोने से दूसरे कोने तक 1.12 लाख मेगावाट बिजली भेजी जा सकती है।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) का कुल तकनीकी एवं वाणिज्यिक नुकसान भी वित्त वर्ष 2021-22 में घटकर 16.44 प्रतिशत पर आ गया जो 2020-21 में 22 प्रतिशत था। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री ने कहा कि हरित ऊर्जा के क्षेत्र में भी भारत ने सभी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच सर्वाधिक वृद्धि दर हासिल की है। मार्च 2014 में हरित ऊर्जा की स्थापित क्षमता 76.37 गीगावाट थी लेकिन मई 2023 तक यह 2.27 गुना बढ़कर 173.61 गीगावाट हो गई। उन्होंने कहा कि बिजली क्षेत्र में वर्ष 2014 से अब तक करीब 78 अरब डॉलर का निवेश हुआ है जिसमें से 10.3 अरब डॉलर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश है।

# आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा को मिला लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

- द एशिया एचआरडी कांग्रेस ने आयुक्त सहित मंडल द्वारा निर्मित कोचिंग हब, एआईएस रेजिडेंसी, चौपाटी और मुख्यमंत्री जन आवास योजना को दिए राजस्थान लीडरशिप अवार्ड 2023
- पुरस्कार और सम्मानों से लदकद हुआ मंडल, चार वर्षों में हासिल किए 27 प्रतिष्ठित पुरस्कार



**जयपुर।** द एशिया एचआरडी कांग्रेस ने राजस्थान हाउसिंग बोर्ड के आयुक्त पवन अरोड़ा को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड के साथ मंडल द्वारा निर्मित कोचिंग हब, एआईएस रेजिडेंसी, जयपुर चौपाटी और मुख्यमंत्री जन आवास योजना के लिए 4 पुरस्कारों से सम्मानित किया। जयपुर के एक 5 सितारा होटल में आयोजित भव्य समारोह में अरोड़ा को व्यक्तिगत पुरस्कारों की श्रेणी में लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया। इस अवसर मुख्य अभियंता प्रथम केसी मीणा, अतिरिक्त मुख्य अभियंता अमित अग्रवाल सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। द एशिया एचआरडी कांग्रेस ने कोचिंग हब को इन्नोवेटिव प्रोजेक्ट ऑफ द ईयर, एआईएस रेजिडेंसी को बेस्ट इनोवेशन इन प्रोडक्ट डिजाइन, मुख्यमंत्री जन आवास योजना के तहत बन रहे फ्लैट्स को डवलपर ऑफ द ईयर (एफोर्डिंग हाउसिंग) और जयपुर चौपाटी को डवलपर ऑफ द ईयर (रिटेल) की श्रेणी में सम्मानित किया गया है। आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने कहा कि बेहतर लीडरशिप के साथ टीम का मजबूत होना भी बेहद जरूरी है। अधिकारियों और कार्मिकों की टीम ने विगत 4 वर्षों में वह कर दिखाया जो पिछले कई दशकों में संभव नहीं हो पाया। मंडल के खाते में लगातार सम्मान और पुरस्कारों का आना मंडल की आमजन के प्रति प्रतिबद्धता व मेहनत को दर्शाता है। पुरस्कारों का यह सिलसिला लगातार चलता रहेगा।

समारोह में सराहे गए कोचिंग हब, जयपुर चौपाटी, एआईएस रेजीडेंसी और मुख्यमंत्री जन आवास योजना इससे पूर्व भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खासी चर्चित रह चुके हैं। प्रताप नगर और मानसरोवर में स्थापित चौपाटी के लजीज क्यूज़ीन और व्यंजनों के तो शहरवासी दीवाने हैं। चौपाटियों के शुरुआती 5 महीनों में अधिकतम फुटफाल के लिए तो दो अंतरराष्ट्रीय अवार्ड भी मिल चुके हैं। चौपाटियों पर चलने वाला लाइव बैंड के आगंतुक खासे मुरीद हैं। प्रताप नगर में बना कोचिंग हब देश का पहला ऐसा संस्थान है, जहां अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त भवन में निजी कोचिंगें एक साथ संचालित होने को हैं। मुख्यमंत्री जन आवास योजना के तहत बने आवास भी गुणवत्ता और सुविधाओं के मामले में हर स्तर पर खरे उतरते हैं। ऑल इंडिया सर्विस रेजिडेंसी देश की एकमात्र अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त रेजिडेंसी है, जिसे कई बार राष्ट्रीय स्तर पर सराहा जा चुका है। आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा की अगुवाई में पिछले चार वर्षों में मण्डल को कुल 27 अवार्ड मिल चुके हैं। मकान विक्रय में वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्डस, स्कॉच अवार्ड 2021, अवार्ड ऑफ एक्सीलेन्सी, नेशनल रियल एस्टेट डवलपमेंट काउंसिल द्वारा सम्मानए नेशनल हाउसिंग अवार्ड, आईबीसी और स्टार ऑफ गवर्नेंस.गोल्ड अवार्ड और नरेडको द्वारा दिए।

### भूस्खलन के कारण अरुणाचल के कई जिलों में सड़क संपर्क टूटा

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन से कई इलाकों का सड़क संपर्क टूट गया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी)-राजमार्ग के सहायक अभियंता जेमर पदु ने कहा कि पश्चिम सियांग जिले में आलो-पांगिन रोड पर कई जगह भूस्खलन के कारण सड़क संपर्क टूटने की सूचना मिली है। उन्होंने कहा कि सियांग जिले में लोकपेंग के पास चार स्थानों पर सड़कें भी अवरुद्ध हो गई हैं। सहायक अभियंता जेमर पदु ने कहा, लोक निर्माण विभाग ने मलबा हटाने के लिए कर्मचारियों और मशीनरी को तैनात किया है। अधिकारियों ने कहा कि पांगिन-पासीघाट सड़क भी भूस्खलन की चपेट में आ गई है, जिसके परिणामस्वरूप इसके आस-पास के इलाकों का सड़क संपर्क टूट गया है। उन्होंने बताया कि सिसार के पास पासीघाट-मेबो-बोमजिर-दंबुक रोड पर भी व्यवधान की सूचना मिली है।

## मणिपुर के हालात संभालने के लिए अमित शाह पर्याप्त

- प्रधानमंत्री के वहां जाने की जरूरत नहीं: फडणवीस

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने बृहस्पतिवार को कहा कि मणिपुर के हालात संभालने के लिए केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर्याप्त हैं और इस काम के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पूर्वोत्तर राज्य का दौरा करने की जरूरत नहीं है। फडणवीस का यह बयान शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के उस बयान के कई दिन बाद आया है जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा था और प्रश्न किया था कि वह शांति बहाली के लिए मणिपुर जाने के बजाए अमेरिका का दौरा क्यों कर रहे हैं।

उप मुख्यमंत्री ने भारत में कोरोना वायरस रोधी टीके के निर्माण की दिशा में पहल का श्रेय एकबार फिर प्रधानमंत्री मोदी को दिया और कहा कि उनके कारण ही देश के 140 करोड़ नागरिकों को नि:शुल्क टीके दिए गए वरना करोड़ों लोगों की मौत हो गई होती। महाराष्ट्र के सातारा जिले के कराड़ शहर में एक रैली को संबोधित करते हुए फडणवीस ने ठाकरे का नाम लिए बगैर कहा, कुछ दिन पहले महाराष्ट्र के एक नेता ने कहा था कि प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका जा रहे हैं लेकिन मणिपुर नहीं जा रहे। मैं उन्हें बताना चाहूंगा कि हमारे गृह मंत्री अमित शाह मणिपुर के हालात संभालने के लिए काफी हैं। मोदीजी को वहां जाने की कोई आवश्यकता नहीं है।

उन्होंने कहा, आप (ठाकरे) तो मातोश्री (ठाकरे का निजी आवास) से वर्ली (मुंबई का उपनगर) तक नहीं जाते, और आप प्रधानमंत्री से कह रहे हैं कि वह अमेरिका की बजाय मणिपुर जाएं। क्या उन्हें (ठाकरे को) इस पर बोलने का कोई अधिकार है। गौरतलब है कि मेइती समुदाय की ओर से अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा दिए जाने की मांग के विरोध में तीन मई को पर्वतीय जिलों में आदिवासी एकजुटता मार्च आयोजित किए जाने के बाद मणिपुर में हिंसक झड़पें हुई हैं। हिंसा में अब तक करीब 120 लोगों की जान गई है और 3,000 से अधिक घायल हुए हैं। केंद्रीय गृह मंत्री ने हिंसा प्रभावित मणिपुर की स्थिति पर चर्चा के लिए 24 जून को नई दिल्ली में सर्वदलीय बैठक बुलाई है।

फडणवीस ने रविवार को अकोला में अपने संबोधन में भारत में कोरोना वायरस संक्रमण रोधी टीके के निर्माण का श्रेय प्रधानमंत्री को दिया था। इस पर ठाकरे ने व्यंग्य करते हुए कहा था , अगर मोदीजी ने टीका बनाया तो वैज्ञानिक क्या कर रहे थे? क्या वे घास छील रहे थे? उप मुख्यमंत्री ने इस पर जवाब देते हुए कहा, आज मैं फिर दोहरा रहा हूं कि प्रधानमंत्री ने टीका बनाया क्योंकि दुनिया के केवल पांच देश टीके की खुराक बना सकते थे। कई देशों के पास कच्चा माल था लेकिन वे उसे अन्य देशों के साथ साझा नहीं कर रहे थे। ए प्रधानमंत्री के अन्य देशों के साथ संबंध थे जिसके कारण हमें कच्चा माल मिलने में मदद मिली।

## उमर अब्दुल्ला ने सूफी संत की दरगाह पर योग कार्यक्रम की आलोचना की

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बडगाम जिले में एक पवित्र दरगाह के प्रांगण में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम आयोजित करने की आलोचना करते हुए इसे तस्वीर खिंचवाने का अवसर बताया। सेना ने बुधवार को शासन के साथ मिलकर मध्य कश्मीर के बडगाम जिले में स्थित चरार-ए-शरीफ में शेख-उल-आलम और आलमदार-ए-कश्मीर के नाम से मशहूर सूफी संत शेख नूर-उद-दीन-नूरानी की दरगाह के प्रांगण में स्कूली छात्रों के लिए एक योग सत्र का आयोजन किया था। नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने ट्वीट किया, हमारे सबसे श्रद्धेय संतों में से एक को जिस जगह पर दफनाया गया था, उसका इस्तेमाल योग दिवस पर तस्वीरें खिंचवाने के अवसर के आयोजन स्थल के रूप में किया गया। श्रीनगर के महापौर जुनैद अजीम मट्टू ने भी इस कार्यक्रम पर आपत्ति जताते हुए इसे पूरी तरह मूर्खतापूर्ण बताया। उन्होंने ट्वीट किया, शेख-उल-आलम, शेख नूर-उद-दीन नूरानी की मजार पर दिखावा पूरी तरह मूर्खतापूर्ण, अविवेकपूर्ण विचार है। मैं पूरी तरह योग के पक्ष में हूं लेकिन यह काफी आपत्तिजनक है। धार्मिक महत्व के स्थानों पर अत्यधिक संवेदनशीलता के साथ व्यवहार किया जाना चाहिए। सामाजिक-राजनीतिक कार्यकर्ता ताहिर पीरजादा ने कहा कि यह लोगों की धार्मिक भावनाओं को आहत करने का सोचा-समझा प्रयास है।

# महाराष्ट्र में एमपीएससी टॉपर की हत्या मामले में दोस्त गिरफ्तार

भाषा। पुणे

**महाराष्ट्र** के पुणे जिले में एक किले में युवती का शव मिलने के कुछ दिनों बाद पुलिस ने बृहस्पतिवार को उसके दोस्त को गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। मृतक, महाराष्ट्र लोक सेवा आयोग (एमपीएससी) परीक्षा में उच्च स्थान पाने वाले परीक्षार्थियों में से एक थी। प्रारंभिक जांच का हवाला देते हुए अधिकारी ने बताया कि आरोपी राहुल हंडोरे(28) ने उसके शादी के प्रस्ताव को दर्शना पवार द्वारा नकारे जाने के बाद उसकी हत्या कर दी। महाराष्ट्र लोक सेवा आयोग (एमपीएससी) परीक्षा में पवार उच्च अंक पाने वाले 10 परीक्षार्थियों में से एक थी। आरोपी हंडोरे पुणे के वर्जे इलाके में रहता था और प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था।

पुलिस अधिकारी ने कहा, हमने हंडोरे को मुंबई से गिरफ्तार किया है और उसने पवार की हत्या करने की बात स्वीकार की है। पुलिस के अनुसार, पवार का कई चोटों के साथ सड़ा-गला शव रविवार को राजगढ़ किले में मिला। अधिकारी ने कहा कि पोस्टमार्टम से हत्या की पुष्टि हुई। पुलिस ने कहा कि पवार, अहमदनगर जिले के कोपरगांव की निवासी थी और नौ जून को एक सम्मान कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पुणे गई थी। दो दिन बाद वह शहर के नेरहे इलाके में अपनी मित्र के घर पर गई। पवार वहां से अगले दिन यह बोलकर निकली कि वह सिंहगढ़ किला जा रही है। इसके बाद 15 जून को उसके पिता ने सिंहगढ़ रोड पुलिस थाने में उसके लापता होने की शिकायत दर्ज कराई। उसके पिता ने कहा कि उनकी बेटी का फोन नहीं मिल रहा है और उन्हें उसकी कोई जानकारी नहीं है।

पुलिस को पता चला कि पवार के लापता होने से पहले हंडोरे और वह एक साथ थे। अधिकारी ने कहा कि पवार की मौत के बाद हंडोरे भी लापता हो गया जिससे उस पर शक बढ़ गया। अधिकारी के अनुसार, जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि हंडोरे ने चंडीगढ़ में एटीएम से 1,000 रुपए निकाले हैं जिससे उसके फरार होने का संदेह हुआ। उन्होंने कहा कि आखिरकार, हंडोरे के मुंबई में होने का पता चला जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

### राजस्थान सरकार ने आशा सहयोगिनियों का मानदेय 15 प्रतिशत बढ़ाया

**जयपुर।** राजस्थान सरकार ने आशा सहयोगिनियों के मानदेय में 15 प्रतिशत बढ़ोतरी का फैसला किया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य की 55816 आशा सहयोगिनियों के मानदेय में 15 प्रतिशत की वृद्धि के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। राज्य में मातृ शिशु मृत्यु दर में कमी लाने में आंगनबाड़ी केन्द्रों की अहम भूमिका है। आंगनबाड़ी कर्मियों को संबल प्रदान करने के लिए राज्य सरकार ने कई फैसले किए हैं। इसी के तहत मुख्यमंत्री गहलोत ने यह फैसला किया है। इस वृद्धि के बाद आशा सहयोगिनियों का मानदेय 3564 से बढ़कर 4098 रुपए प्रतिमाह हो जाएगा। इस फैसले से राज्य सरकार पर 35.76 करोड़ रुपए से अधिक का अतिरिक्त वार्षिक वित्तीय भार आएगा। मुख्यमंत्री द्वारा 2023-24 के बजट में इस संबंध में घोषणा की गई थी। सरकार ने राज्य के 10 मंदिरों, तीन किलों एवं दो महत्वपूर्ण स्मारकों में 50.40 करोड़ रुपए के विभिन्न विकास कार्य कराने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

### आदिपुरुष के बॉक्स ऑफिस संग्रह में गिरावट

**मुंबई।** ओम राउत निर्देशित फिल्म आदिपुरुष ने दुनियाभर में 400 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर ली है लेकिन फिल्म के खराब संवाद और विजुअल इफेक्ट्स को लेकर जारी विवाद के बीच बॉक्स ऑफिस पर इसका कलेक्शन लगातार घट रहा है। टी-सीरीज ने बृहस्पतिवार को ट्वीट किया कि फिल्म ने छह दिन में कुल 410 करोड़ रुपए की कमाई की है। निर्माण में 500 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। रिलीज के सप्ताह में तीन दिन में ही इसने 340 करोड़ रुपए कमाए थे। सोशल मीडिया में लगातार आलोचनाओं के बीच फिल्म की बॉक्स ऑफिस कमाई में तेजी से गिरावट आई है।

## असम के मुख्यमंत्री ने बिजली के बढ़े हुए बिलों के लिए माफी मांगी

भाषा। गुवाहाटी

**असम** के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बिजली के बढ़े हुए बिलों की शिकायतों पर प्रतिक्रिया देते हुए खुद एक शिकायतकर्ता के मामले पर गौर किया और "असुविधा" के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगी। सरकार द्वारा संचालित असम बिजली वितरण कंपनी लिमिटेड (एपीडीसीएल) के एक उपभोक्ता ने हाल ही में ट्विटर पर शर्मा और उनके कार्यालय को टैग कर उच्च मासिक बिल के बारे में शिकायत की थी। उपभोक्ता ने ट्वीट किया, हमें जून में एक किलोवाट लोड के बावजूद एपीडीसीएल की ओर से 44,000 रुपए का बिल मिला है, जिसको लेकर हम हैरान हैं। शिकायत करने पर यह घटकर 21000 रुपए हो गया।

मुख्यमंत्री ने जवाब देते हुए कहा कि वह "तुरंत" मुद्दे की जांच करेंगे। उन्होंने कहा कि बाद में मीटर रीडिंग को ईसुविधा के तहत सही कर दिया गया। उन्होंने कहा, हालांकि यह रीडिंग लेने में हुई गलती का मामला है। श्री दिलीप राखोवा नामक मीटर रीडर ने ज्यादा बिल बना दिया। मामला सामने आया कि मीटर रीडर ने वास्तविक खपत के आधार पर बिल तैयार नहीं किया था। इसके परिणामस्वरूप आपको बढ़ा हुआ बिल मिला। इसके लिए मैं माफी मांगता हूं।

असम में एपीडीसीएल उपभोक्ता हाल के महीनों में प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगने के बाद बढ़े हुए बिलों के बारे में शिकायत कर रहे हैं। बिजली विभाग ने कहा है कि मीटर खराब नहीं हैं और पिछले बकाया के समायोजन के बाद एक या दो महीने में सामान्य मासिक शुल्क लगाया जाएगा।

### तेलंगाना एकमात्र ऐसा राज्य जहां 24 घंटे बिजली की आपूर्ति की जाती है : केसीआर

**हैदराबाद।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश में तेलंगाना ही एकमात्र ऐसा राज्य है जहां 24 घंटे घरेलू और वाणिज्यिक दोनों स्तर पर बिजली की आपूर्ति होती है। इसके साथी ही उन्होंने इस तरक्की को जारी रखने के लिए जनता से आशीर्वाद मांगा। यहां पास में पटनचेरु में एक सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की आधारशिला रखने के बाद उन्होंने कहा कि जहां तक प्रति व्यक्ति आय की बात है तो 3.17 लाख रुपए की आय के साथ राज्य देश में शीर्ष स्थान पर है। उन्होंने कहा, जब राज्य की स्थापना हुई थी तब कई अटकलें लगाई जाती थीं और तेलंगाना के खिलाफ दुष्प्रचार किया जाता था। लेकिन आज पूरे देश में तेलंगाना ही एकमात्र ऐसा राज्य है जहां चाहे वह घरेलू हो या वाणिज्यिक अथवा कृषि, 24 घंटे बिजली की आपूर्ति की जाती है।

# इस साल अगस्त के अंत में गगनयान अभियान संचालित होगा: इसरो अध्यक्ष

**अहमदाबाद।** भारत की पहली मानवयुक्त अंतरिक्ष उड़ान गगनयान के लिए पहले निरस्त मिशन को इस साल अगस्त के अंत में आयोजित किया जाएगा, जबकि कक्षा में मानव रहित मिशन अगले साल भेजा जाएगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने बृहस्पतिवार को यहां यह जानकारी दी। यहां भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला (पीआरएल) में एक कार्यक्रम के मौके पर संवाददाताओं से बात करते हुए उन्होंने कहा कि परीक्षण वाहन श्रीहरिकोटा में तैयार है और चालक दल (क्रू) मॉड्यूल और क्रू एस्केप सिस्टम के संयोजन का कार्य भी शुरू हो गया है।

गगनयान के बारे में नवीनतम जानकारी के बारे में पूछे जाने पर सोमनाथ ने संवाददाताओं को बताया, गगनयान के लिए पहली और सर्वप्रमुख चीज यह है कि निरस्त किए गए मिशन को अंजाम तक पहुंचाया जाए। उसके लिए हमनें परीक्षण वाहन नाम से एक नया रॉकेट बनवाया है जो श्रीहरिकोटा में तैयार है। क्रू मॉड्यूल और क्रू एस्केप सिस्टम के संयोजन की अभी तैयार हो रही हैं। उन्होंने कहा, इसलिए मुझे सूचित किया गया है कि इस महीने के अंत में यह पूरी तरह कार्यात्मक परीक्षण, कंपन परीक्षण आदि के लिए तैयार होगा। इसलिए हम उम्मीद कर रहे हैं कि अगस्त के अंत में हम चालक दल के इस निरस्त मिशन के प्रक्षेपण में सक्षम होंगे। (मिशन को) निरस्त करने की विभिन्न स्थितियों के साथ मिशन को दोहराया जाएगा। इस वर्ष के लिए यह योजना बनाई गई है।

परियोजना के हिस्से के रूप में कक्षा में मानव रहित मिशन अगले साल की शुरुआत में होगा। सोमनाथ ने कहा, अगले वर्ष की शुरुआत में हमारे पास कक्षा में मानवरहित मिशन होगा। और वहां से इसे सुरक्षित वापस लाया जाना है, जो तीसरा मिशन होगा। फिलहाल हमने ए तीन मिशन निर्धारित किए हैं। सोमनाथ अंतरिक्ष विभाग के सचिव के तौर पर भी सेवाएं दे रहे हैं। इस मिशन की प्रमुख चुनौतियों के बारे में पूछे जाने पर इसरो प्रमुख ने कहा कि गगनयान परियोजना में चालक दल के सदस्यों की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण पहलू है। चूंकि मानव मिशन का हिस्सा होंगे, इसलिए चालक दल की सुरक्षा सर्वोपरि हो जाती है। इसके लिए, हम दो और अतिरिक्त चीजें कर रहे हैं, एक को क्रू एस्केप सिस्टम कहा जाता है। इसका मतलब है कि यदि रॉकेट में कोई आकस्मिक स्थिति उत्पन्न होती है, तो सिस्टम सक्रिय हो जाना चाहिए।

दूसरा है एकीकृत वाहन स्वास्थ्य प्रबंधन प्रणाली। सोमनाथ ने कहा कि क्रू एस्केप एक पारंपरिक इंजीनियरिंग समाधान है, जिसमें कंप्यूटर (गड़बड़ी का) पता लगाता है और प्रणोदन प्रणाली को प्रक्षेपण के लिए कहता है ताकि आप (चालक दल) दूर चले जाएं। उन्होंने कहा कि दूसरी प्रणाली अधिक बुद्धिमान है जो बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के सूविज्ञ निर्णय लेती है। आपको ऐसी प्रणालियों को विकसित करने के साथ-साथ परीक्षण करने की भी आवश्यकता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे बिना किसी संदेह के काम करेंगी। इसलिए गगनयान कार्यक्रम में, हम यह जाने बिना अंतिम मिशन में नहीं जाएंगे कि हम इसके लिए कितने तैयार हैं।

# बीसीसीआई ने उत्तर क्षेत्र चयनकर्ता के आवेदन मांगे

भाषा। नई दिल्ली



**भारतीय क्रिकेट** टीम से जुड़ी गोपनीय जानकारी का खुलासा करने के कारण राष्ट्रीय चयन समिति के अध्यक्ष के पद से चेतन शर्मा को इस्तीफा देने के लिए कहने के ठीक चार माह बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इस पद के लिए औपचारिक तौर पर आवेदन मंगाए हैं। आवेदन जमा कराने की अंतिम तारीख 30 जून है और उम्मीद है कि चयन समिति का नया सदस्य उस पैनल का हिस्सा होगा जो आयरलैंड श्रृंखला के लिए टीम चुनेगी। इससे पहले उसके देवधर ट्रॉफी अंतर क्षेत्रीय प्रतियोगिता के मुकाबले देखने की संभावना है। पद के लिए पात्रता का मापदंड पूर्व की तरह ही है। आवेदकर्ता का सात टेस्ट या 10 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय या कम से कम 30 प्रथम श्रेणी मैच खेलना अनिवार्य है जबकि उसे सक्रिय क्रिकेट से संन्यास लिए कम से कम पांच साल हो गए हों। चेतन की मौजूदगी वाली चयन समिति को टी20 विश्व कप में लचर प्रदर्शन के बाद बर्खास्त कर दिया गया था लेकिन पिछले साल दिसंबर में जब नई समिति बनी तो उन्होंने पुन: आवेदन किया और उन्हें दोबारा चुना गया। हालांकि स्टिंग ऑपरेशन के बाद उन्हें इस्तीफा देने को कहा गया क्योंकि भारतीय टीम के अधिकतर सदस्य उनके साथ बात नहीं करना चाहते थे। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर बताया, तकनीकी रूप से, चेतन अगर चाहें तो आवेदन कर सकते हैं क्योंकि उन्होंने इस्तीफा दिया था। बेशक, वह आवेदन करेंगे या नहीं, यह बड़ा मुद्दा है। लेकिन नियम उन्हें एक बार फिर आवेदन करने से नहीं रोकते। उत्तर क्षेत्र से लखनऊ सुपर जाइंट्स के मार्गदर्शक गौतम गंभीर (दिसंबर 2018 में सेवानिवृत्त), युवराज सिंह (जुलाई 2019 में सेवानिवृत्त) और क्रिकेटर से कमेंटेटर बने हरभजन सिंह (2022 में सेवानिवृत्त) जैसे कुछ बड़े नाम हैं लेकिन वे तकनीकी रूप से योग्य नहीं हैं क्योंकि आवेदन की तिथि तक उनकी सेवानिवृत्ति के पांच वर्ष पूरे नहीं होंगे। एकमात्र बड़ा नाम जो पात्र है वह वीरेंद्र सहवाग हैं। हालांकि यह एक सर्वविदित तथ्य है कि सहवाग विभिन्न मंचों पर विश्लेषक हैं और प्रचार गतिविधियों से अच्छी रकम कमाते हैं और ऐसे में एक करोड़ रुपए वेतन की स्थिति में उनकी इस नौकरी में दिलचस्पी नहीं होगी। पैनल के बाकी सदस्यों को 90 लाख रुपए मिलते हैं। एक अन्य सूत्र ने कहा, यह पत्थर की लकीर नहीं है कि चेतन के पद संभालने के कारण बीसीसीआई को उत्तर क्षेत्र से चेयरमैन की जरूरत है। वे विवेक राजदान, अजय रात्रा, रीतिंदर सिंह सोढ़ी या अतुल वासन जैसे किसी को ला सकते हैं और एसएस दास (23 टेस्ट) को नए अध्यक्ष के रूप में बरकरार रख सकते हैं।

## विश्व कप से पहले वानखेड़े स्टेडियम पर लगेंगी फ्लडलाइट

**मुंबई।** भारत में अक्टूबर नवंबर में होने वाले वनडे विश्व कप से पहले वानखेड़े स्टेडियम पर नई एलईडी फ्लडलाइट लगेगी और हॉस्पिटेलिटी बॉक्स को नए सिरे से सजाया जाएगा। भारत के एक मैच के अलावा यहां सेमीफाइनल भी होना है। वानखेड़े स्टेडियम उन पांच मैदानों में से है जिन्हे भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने विश्व कप से पहले मरम्मत और साज सज्जा के लिए चुना है। अभी यहां काम शुरू नही हुआ है लेकिन फ्लडलाइट बदलने के लिए टेंडर बुलाए गए है। पांच बार की आईपीएल चैम्पियन मुंबई इंडियंस के घरेलू मैदान वानखेड़े स्टेडियम पर आईपीएल 2023 के दौरान सात लीग मैच हुए। इसके बाद ही यहां काम शुरू किया गया। मुंबई क्रिकेट संघ ने अपनी वेबसाइट पर लिखा , वानखेड़े स्टेडियम पर एलईडी फ्लडलाइट लगाने और डीएमएक्स कंट्रोल के लिए सीलबंद टेंडर बुलाया गए है। इसके साथ ही एमसीए ने स्टेडियम में हॉस्पिटेलिटी बॉक्स की साज सज्जा के लिए भी आवेदन बुलाए है। एमसीए की शीर्ष परिषद की यहां 30 जून को होने वाली बैठक मे कुछ और फैसले भी लिए जाने है। भारत ने अप्रैल 2011 मे श्रीलंका को फाइनल मे हराकर 28 साल बाद वनडे विश्व कप जीता था।

## चोटिल मनदीप सिंह दलीप ट्रॉफी से बाहर, जयंत यादव करेंगे उत्तर क्षेत्र की अगुआई



**नई दिल्ली।** क्षेत्रीय चयन समिति के संयोजक अनिरुद्ध चौधरी ने गुरुवार को कहा कि सीनियर बल्लेबाज मनदीप सिंह के चोट के कारण बाहर होने के बाद हरियाणा के ऑलराउंडर जयंत यादव दलीप ट्रॉफी में उत्तर क्षेत्र का नेतृत्व करेंगे।पंजाब के बल्लेबाज नेहल वढेरा को मुख्य टीम मे शामिल किया गया था। नेहल ने हाल ही में मुंबई इंडियंस के लिए आईपीएल में अपनी छाप छोड़ी थी और वह स्टैंडबाई खिलाड़ियों मे शामिल थे। प्रेस विज्ञप्ति मे चौधरी के हवाले से कहा गया, हमे आज सुबह पंजाब क्रिकेट संघ से सूचना मिली कि मनदीप सिंह घायल हो गए है और दलीप ट्रॉफी के लिए उपलब्ध नही होगे। उन्होने कहा, इसके परिणामस्वरूप आज शाम उत्तर क्षेत्र चयन समिति के सभी चयनकर्ताओं के साथ एक वीडियो कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई और इसकी अध्यक्षता चेतन शर्मा ने की। चयनकर्ताओं ने इस मुद्दे पर चर्चा की और सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि मनदीप सिंह की जगह नेहल वढेरा लेगे। चौधरी ने कहा, चूंकि मनदीप सिंह टीम के कप्तान थे इसलिए समिति ने दलीप ट्रॉफी मे उत्तर क्षेत्र टीम का नेतृत्व करने के लिए जयंत यादव को भी चुना॥

# एशेज में जीतने को प्राथमिकता नही देने पर इंग्लैंड पर भड़के बॉयकॉट

**लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ज्यौफ्री बॉयकॉट ने बेन स्टोक्स एंड कंपनी को जीतने की बजाय बाजबॉल को जरूरत से ज्यादा तवज्जो देने के लिए लताड़ते हुए कहा कि इससे खतरा पैदा हो गया है कि एशेज नुमाइशी श्रृंखला बनकर रह जाएगी। कोच ब्रेंडन मैकुलम और कप्तान स्टोक्स की अगुवाई में आक्रामक क्रिकेट खेल रही इंग्लैंड टीम को एजबस्टन में पहले एशेज टेस्ट में आस्ट्रेलिया ने दो विकेट से हराया। बॉयकॉट ने द टेलीग्राफ के लिए अपने कॉलम में लिखा , इंग्लैंड एशेज को नुमाइशी श्रृंखला बनाकर दम लेगा। बाजबॉल को इतनी तवज्जो देने से उनका नजरिया यह हो गया है कि जीत से ज्यादा मनोरंजन अहम है। इंग्लैंड के समर्थक हालांकि एशेज में जीत को सर्वोपरि रखते हैं। तेजी से रन बनाना, चौके छक्के जड़ना अच्छा है। लेकिन एशेज पर से नजर नहीं हटनी चाहिए।

## याद रखने योग्य क्रिकेटर नहीं हैं ओली रॉबिनसन : हेडन



**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया के दिग्गज क्रिकेटर मैथ्यू हेडन ने इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ओली रॉबिनसन को भूलने योग्य क्रिकेटर करार दिया है जबकि पूर्व विकेटकीपर इयान हीली ने तो उन्हे पहचानने से इनकार कर दिया। पहले एशेज टेस्ट में आस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा को 141 के स्कोर पर आउट करने के बाद छीटाकशी करने वाले रॉबिनसन की काफी आलोचना हुई। वह दूसरी पारी में पुछल्ले बल्लेबाज पैट कमिंस और नाथन लियोन के विकेट नही ले सके और आस्ट्रेलिया ने पहला टेस्ट दो विकेट से जीता। हेडन ने सेन रेडियो से कहा , उसने बताया कि इंग्लैंड का सामना कैसे करना है।

## पीसीबी के भावी अध्यक्ष अशरफ ने लिया यूटर्न, कहा, हाइब्रिड मॉडल पर एसीसी के फैसले के साथ जाऊंगा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के भावी अध्यक्ष जका अशरफ ने एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) की औपचारिक स्वीकृति के बावजूद एशिया कप के हाइब्रिड मॉडल को खारिज करने के 24 घंटे से भीतर यूटर्न लेते हुए चार मैचों की मेजबानी स्वीकार कर ली है।हाइब्रिड मॉडल के तहत एशिया कप की सह मेजबानी पाकिस्तान और श्रीलंका करेंगे। भारत अपने सभी मैच श्रीलंका में खेलेगा जिसमें चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ दो मैच भी शामिल हैं। यह मॉडल अशरफ के पूर्ववर्ती नजम सेठी ने पेश किया था। 27 जून को पीसीबी की कमान संभालने जा रहे अशरफ ने हालांकि प्रेस कांफ्रेंस में इसे खारिज कर दिया था। पता चला है कि अशरफ को नही पता था कि पीसीबी के मौजूदा प्रमुख सेठी पहले ही हाइब्रिड मॉडल पर हस्ताक्षर कर चुके है और इसे भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह की अध्यक्षता वाले एसीसी के कार्यकारी बोर्ड से स्वीकृति मिल चुकी है और इस फैसले को बदला नही जा सकता।

## खबरें स्टेडियम से

### अयिका, साथियान-मनिका की डब्ल्यूटीटी में आसान जीत

**नई दिल्ली।** भारत की अयिका मुखर्जी ट्यूनिस मे डब्ल्यूटीटी कंटेंडर मे महिला एकल प्री क्वार्टर फाइनल मे पहुंच गई जबकि दिया चितले और श्रीजा अकुला को पराजय का सामना करना पड़ा। अयिका ने चीन की शियाओतोंग वांग को 3-0 (11- 8, 11-3, 11-2) से हराया। अब उसका सामना जर्मनी की सबाइन विंटर और जापान की मियु नगासाकी के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। भारत के साथियान ज्ञानशेखर और मनिका बत्रा मिश्रित युगल के क्वार्टर फाइनल मे पहुंच गए। उन्होंने अल्जीरिया के अब्दुलबासेत चेइची और मलिसा नासरी को 3-0 (11-3, 11-3,11-6) से मात दी। भारतीय जोड़ी अगले दौर मे सेड्रिक मेइसनेर और युआन वान की जर्मन जोड़ी से खेलेगी। दिया को जापान की मियु किहारा ने हराया जबकि श्रीजा को चीनी ताइपै की यि हुआ हुआंग ने मात दी।

### सैफ चैंपियनशिपः लेबनान ने बांग्लादेश को 2-0 से हराकर अभियान शुरू किया

**बेंगलुरू।** खिताब के प्रबल दावेदारो मे शामिल लेबनान ने सैफ फुटबॉल चैंपियनशिप मे अपने अभियान की शुरुआत गुरुवार को यहां पूर्व चैंपियन बांग्लादेश के खिलाफ 2-0 की जीत के साथ की। श्री कांतीर्वा स्टेडियम मे खेले गए मुकाबले मे लेबनान को 74वे मिनट मे हसन मातोक ने बढ़त दिलाई जबकि खलील बदर ने इंजरी टाइम मे एक और गोल दागकर टीम की 2-0 से जीत सुनिश्चित की। लेबनान के पहले गोल से पहले हालांकि दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला और मैच काफी संतुलित नजर आ रहा था। मैच के अंतिम चरण मे हालांकि लेबनान की टीम पूरी तरह हावी रही। दुनिया की 99वे नंबर की टीम लेबनान के खिलाफ दुनिया की 192वे नंबर की टीम बांग्लादेश ने अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया और मैच मे रोमांच की कोई कमी नही थी।

### लग्जरी स्पोर्ट्स कार की मांग

**मुंबई।** मर्सिडीज-बेंज इंडिया ने आईकोनिक और टाईमलेस ऑटोमोटिव आईकन, अपने सबसे आधुनिक ,एसएल रोडस्टर वन में लॉन्च किया है। दशकों लंबे विकास के इतिहास में फुल-ब्लडेड रेसिंग कार से लेकर ओपन-टॉप लग्जरी स्पोर्ट्स कार तक नई मर्सिडीज एएमजी एसएल अब नए मानक स्थापित कर रही है। इसमें ओरिजनल एसएल की स्पोर्टीनेस के साथ अद्वितीय लग्जरी और टेक्नॉलॉजिकल उत्कृष्टता है, जो आधुनिक मर्सिडीज-बेंज मॉडलों की विशेषता को प्रदर्शित करती है।अपने इतिहास में पहली बार ,एसएलरोडस्टर अपनी सातवीं पीढ़ी में पूरी तरह से मर्सिडीज-एएमजी द्वारा एफ्फलटबा में विकसित किया गया है, जिससे मर्सिडीज-एएमजी पोर्टफोलियो में सबसे ज्यादा अपेक्षित आधुनिक लाईफस्टाईल वाहनों में से एक होने की रूकी समृद्ध परंपरा और ज्यादा बेहतर हो गई है। एसएल की विरासत सात दशक पुरानी है, और आज तक यह दुनिया के सबसे विश्वसनीय ऑटोमोटिव आईकंस में से एक बना हुआ है। अपने बेहतरीन डिजाईन, अत्याधुनिक टेक्नॉलॉजी, और शानदार ड्राईविंग विशेषताओं के साथ नई मर्सिडीज लग्जरी स्पोर्ट्स कार सेगमेंट में नए मानक स्थापित करती है। नई एसएल में चुस्त ड्राईविंग डाईनैमिक्स के साथ उच्च स्तर का कम्फर्ट और दैनिक इस्तेमाल के लिए उपयुक्त उपयोगिता है। इसका एक्सटीरियर डिजाईन परफेक्ट ट्रायड के साथ बहुत आकर्षक है।

### झांग शुआइ बर्मिंघम क्लासिक के पहले दौर से बाहर

**बर्मिंघम।** चीन की झांग शुआइ अमेरिका की एमिना बेक्टास से 4-6, 3-6 से हारकर बर्मिंघम क्लासिक डब्ल्यूटीए टूर्नामेंट के पहले दौर से बाहर हो गई। शुआइ पिछले साल फाइनल में पहुंची थी लेकिन पहले सेट में चोट के कारण उन्हें कोर्ट छोड़ना पड़ा। दूसरे दौर मे तीसरी वरीयता प्राप्त पोलैंड की मागडा लिनेट को चीन की झू लिन ने 6-3, 6-0 से हराया जबकि यूक्रेन की एनहेलिना कालिनिना को ब्रिटेन की हैरियट डार्ट ने 6-3, 3- 6, 6-1 से मात दी। छठी वरीयता प्राप्त अमेरिका की बर्नार्डा पेरा को चेक गणराज्य की लिंडा फ्रुहविरटोवा ने 6-1, 7-6 से हराया।

### अपने हमवतन कोरडा से हारे टियाफो

**लंदन।** फ्रांसिस टियाफो को क्वीस क्लब चैम्पियनशिप के दूसरे दौर के मैच में हमवतन सेबेस्टियन कोरडा ने हरा दिया। कोरडा ने चौथी वरीयता प्राप्त टियाफो पर 7-6, 6-3 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना ब्रिटेन के नंबर एक खिलाड़ी पांचवी वरीयता प्राप्त कैमरन नॉरी से होगा जिन्होंने आस्ट्रेलिया के जोर्डन थाम्पसन को 4-6, 6-3, 6-2 से हराया। डेनमार्क के होल्गर रूने ने ब्रिटेन के रियान पेनिस्टन को 6 -3, 6- 4 से मात दी। वही छठी वरीयता प्राप्त इटली के लोरेंजो मुसेटी ने बेन शेल्टन को 6- 4, 4-6, 6- 4 से हराया।

### रेयान को एशियाई अंडर-21 स्नूकर में कांस्य पदक

**मुंबई।** भारतीय क्यू खिलाड़ी रेयान राज्मी को ईरान के तेहरान में एशियाई अंडर-21 स्नूकर चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में ईरान के मिलाद पोराली दारेची के खिलाफ 3-4 की शिकस्त के साथ कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। मुंबई के 21 साल के रेयान ग्रुप डी मे शीर्ष पर रहे और नॉकआउट चरण मे शीर्ष रैंकिंग वाले खिलाड़ी रहे। फाइनल मे पाकिस्तान के अहसान रमजान ने दारेची को 48-46, 70-5, 61-6, 62-29, 30-71, 55-67 और 101-27 से हराकर खिताब जीता।

### मेदवेदेव हाले ओपन के क्वार्टर फाइनल में

**हाले।** रूस के दानिल मेदवेदेव ने विम्बलडन की तैयारियां पुख्ता करते हुए लासलो जेरे को 6-3, 6-7, 6-3 से हराकर हाले ओपन टेनिस के क्वार्टर फाइनल मे प्रवेश कर लिया। मेदवेदेव फ्रेंच ओपन और पिछले सप्ताह लिबेमा ओपन मे पहले ही दौर मे हार गए थे। अब मेदवेदेव का सामना राबर्टो बातिस्ता एगुट से होगा जिसने अमेरिका के ब्रेंडन नकाशिमा को 7- 5, 7 -6 से हराया। चिली के निकोलस जैरी ने दूसरी वरीयता प्राप्त स्टेफानोस सिटसिपास को 7- 6, 7-5 से मात दी और अब अलेक्जेंडर ज्वेरेव से खेलेंगे। ज्वेरेव ने डेनिस शापोवालोव को 6-2, 6-4 से हराया।

### चिकारंगप्पा संयुक्त तीसरे स्थान पर

**चियोनान (कोरिया)।** भारत के एस चिकारंगप्पा कोलोन कोरिया ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर मे दो अंडर 69 के स्कोर से संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर चल रहे है। चिकारंगप्पा ने एक बर्डी और एक ईगल की लेकिन वह एक बोगी भी कर गए जिससे पहले दौर मे उनका स्कोर दो अंडर रहा। कोरियाई-अमेरिकी सेयुंगसू हेन पहले दिन पांच अंडर 66 के स्कोर से शीर्ष पर चल रहे है। अन्य भारतीयो मे हनी बैसोया (73) संयुक्त 49वें जबकि एसएसपी चौरसिया और विराज मादप्पा 74 के समान स्कोर से संयुक्त 69वें स्थान पर है।

# प्रणय ताइपे ओपन के क्वार्टर फाइनल में

## पी कश्यप, मिश्रित युगल में सिक्की रेड्डी और रोहन कपूर हारे

भाषा। ताइपे



**भारत के** अनुभवी बैडमिंटन खिलाड़ी एच एस प्रणय इंडोनेशिया के टॉमी सुगिआर्तो को सीधे गेम में हराकर ताइपे ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी प्रणय ने विश्व चैम्पियनशिप के पूर्व कांस्य पदक विजेता सुगिआर्तो को बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 300 टूर्नामेंट में 21–9, 21– 17 से हराया। अब उनका सामना हांगकांग के एंगस एनजी का लोंग से होगा। वह टूर्नामेंट में अकेले भारतीय खिलाड़ी बचे हैं। पिछले महीने मलेशिया मास्टर्स जीतने वाले प्रणय ने इंडोनेशिया ओपन में सेमीफाइनल में जगह बनाई जहां दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी डेनमार्क के विक्टर एक्सेलसन से हार गए। पूर्व राष्ट्रमंडल खेल पदक विजेता पारूपल्ली कश्यप स्थानीय खिलाड़ी सू लि यांग से 16–21, 17–21 से हार गए। मिश्रित युगल में सिक्की रेड्डी और रोहन कपूर को ताइपे के चियू सियांग चिएह और लिन शियाओ मिन ने 21–18, 21–18 से हराया। तान्या कामथ को विश्व चैम्पियनशिप और ओलंपिक रजत पदक विजेता ताइ झू यिंग ने 21–11, 21–6 से हराया।

# एशियाई एथलेटिक्स में भाग लेंगे तूर, श्रीशंकर व तेजस्विन

## चैंपियनशिप की 54 सदस्ईय भारतीय टीम में मिली जगह

भाषा। नई दिल्ली





**भारत ने बैंकॉक** में 12 से 16 जुलाई तक होने वाली एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए 54 सदस्ईय टीम घोषित की जिसमें लंबी कूद के स्टार खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर, एशियाई रिकॉर्ड धारक गोला फेंक खिलाड़ी तेजिंदर पाल सिंह तूर और नए डेकाथलन चैंपियन तेजस्विन शंकर को जगह मिली है। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) की चयन समिति द्वारा चुनी गई टीम में 26 महिला खिलाड़ी शामिल हैं। मई में रांची में फेडरेशन कप के बाद इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता के लिए शुरुआती टीम पहले ही चुन ली गई थी। भुवनेश्वर में सोमवार को समाप्त हुई राष्ट्रीय अंतरराज्यीय चैंपियनशिप का उपयोग उन खिलाड़ियों की पुष्टि के लिए किया गया जिन्होंने फेडरेशन कप में भाग नहीं लिया था।ओलंपिक चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा और राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता 3000 मीटर स्टीपलचेज खिलाड़ी अविनाश साबले को टीम में शामिल नहीं किया गया क्योंकि दोनों अगस्त में बुडापेस्ट में विश्व चैंपियनशिप के लिए विदेश में प्रशिक्षण जारी रखेंगे।

**टीम : पुरुषः** राजेश रमेश और मोहम्मद अजमल (400 मीटरा चार गुणा 400 मीटर रिले चार गुणा 400 मीटर मिश्रित रिले), अमोज जैकब (चार गुणा 400 मीटर रिले चार गुणा 400 मीटर मिश्रित रिले), निहाल जोएल विलियम, मिजो चाको कुरियन और मोहम्मद अनस याहिया (चार गुणा 400 मीटर रिले), कृष्ण कुमार और मोहम्मद अफजल (800 मीटर), अजय कुमार सरोज और जिन्सन जॉनसन (1500 मीटर), गुलवीर सिंह (5000 मीटरा10000 मीटर), अभिषेक पाल (5000 मीटरा10000 मीटर), मोहम्मद नूरहसन और बाल किशन (3000 मीटर स्टीपलचेज), यशस पलाक्षा और संतोष कुमार (400 मीटर बाधा दौड़), तेजस्विन शंकर (डेकाथलन), सर्वेश अनिल कुशारे (ऊंची कूद), जेस्विन एलड्रिन और मुरली श्रीशंकर (लंबी कूद), प्रवीण चित्रावेल और अब्दुल्ला अबूबकर (त्रिकूद), तेजिंदरपाल सिंह तूर और करणवीर सिंह (गोला फेंक), रोहित यादव और डीपी मनु (भाला फेंक), अक्षदीप सिंह और विकास सिंह (20 किमी पैदल चाल)।महिलाः ज्योति याराजी (200 मीटरा100 मीटर बाधा दौड़), नित्या रामराज (100 मीटर बाधा दौड़), ऐश्वर्या मिश्रा (400 मीटरा चार गुणा 400 मीटर रिले चार गुणा 400 मीटर मिश्रित रिले), चंदा और लविका शर्मा (800 मीटर), लिली दास (1500 मीटर), अंकिता (5000 मीटर), पारुल चौधरी (5000 मीटरा3000 मीटर स्टीपलचेज), संजीवनी जाधव (10000 मीटर), प्रीति (3000 मीटर स्टीपलचेज), पूजा और रूबीना यादव (ऊंची कूद), बरानिका इवागोवन (पोल वॉल्ट), शैली सिंह और एंसी सोजन (लंबी कूद), आभा खटुआ और मनप्रीत कौर (गोला फेंक), अन्नु रानी (भाला फेंक), स्वप्ना बर्मन (हेप्टाथलन), प्रियंका और भावना जाट (20 किमी पैदल चाल), रेजोआना मलिक हीना और ज्योतिका श्री दांडी (चार गुणा 400 मीटर रिले चार गुणा 400 मीटर मिश्रित रिले), अंजलि देवी, जिस्ना मैथ्यू और सुभा वेंकटेशन (4 गुणा 400 मीटर रिले)।

# उम्र और हालात को धता बताकर छेत्री ने किया करिश्माई प्रदर्शन



भाषा। बेंगलुरू

**भारत और पाकिस्तान** के बीच सैफ फुटबॉल चैम्पियनशिप के मैच के दौरान यहां वेस्ट ब्लॉक ब्लूज स्टैंड पर एक बड़े से बैनर पर लिखा था , अमर है नंबर 11। यह सुनील छेत्री के लिए दर्शकों की ओर से सम्मान की बानगी थी जिन्होंने भारतीय कप्तान के हर मूव की हौसलाअफजाई की। श्री कांतीर्वा स्टेडियम पर भारत ने 4–0 से जीत दर्ज की जिसमें 11 नंबर की जर्सी वाले छेत्री की हैट्रिक शामिल थी। 38 बरस की उम्र में जब खिलाड़ी संन्यास के बारे में सोचने लगते हैं , तब भी छेत्री दर्शकों के लिए आकर्षण का सबसे बड़ा केंद्र है। उनके खेल पर मानो उम्र का कोई असर ही नहीं है। पिछले शनिवार को भारत ने फीफा रैंकिंग में अपने से बेहतर टीम लेबनान को 2–0 से हराकर इंटर कांटिनेंटल की जीता और उसमें भी पहला गोल छेत्री का था। भारी बारिश के बीच भी यहां स्टेडियम में दर्शक भारी संख्या में उमड़े थे और उन्हें जीत से कम कुछ गंवारा नहीं था। भारत और पाकिस्तान के बीच खेल के मैदान पर बरसों से चली आ रही प्रतिद्वंद्विता हर मुकाबले को खास बनाती आई है और छेत्री अपनी ओर से इसे यादगार बनाना चाहते थे। छेत्री ने आईएसएल के एक वीडियो में कहा था , पाकिस्तान के खिलाफ मैच से पहले जब भी हम खिलाड़ियों से मिलते तो काफी दोस्ताना बात होती है। मैं एक या दो बार पाकिस्तान गया तब भी काफी दोस्ताना माहौल था।

## आईओसी ने आईओए से कहा, कुश्ती के मसले का भी जल्दी निकाले हल

भाषा। लुसाने

**अंतरराष्ट्रीय** ओलंपिक समिति ने भारतीय ओलंपिक संघ के सीईओ या महासचिव की नियुक्ति में देरी पर चिंता जताई है। इसके साथ ही देश में कुश्ती महासंघ के मसले को यूडब्ल्यूडब्ल्यू से मिलकर जल्दी सुलझाने का अनुरोध भी किया है। इस बैठक में उसे भारत के अलावा अफगानिस्तान, ग्वाटेमाला और सूडान की राष्ट्रीय ओलंपिक समितियों की स्थिति से अवगत कराया गया। आईओसी ने बयान में कहा , भारत की राष्ट्रीय ओलंपिक समिति को कई बार नए सीईओ या महासचिव की नियुक्ति के लिए कहा गया ताकि स्थिति सामान्य हो। लेकिन अभी तक यह प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है।

# प्रदर्शनकारी पहलवानों को मुकाबलों के ट्रायल में हिस्सा लेना होगा

## एशियाई खेलों और विश्व चैंपियनशिप में लेना है भाग

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय ओलंपिक संघ** (आईओए) के तदर्थ पैनल ने छह आंदोलनकारी पहलवानों के लिए आगामी एशियाई खेलों और विश्व चैंपियनशिप की चयन प्रक्रिया को सिर्फ एक मुकाबले की प्रतियोगिता कर दिया है। इन पहलवानों को इन दोनों प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं की भारतीय टीम में जगह बनाने के लिए सिर्फ ट्रायल के विजेताओं को हराने की जरूरत होगी। छह पहलवानों विनेश फोगाट, बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक, संगीता फोगाट, सत्यव्रत कादियान और जितेंद्र किन्हा को ना सिर्फ शुरुआती ट्रायल में हिस्सा लेने से छूट मिली है बल्कि उन्हें वादा किया गया है कि वे पांच से 15 अगस्त के बीच ट्रायल के विजेताओं से भिड़ेंगे। गौरतलब है कि पहलवानों ने खेल मंत्रायल से आग्रह किया था कि उन्हें एशियाई खेलों के ट्रायल में अगस्त में हिस्सा लेने की स्वीकृति दी जाए। बृजभूषण पर कथित यौन उत्पीड़न के आरोप लगे हैं। बजरंग और विनेश जैसे एलीट पहलवानों को डब्ल्यूएफआई ने चोट से बचाने के लिए अतीत में पूर्ण ट्रायल से छूट दी है लेकिन संगीता, सत्यव्रत और जितेंद्र को इस तरह की छूट पहले कभी नहीं मिली। तदर्थ समिति को एशियाई खेलों के ट्रायल 15 जुलाई से पहले कराने हैं जो आयोजकों को सभी भारतीय टीमों की जानकारी सौंपने की समय सीमा है। शुरुआती ट्रायल कराके आईओए पहलवानों के नाम एशियाई ओलंपिक परिषद को 15 जुलाई की समयसीमा तक भेज पाएगा लेकिन अगर आंदोलनकारी पहलवान शुरुआती ट्रायल के विजेताओं को हरा देते हैं तो वह बाद में प्रविष्टियों में बदलाव कर सकता है। तदर्थ समिति के प्रमुख भूपेंद्र सिंह बाजवा ने 16 जून को पहलवानों को इस फैसले की जानकारी दी। इस पत्र की प्रति पीटीआई के पास भी है।

## अंडर 17 एशियाई कप : करो या मरो के मुकाबले में भारत का सामना जापान से

**बैंकॉक।** भारतीय टीम अंडर 17 एशियाई कप में करो या मरो के आखिरी ग्रुप मैच में शुक्रवार को गत चैम्पियन जापान से खेलेगी तो उसका इरादा क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने का होगा। ग्रुप डी का मैच राजामंगला स्टेडियम पर खेला जाएगा। भारत के मुख्य कोच बिबियानो फर्नांडिस को जापान की कठिन चुनौती का अहसास है लेकिन उन्होंने कहा कि रणनीति पर अमल करने पर उनकी टीम इस बाधा को पार करने में सक्षम है। हमारे लिए यह आसान है। हमें जापान को हराना है जिससे क्वार्टर फाइनल में जगह बना लेंगे। जापान टूर्नामेंट की सबसे मजबूत टीमों में से एक है। यह मुकाबला आसान नहीं होगा लेकिन असंभव भी नहीं। उन्होंने कहा , फुटबॉल में कुछ भी हो सकता है। जापान का पलड़ा भारी है लेकिन हमें एक दो मौके मिल गए तो कुछ भी हो सकता है। ग्रुप डी में अभी चारों टीमों के पास अंतिम आठ में पहुंचने का मौका है। भारत के लिए समीकरण कठिन है क्योंकि उसे जापान को हराने के अलावा उजबेकिस्तान और वियतनाम का मैच कम से कम ड्रॉ पर छूटने की उम्मीद करनी होगी।

# एशियन महिला लीग हैंडबॉल टीम का स्वागत

**जयपुर।** अलमाटी कज़ाकिस्तान में 14 से 20 जून तक खेली गई छठीं एशियन महिला क्लब लीग हैंडबॉल चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए टी स्पोर्ट्स इंडिया क्लब की टीम ने कांस्य पदक जीता। अंतिम लीग मैच में टी स्पोर्ट्स इंडिया क्लब ने मेजबान कज़ाकिस्तान को 39–25 से हराकर कांस्य पदक जीता। भारत की किसी महिला टीम ने इतिहास में पहली बार एशियन महिला क्लब लीग चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता। प्रतियोगिता में टी स्पोर्ट्स इंडिया क्लब की उपकप्तान मेनिका को सर्वश्रेष्ठ पीवट प्लेयर चुना गया। गुरुवार को टी स्पोर्ट्स इंडिया क्लब टीम के जयपुर पहुँचने पर चेयरमैन अजय डाटा अध्यक्ष अभिनव बांठिया निदेशक विवेक लोढ़ा हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के कार्यकारी निदेशक आनन्देश्वर पांडेय, कोषाध्यक्ष तेजराज सिंह ने स्वागत किया एवं हार्दिक बधाई दी और आगामी टूर्नामेंट्स के लिये अपनी शुभकामनाएं दी।



## ओलंपिक डे रन 23 जून को, इस बार साइकिलिस्ट भी होंगे शामिल

**लखनऊ।** ओलंपिक खेलों के लिए जागरुकता लाने के संदेश और उदीयमान खिलाड़ियों की सहायता के संकल्प के साथ इस बार 23 जून को ओलंपिक दिवस.2023 पर ओलंपिक डे रन का आयोजन उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के तत्वाधान में लखनऊ ओलंपिक संघ द्वारा किया जाएगा। लखनऊ ओलंपिक संघ के महासचिव डाणसैयद रफ्त ज़ुबैर रिजवी ने बताया कि हमारी कोशिश होगी कि इस इस आयोजन के जरिए लोगों को खेल को अपनाने और अच्छी सेहत बनाने के लिए प्रेरित किया जा सके। उन्होनें बताया कि इस बार ओलंपिक डे रन में बड़ी संख्या में साइकिलिस्ट भी हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि ओलंपिक डे रन.2023 की शुरुआत 23 जून को सुबह 6 बजे शहीद स्मारक से होगी। इसका समापन सुबह 7 बजे केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर होगा। इस दौरान सभी प्रतिभागियों को लखनऊ ओलंपिक संघ की ओर से प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

## आईओसी ने आईबीए की मान्यता रद्द की लेकिन पेरिस खेलों में मुक्केबाजी बरकरार

भाषा। जिनेवा

**अंतरराष्ट्रीय** ओलंपिक समिति (आईओसी) ने सलाह और दिशानिर्देशों की अनदेखी के कारण वर्षों से चले आ रहे विवाद के बाद गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (आईबीए) को ओलंपिक परिवार से बाहर कर दिया। मुक्केबाजी हालांकि 2024 पेरिस खेलों में ओलंपिक खेल के रूप में अपना दर्जा बरकरार रखेगी। आईओसी ने विशेष रूप से बुलाई गई बैठक में आईबीए की मान्यता रद्द करने के लिए मतदान किया। यह परिणाम तय था क्योंकि दो सप्ताह पहले आईओसी अध्यक्ष थॉमस बाक की अध्यक्षता वाले कार्यकारी बोर्ड ने इसकी सिफारिश की थी। मतदान में प्रस्ताव के पक्ष में 69 जबकि विरोध में एक वोट पड़ा। वोटिंग से 10 सदस्य अनुपस्थित रहे।बदलाव लाने के लिए बाध्य करने के प्रयास के तहत चार साल पहले आईओसी के आईबीए को निलंबित करने के बावजूद मुक्केबाजी पर कभी ओलंपिक से बाहर होने का खतरा नहीं था।

## एशियाई खेलों के लिए भारतीय वुशु टीम का चयन 23 और 24 जून को

**नई दिल्ली।** भारतीय वुशु संघ 19वे एशियाई खेलो के लिए चयन ट्रायल का आयोजन श्रीनगर मे 23 और 24 जून को करेगा। भारतीय वुशु संघ ने गुरुवार को यह जानकारी दी। श्रीनगर में अभी खिलाड़ियों का कोचिंग शिविर चल रहा है। छह जून को शुरू हुआ यह कोचिंग शिविर तीन अगस्त तक चलेगा। पहले चरण मे 45 खिलाड़ी शिविर में हिस्सा ले रहे है और दूसरे चरण मे 37 खिलाड़ी शिविर का हिस्सा होंगे। खेल मंत्रालय के निर्देशों के अनुसार चुने हुए खिलाड़ियों के नाम 30 जून से पहले भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) को भेजे जाने है। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने एशियाई खेलो के लिए भारतीय टीम की तैयारी के लिए दो महीने के राष्ट्रीय शिविर को स्वीकृति दी है। एशियाई खेल 25 सितंबर से आठ अक्टूबर तक चीन के हांगझोउ में होंगे। भारतीय वुशु संघ के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह बाजवा चयन समिति के अध्यक्ष है।

## बच्चों को योगा का लाभ बताया

**मुंबई।** बच्चों के मनोरंजन में अग्रणी, निकलओडियन ने पूरे देश के बच्चों के लिए बेजोड़, अभिनव और दिलचस्प अनुभव लेकर आता रहा है। बच्चों को प्रतिदिन योगा करने की प्रेरणा देने के लिए निकलओडियन ने एक बार फिर आयुष मंत्रालय के साथ साझेदारी की है। लगातार चौथे साल चल रही इस साझेदारी के अंतर्गत निकलओडियन के फ्लैगशिप अभियान - योगा से होगा - द्वारा योगा के विभिन्न फायदों के बारे में बताया जाता है। इस अभियान में मशहूर मोटू-पतलू,मैजिकटून रुद्रा, और शहर में नया एलियन, अभिमन्यु ने जबलपुर में आयोजित हुए देश के सबसे बड़े कार्यक्रम में स्वस्थ जीवनशैली के संदेश का प्रसार किया। इस कार्यक्रम में भारत के उपराष्ट्रपति - जगदीप धनकर, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री, शिवराज सिंह चौहान एवं अन्य गणमान्य लोगों ने योगासन करके अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया। निकटूंस ने अपनी अपार ऊर्जा और चुलबुली भावना के साथ 150,000 लोगों के साथ योगा करते हुए यहाँ मौजूद बच्चों के लिए इसे मजेदार और दिलचस्प बना दिया। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक विशेष वीडियो संदेश देकर यहाँ मौजूद लोगों को योगा के महत्व के बारे में बताया। निकटूंस ने मिलकर न केवल योगा के संदेश का प्रसार किया, बल्कि यहाँ उपस्थित लोगों को जागरुकता बनाकर इसके प्रति लगाव भी विकसित किया। लगातार चौथे साल निकलओडियन के साथ अपने सहयोग के बारे में श्रीमती कविता गर्ग, ज्वाईंट सेक्रेटरी, आयुष मंत्रालय ने कहा, कि आयुष मंत्रालय ने सदैव योगा को बढ़ावा देने वाले अभिनव कार्यक्रमों को सहयोग व प्रोत्साहन दिया है।